

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में तंबाकू के अभिशाप से खुद को रखिए सुरक्षित व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -119, पृष्ठ -16+4, मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 44.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 18 : 55

लखनऊ, रविवार, 26 मई 2024


रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा...16

# छठा चरण : उप्र की 14 लोकसभा सीटों पर 54.02 प्रतिशत मतदान

## अंबेडकरनगर में सबसे अधिक 61.54%, सबसे कम 48.94% फूलपुर सीट पर वोटिंग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर शाम छह बजे तक औसत 54.02 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 61.54 प्रतिशत मतदान अम्बेडकरनगर सीट पर व सबसे कम 48.94 प्रतिशत मतदान फूलपुर सीट पर हुआ। छिटपुट घटनाओं के बीच सभी सीटों पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। बलरामपुर की गैसड़ी विधानसभा सीट पर 51.10 प्रतिशत मतदान हुआ। फर्रुखाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत एक मतदान स्थल प्राथमिक विद्यालय खिरिया पमारान पर पुनर्मतदान 73.99 प्रतिशत हुआ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सुल्तानपुर में 55.50 प्रतिशत, प्रतापगढ़ में 51.60 प्रतिशत, इलाहाबाद में 51.75 प्रतिशत, श्रावस्ती में 52.76 प्रतिशत, डुमरियागंज में 51.94 प्रतिशत, बस्ती में 56.67 प्रतिशत, संत कबीरनगर में 52.63 प्रतिशत, लालगंज (अजा) में 54.14 प्रतिशत, आजमगढ़ में 56.07 प्रतिशत, जौनपुर में 55.52 प्रतिशत, मछलीशहर (अजा) में 54.43 प्रतिशत व भदोही सीट पर 53.07 प्रतिशत मतदान हुआ।



प्रतापगढ़ में प्राथमिक विद्यालय कटरा मेदनीगंज में लगी मतदाताओं की लाइन।

### कई स्थानों पर खराब हुई ईवीएम

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान के दौरान कई मतदान केंद्रों पर ईवीएम खराब होने की शिकायत मिली। जहां कहीं भी शिकायत प्राप्त हुई हैं, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए ईवीएम व वीवीपैट को बदलने की कार्रवाई की गई। मॉक पोल के दौरान कुल 191 बैलेट यूनिट, 251 कंट्रोल यूनिट व 291 वीवीपैट बदले गये। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक कुल 72 बैलेट यूनिट, 62 कंट्रोल यूनिट व 215 वीवीपैट बदले गये। विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र गैंसड़ी में मॉकपोल के दौरान दो बैलेट यूनिट, 10 कंट्रोल यूनिट व आठ वीवीपैट बदले गए। मतदान शुरू होने के बाद शाम छह बजे तक एक बैलेट यूनिट, एक कंट्रोल यूनिट व चार वीवीपैट बदले गए।

### 14,480 मतदेय स्थलों पर हुई वेबकास्टिंग

मतदान की प्रक्रिया के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए 14,480 मतदेय स्थलों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई, इसके अलावा 5057 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई।

### देशभर में 58 सीटों पर 59 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

**अनंतनाग-राजौरी में बना 35 वर्ष का रिकॉर्ड**

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी और प. बंगाल में कुछ केन्द्रों पर छिटपुट झड़प के बीच लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों की 58 सीटों पर शनिवार को शाम पांच बजे तक 59.01 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह सात से शाम छह बजे तक चले मतदान में प. बंगाल में सर्वाधिक 78.19% जबकि उत्तर प्रदेश में 54.03% मतदान हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, विदेश मंत्री एस जयशंकर, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल और कई लोगों ने वोट डाले। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट पर 52.28% मतदान हुआ जो 35 वर्ष का रिकॉर्ड है। इससे पहले श्रीनगर और बारामूला सीट पर भी रिकॉर्ड मतदान हुआ था।

### मेनका गांधी समेत कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में कैद

छठे चरण में सुल्तानपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी पूर्व मंत्री मेनका गांधी, प्रतापगढ़ सीट पर भाजपा से सांसद संगम लाल गुप्ता, इलाहाबाद से कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह, डुमरियागंज सीट पर भाजपा से पूर्व मंत्री जगदंबिका पाल, बस्ती से सपा से पूर्व मंत्री राम प्रसाद चौधरी, आजमगढ़ से भाजपा से दिनेश लाल निरहुआ, सपा से धर्मेन्द्र यादव व अंबेडकरनगर से सपा से पूर्व मंत्री लालजी वर्मा आदि का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।

# रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की गला घोंटकर हत्या

- बाथरूम से सटे चेंजिंग रूम के फर्श पर पड़ा मिला शव कर्मचारियों से हो रही पूछताछ
- इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह हुई वारदात, घटना के खुलासे को लगाई गईं 4 टीमें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवेंद्र नाथ दुबे की दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) की दिनदहाड़े गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उनका शव कमरे से अटैच बाथरूम के पास बने चेंजिंग रूम में फर्श पर पड़ा मिला। हत्यारे घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी उखाड़कर ले गए।

पुलिस घर के नौकर, चालक व कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है। पास के सीसीटीवी फुटेज में दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। जो पिछले तीन दिनों से कालोनी के चक्कर लगा रहे थे। खुलासे के लिए पुलिस की चार टीमें लगाई गई हैं। मंडलायुक्त के पद से वर्ष 2009 में सेवानिवृत्त मूलतः कन्नौज निवासी देवेंद्र नाथ दुबे इंदिरानगर सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में पहली मंजिल पर रहते हैं। दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे उन्हीं के साथ रहती थीं। मकान के भूतल पर किराएदार रहता था। जो पिछले सप्ताह मकान छोड़कर अन्यत्र चला गया था। देवेंद्र नाथ की पहली पत्नी मीना से दो बेटे प्रांजल और प्रतीक हैं। बड़ा बेटा प्रांजल नोएडा में रहता है, जबकी छोटा बेटा प्रतीक राजधानी के महानगर में परिवार के साथ रहता है। शनिवार सुबह 7 बजे देवेंद्र नाथ रोज की तरह गोल्फ खेलने के लिए निकल गए। 10 बजे के करीब लौटे तो मेन गेट और अंदर का चैनल खुला था। जब वह अंदर पहुंचे तो कमरे के साथ बने बाथरूम के चेंजिंग रूम में मोहिनी का शव पड़ा था। उनके सिर के पास फर्श पर खून फैला था, पास में उनका दुपट्टा पड़ा था।

### दुपट्टे से गला घोंटा, सिर पर चोट के निशान

देवेंद्रनाथ की सूचना पर पहुंचे एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल ने बताया कि मोहिनी के गले में कसाव के निशान थे। सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था। उनका दुपट्टा पास में पड़ा था। देर शाम को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने से मौत की पुष्टि हुई। रिपोर्ट में आशंका जताई गई कि सिर पर वार किया गया जिससे गंभीर चोट लगी। पुलिस के मुताबिक गला घोंटने के दौरान खींचतान में मोहिनी गिर गईं और सिर में चोट लगी होगी।

### सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच हुई वारदात

पुलिस की जांच में वारदात सुबह 7.15 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही। एसीपी गाजीपुर के मुताबिक आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए हैं। पूर्व आईएएस अफसर के दो चालक, माली और चार नौकरों से पूछताछ की जा रही है।

# भीषण गर्मी के चलते देश में बढ़ी बिजली की मांग

**टूट सकता है रिकॉर्ड**

- शुक्रवार को अधिकतम आपूर्ति 240 गीगावाट पर पहुंचीं

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में बिजली मांग शुक्रवार को चालू सत्र की नई ऊंचाई 239.96 गीगावाट पर पहुंच गई। देश के विभिन्न हिस्सों में पारे के बढ़ते स्तर के कारण एयर कंडीशनर (एसी) और कूलर जैसे उपकरणों के अत्यधिक उपयोग के कारण बिजली की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची है।



बिजली की अधिकतम मांग या दिन में सबसे अधिक आपूर्ति शुक्रवार को 239.96 गीगावाट दर्ज की गई, जो इस साल गर्मी के मौसम में अब तक की अधिकतम है। बिजली मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को यह 236.59 गीगावाट थी, जबकि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 235.06 गीगावाट थी। बिजली की मांग का सर्वकालिक उच्च स्तर 243.27 गीगावाट सितंबर, 2023 में दर्ज किया गया था। इस गर्मी के मौसम में यह रिकॉर्ड टूट सकता है।

# छत्तीसगढ़ की बारूद फैक्ट्री में विस्फोट, एक की मौत

- छह लोग घायल, कई के मलबे में फंसे होने की आशंका

बेमेतरा, एजेंसी

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में शनिवार को बारूद फैक्ट्री में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि छह घायल हुए हैं। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकासखंड के पिरदा गांव के पास स्पेशल ब्लास्ट्स लिमिटेड नामक फैक्ट्री में हुआ। रायपुर के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर अस्पताल की जनसंपर्क अधिकारी शुभ्रा सिंह ने बताया कि छह लोगों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया, जिनमें से दो घायलों को एम्स रायपुर ले जाया गया। विस्फोट स्थल का दौरा करने वाले राज्य के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए गए हैं।

साव ने कहा कि मलबे में कुछ लोग फंसे हो सकते हैं, मलबा हटने के बाद मृतकों की संख्या स्पष्ट हो पाएगी। कुछ प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विस्फोट के समय फैक्ट्री में करीब 100 लोग काम कर रहे थे।

# हाईकोर्ट का जज बताकर जिला जज से 50 हजार ठगे

- महाराष्ट्र में साइबर जालसाज का कारनामा

**मुंबई।** महाराष्ट्र में साइबर जालसाज ने खुद को हाईकोर्ट का जज बताकर सोलापुर के जिला न्यायाधीश से 50 हजार रुपये ठग लिए। पुलिस ने शनिवार को बताया कि साइबर जालसाज ने बम्बई हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश की तस्वीर को व्हाट्सएप डिस्प्ले पिक्चर (डीपी) के रूप में प्रयोग किया था। मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की। शिकायत के अनुसार जिला जज को शुक्रवार को एक फोन नंबर से व्हाट्सएप पर संदेश मिला था, जिसमें डीपी पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश की तस्वीर लगी थी। जिला जज हाईकोर्ट के जज से परिचित थे और संदेश भेजने वाले ने 50 हजार रुपये मांगे थे और वह शाम तक वापस करने को कहा था। बिना कुछ पड़ताल किए जिला जज ने पैसा भेज दिया, लेकिन उन्हें एक और संदेश मिला, जिसमें उनसे और पैसे मांगे गए थे। इस पर जिला जज को संदेह हुआ।

# वंचितों का जो अधिकार मोदी उसका चौकीदार

ब्यूरो/एजेंसी, लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन में जितनी पार्टियां हैं उनमें कुछ अवगुण समान हैं। ये घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। इन्होंने बाबा साहब का अपमान किया, रामनाथ कोविंद का अपमान किया, एक आदीवासी महिला राष्ट्रपति का अपमान किया। महाराज सुहेलदेव को इन्होंने कभी सम्मान नहीं दिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, ये लोग दलितों का आरक्षण छीन कर उसे मुस्लिमों को देने का षडयंत्र कर रहे हैं। कर्नाटक में उन्होंने रातों रात मुसलमानों को ओबीसी बना दिया। बंगाल में इनका बहुत बड़ा षडयंत्र खुल गया है। पूरा इंडी गठबंधन आरक्षण की लूट में शामिल है। मोदी इनसे लड़ाई लड़ रहा है। जबतक मोदी जिंदा है एससी, एसटी ओबीसी का आरक्षण किसी हालत में छीनने नहीं देगा। यह भी जोड़ा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। प्रधानमंत्री शनिवार को गाजीपुर के आरटीआई मैदान में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा है कि उप्र. सरकार में आज दंगे भी बंद हो चुके हैं और दंगाई भी। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि सपा सरकार के समय माफिया खुली जीप में बैठकर कानून को खुलेआम चुनौती देते थे, हर महीने दो से तीन दंगे हुआ करते थे। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत मां कामाख्या और महाहर धाम को प्रणाम करते हुए कहा कि बनारस वालों के लिए गाजीपुर आना ऐसे ही है जैसे बगल के मोहल्ले में आ गए हों। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन तुष्टिकरण में हर हद पार कर रहा है।



- प्रधानमंत्री मोदी ने गाजीपुर लोस सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# गूगल मैप के सहारे चला रहे थे कार नदी में जा गिरे

- कार में सवार थे चार मेडिकल छात्र, पुलिस ने निकाला

**कोट्टायम।** तेलंगाना से केरल जा रहा वाहन शनिवार तड़के गूगल मैप नेविगेशन एप के माध्यम से गलत दिशा में जाने के कारण कुरुप्पनथारा पियर पुल पार करते समय नदी में गिर गया। वाहन में एक छात्रा सहित मेडिकल के चार छात्र थे, जिनको बचा लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक घटना करीब तीन बजे उस समय हुई जब हैदराबाद से आए पर्यटक गूगल मैप नेविगेशन के निर्देशों का पालन करते हुए मुन्नार पर्यटन गंतव्य केंद्र से अलाप्पुझा की ओर बढ़ रहे थे। कुरुप्पनथारा पियर ब्रिज पार करते वक्त उनका वाहन नदी में जा गिरा। पुलिस ने बताया कि पुल से पहले दो सड़कें हैं, एक नदी के साथ जाती है और दूसरी कम्बम-चेरथला होते हुए अलाप्पुझा की ओर जाती है, लेकिन गूगल एप के बाईं ओर मुड़ने के निर्देश पर वाहन नदी में गिर गया। इस दौरान एक छात्र पीछे की खिड़की से निकलने में सफल रहा और उसने स्थानीय लोगों के साथ पुलिस को सूचना दी।

**कुदरत** | मैगलगंज से 16 किमी दूर गांव धोबिया में स्थित है तपोवन सिद्धाश्रम

# गोमती को जीवन दे रहे तपोवन के प्राकृतिक जलस्रोत

विकास शुक्ल, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : आम तौर पर मैदानी इलाके में प्राकृतिक जल स्रोत होने की कल्पना नहीं की जा सकती, लेकिन खीरी जनपद की सीमा पर हरदोई जिले में स्थित पिहानी अंतर्गत ग्राम पंचायत धोबिया के तपोवन सिद्धाश्रम में एक-दो नहीं, दर्जनों प्राकृतिक जलस्रोत न सिर्फ यहां की रमणीयता को बढ़ाते हैं बल्कि पास से निकली गोमती नदी को जीवनदान दे रहे हैं। गुलाब जामुन के लिए मशहूर कस्बा मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर दक्षिण दिशा में स्थित बियाबान जंगल में यह आश्रम स्थित है। आश्रम को सिद्ध पुरुष स्वामी तारेश्वरानंद (नेपाली बाबा) ने बनाया था। वर्तमान में उनके शिष्य स्वामी नारायणानंद यहां के महंत हैं, जिनकी देखरेख में मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है।



तपोवन सिद्धाश्रम में स्थित प्राकृतिक जलस्रोत में मस्ती करते युवा और बच्चे।

महंत के बुलावे पर वर्ष 2018 में यहां आए तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने अनेक जलस्रोत देखे तो बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने सबसे बड़े जल स्रोत के सौंदर्यीकरण और उसे पर्यटन के लिहाज से बनाने के लिए अभियंताओं की टीम बनाई। उनके प्रयास से 17 अगस्त 2019 में प्राकृतिक जलस्रोत का सौंदर्यीकरण हो गया, जिसका उन्होंने लोकार्पण किया। प्राकृतिक जलस्रोत के चारो ओर सजावटी पत्थर लगाकर आकर्षक कुंड बनवा दिए। जलस्रोत के कुंड को अलग कर दिया ताकि उसे नुकसान न पहुंचे। पुलकित खरे ने तपोवन के सिद्ध आश्रम में क्षीर सागर, शांति कुटी, पर्यटन विश्राम स्थल, सत्संग स्थल सहित कई मूर्तियों और बैठने के लिए बेंच बनवाए।

### तपोवन का कोई विकल्प नहीं : सीतापुरी



चपरतला खीरी की स्वयंसेवी संस्था सेवा सदन की ओर से सुशील सीतापुरी के संयोजन में 'मैं तुम्हारी गोमती हूं अभियान' की शुरुआत दिसंबर 2019 से की गई। अभियान का उद्देश्य गोमती की सांस्कृतिक विरासत का सर्वेक्षण और संकलन करना है। उनका निष्कर्ष है कि धोबिया के प्राकृतिक जल स्रोत ही गोमती के लिए 'वरदान' हैं। प्राकृतिक जल स्रोतों के मामले में तपोवन (धोबिया) का कोई विकल्प नहीं है।




**आज का मुकाबला**

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
सनराइजर्स हैदराबाद
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 14 | 24 |
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 13 | 20 |
| वरुण (कोलकाता) | 14 | 20 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 15 | 741 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 14 | 583 |
| रियान पराग (राजस्थान) | 15 | 567 |

### सर्फिंग खिलाड़ी 31 से करेंगे प्रतिस्पर्धा

**मंगलुरु।** रमेश बुद्धिहाल और हरीश एम जैसे देश के शीर्ष सर्फिंग खिलाड़ी 31 मई से दो जून तक यहां इंडियन ओपन के पांचवें सत्र में प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय सर्फिंग महासंघ ने शनिवार को यह घोषणा की।

# कौन उठाएगा आईपीएल की ट्रॉफी, फैसला आज

चेन्नई, एजेंसी



एक तरफ क्रिकेट के कुशल रणनीतिकार गौतम गंभीर के कोलकाता नाइट राइडर्स और दूसरी तरफ आक्रामक बल्लेबाजी की नयी परिभाषा गढ़ने वाले पैट कमिंस के सनराइजर्स हैदराबाद। इंडियन प्रीमियर लीग में इस सत्र का सरताज बनने के लिए आखिरी तिलिस्म पर दोनों बेहतरीन टीमों के बीच रविवार को खिताबी मुकाबले में दर्शकों के लिए रोमांचक क्रिकेट की गारंटी रहेगी। दोनों टीमों की टक्कर पहले क्वालीफायर में हुई थी जिसमें केकेआर ने सनराइजर्स को उम्दा गेंदबाजी के दम पर हराया था।

आम तौर पर खेल में मुकाबले कप्तानों और उनकी टीमों के बीच होते हैं लेकिन यह आईपीएल फाइनल दीगर है। इसमें एक तरफ कोरबो, लोड़बो, जीतबो की सोच रखने वाले गंभीर का दिमाग है तो दूसरी तरफ एक ऐसा ऑस्ट्रेलियाई कप्तान है जिसने टीम को विजेताओं वाले तेवर दिए हैं। केकेआर के कप्तान के रूप में दूसरा आईपीएल फाइनल खेलने जा रहे श्रेयस अय्यर इस महामुकाबले में सहायक भूमिका में नजर आ रहे हैं। एक दशक पहले किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि कमिंस छह महीने के भीतर वनडे विश्व कप, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एशेज जीतने वाले कप्तान बनेंगे। केकेआर ने पिछली बार चेन्नई में 2012 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल खेला था जिसमें बतौर कप्तान गंभीर ने खिताबी जीत दर्ज की थी।

गंभीर की कप्तानी में केकेआर ने फिर 2014 में खिताब जीता और अब वह बतौर मेंटोर भी इसी टीम को खिताब दिलाने की दहलीज पर हैं। वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के सबसे प्रबल दावेदार भी है और आईपीएल खिताब से उनका दावा और पुख्ता होगा। टीमों की तुलना करें तो केकेआर के पास सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह, श्रेयस और वेंकटेश अय्यर जैसे मैच विनर के साथ नीतिश और हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती जैसा स्पिनर है। दूसरी तरफ सनराइजर्स के लिए घरेलू क्रिकेटर अभिषेक शर्मा और नीतिश रेड्डी के अलावा भुवनेश्वर कुमार, टी नटराजन और जयदेव उनादकट ने अच्छा प्रदर्शन किया है। सनराइजर्स के स्पिनरों अभिषेक और शाहबाज अहमद ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया। बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और हेनरिच क्लासेन के अलावा अभिषेक, राहुल त्रिपाठी और रेड्डी को रन बनाने होंगे।

### हमारे तरीके में बदलाव नहीं होगा : हेलमोट

**चेन्नई।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि पैट कमिंस की कुशल कप्तानी के दम पर उनकी टीम आईपीएल फाइनल में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को तैयार है। दूसरे क्वालीफायर में राजस्थान रॉयल्स को 36 रन से हराने के बाद हेलमोट ने कहा कि टीम की शैली में केकेआर के खिलाफ कोई बदलाव नहीं होगा। उन्होंने कहा हम अपनी शैली पर अडिग रहेंगे। हमने पूरे सत्र में ऐसे ही खेला है और इसी के दम पर फाइनल में हैं। फाइनल में भी हम ऐसे ही खेलेंगे। मुझे गर्व है कि दबाव के हालात में भी टीम ने अपना स्वाभाविक खेल नहीं छोड़ा। उन्होंने पैट कमिंस की निर्णय लेने की क्षमता और मुख्य कोच डेनियल विटोरी के साथ संबंधों की तारीफ की। उन्होंने सही समय पर सही फैसले लिए। वह भांप गए थे कि स्पिनर कब उपयोगी साबित होंगे।

## खिताबी भिड़ंत में कोलकाता नाइट राइडर्स प्रबल दावेदार

चेन्नई, एजेंसी





क्रिकेट विशेषज्ञ मैथ्यू हेडन और केविन पीटरसन का मानना है कि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) रविवार को होने वाली आईपीएल की खिताबी भिड़ंत में अपने बेहतरीन स्पिन आक्रमण और अपने प्रतिद्वंद्वी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ अच्छे रिकॉर्ड की बदौलत खिताब जीतने के लिए बेहतर स्थिति में है।

हेडन ने कहा मुझे पूरा भरोसा है कि केकेआर यहां जीतेगी क्योंकि उसे कुछ दिन का आराम मिल गया है। सनराइजर्स हैदराबाद की मजबूती और कमजोरी को जानने से उसे मदद मिलेगी। केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को हराया है और टीम अच्छी लय में है। मुझे यह भी लगता है कि सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती की स्पिन जोड़ी लाल मिट्टी पर अंतर पैदा करेगी।

इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन का भी मानना है कि केकेआर इस दफा आईपीएल खिताब जीतने की प्रबल दावेदार है। मुझे अहमदाबाद में हुए मैच में सनराइजर्स की हार का तरीका पसंद नहीं आया और मुझे लगता है कि रविवार को मैच के दौरान वे बैकफुट में होंगे। टॉस अहम भूमिका अदा करेगा लेकिन केकेआर काफी सकारात्मक मानसिकता से खेल रही है जिससे वह निश्चित रूप से सनराइजर्स हैदराबाद पर भारी रहेगी। आपको ओस की संभावना पर भी विचार करना होगा और अगर यह नहीं गिरती है तो इसके लिए भी तैयार रहना होगा।

# खिताब से एक कदम दूर सिंधू

## बुसानन को हराकर पहुंची मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में, वांग झांग यी से होगा मुकाबला

कुआलालंपुर, एजेंसी

- चोट से वापसी करने के बाद से आक्रामक खेल रही हैं पीवी सिंधू
- बुसानन के खिलाफ अब तक 19 मैचों में से यह 18वीं जीत


दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने शनिवार को थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ पिछड़ने के बाद शानदार जीत दर्ज करते हुए 4,20,000 डॉलर (लगभग 3.49 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन के फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

पिछले दो साल से एक भी खिताब जीतने में नाकाम रही पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 88 मिनट तक चले मैराथन मुकाबले में दुनिया की 20वें नंबर की बुसानन के खिलाफ 13-21, 21-16, 21-12 से जीत हासिल की। सिंधू ने इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन को अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। यह बुसानन पर 19 मैचों में उनकी 18वीं जीत थी। बुसानन ने सिंधू को सिर्फ एक बार 2019 हांगकांग ओपन में शिकस्त दी है। विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू के सामने फाइनल में चीन की दूसरी वरीयता प्राप्त वांग झांग यी की चुनौती होगी। विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज झांग के खिलाफ तीन मैचों में सिंधू ने दो जीत दर्ज की है। पिछले दो ओलंपिक में क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीतने वाली सिंधू का पेरिस ओलंपिक से पहले लय में वापसी करना भारतीय खेलों के लिए अच्छी खबर है। इस सत्र की शुरुआत में घुटने की चोट से वापसी करने के बाद से उन्होंने पिछले कुछ टूर्नामेंटों में आक्रामक खेल दिखाया है। पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। वह अगर रविवार को खिताब जीतने में सफल रही तो ओलंपिक से पहले उनका हौसला काफी बढ़ेगा।

बुसानन के खिलाफ अपने एकतरफा रिकॉर्ड के बावजूद सिंधू के लिए यह एक कठिन मुकाबला साबित हुआ। वह पहले गेम में थाईलैंड की खिलाड़ी के दबदबे को कम नहीं कर सकी। दोनों खिलाड़ियों के बीच शुरुआती गेम में कई लंबी रेलियां देखने को मिली जिसमें बुसानन ने सिंधू के शॉट पर अच्छा बचाव करने के साथ कुछ शानदार स्मैश लगा कर 8-6 की बढ़त बना ली। सिंधू ने इस दौरान बैकलाइन के आकलन में गलती कर दो अंक गंवाए जिससे ब्रेक के समय थाईलैंड की खिलाड़ी ने अपनी बढ़त को पहले 15-9 और फिर 17-10 के साथ मजबूत करने में सफल रही।

बुसानन ने दूसरे गेम में भी 6-4 की बढ़त के साथ अच्छी शुरुआत की। सिंधू ने इसके बाद शानदार स्मैश से 8-7 की बढ़त बनाई। इसके बाद सिंधू 18-14 की बढ़त बनाने के बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल कर इसे आसानी से भुनाने में सफल रही। दूसरे गेम में पिछड़ने के बाद बुसानन पर दबाव हावी हो गया और निर्णायक गेम में वह लगातार गलतियां करती रही। सिंधू ने आसानी 4-1 की बढ़त बनाने के बाद 17-10 किया और शानदार जीत दर्ज की।



### बारिश की भेंट चढ़ा कोलकाता नाइट राइडर्स का आखिरी अभ्यास सत्र

**चेन्नई।** तेज बारिश के कारण रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबले से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के अंतिम अभ्यास सत्र में बाधा उत्पन्न हुई। सनराइजर्स ने शुक्रवार को दूसरे क्वालीफायर मैच में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। टीम ने शनिवार को अभ्यास सत्र आयोजित नहीं करने का फैसला किया था। केकेआर की टीम को शाम में अभ्यास करना था लेकिन फुटबॉल के साथ वार्मअप कर रहे थे तभी बारिश होने लगी। इस दौरान मैदानकर्मियों ने फाइनल में इस्तेमाल होने वाले जल्दी से चौथी पिच को ढक दिया।

### बेहतर महसूस कर रहा हूं, शायद यह अंतिम फ्रेंच ओपन न हो : नडाल

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल अभ्यास में अच्छा महसूस कर रहे हैं, फ्रेंच ओपन में खेलने को तैयार हैं और उनका कहना है कि यह शायद उनका रोलां गैरो में अंतिम सत्र नहीं होगा। तीन जून को 38 साल के होने वाले नडाल ने बयान दिया था कि 2024 फ्रेंच ओपन उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम हो सकता है जिससे दर्शकों से लेकर मीडिया तक सभी को यही लग रहा है कि रोलां गैरों उनका विदाई टूर्नामेंट रहेगा। नडाल ने कहा ऐसा मत मानिए। यह मेरा अंतिम रोलां गैरो होगा, लेकिन अगर मैं शत प्रतिशत बता दूंगा कि यह मेरा अंतिम फ्रेंच ओपन होगा, तो माफ कीजिए, मैं ऐसा नहीं करूंगा क्योंकि आगे क्या होने वाला है, मैं उसकी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।

## खेल डायरी

### निकोलोव को हराकर दूसरे दौर में पहुंचे अभिमन्यु




**बैंकॉक।** राष्ट्रीय चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता अभिमन्यु लौरा ने शानदार जज्बा दिखाते हुए शनिवार को पेरिस ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर के 80 किग्रा वर्ग के पहले दौर में बुल्गारिया के क्रिस्टियन निकोलोव पर जीत दर्ज की। अभिमन्यु ने धीमी शुरुआत की जिससे बुल्गारिया के 10 बार के राष्ट्रीय चैंपियन निकोलोव ने पहले राउंड में दबदबा बना लिया, लेकिन भारतीय मुक्केबाज ने तेजी से रणनीति बदली और दूसरे राउंड में आक्रामक हो गए जिससे पांच में से चार जजों ने उनके हक में अंक दिए। इस भारतीय ने तीसरे और अंतिम राउंड में तेजी से मुक्के जड़ना जारी रखते हुए 3-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे भारतीय दल के दो मुकाबलों में यह दूसरी जीत रही।

### सेंथिल कुमार, अभय क्यूएसएफ 3 स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में हारे

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियन वेलावान सेंथिल कुमार ने दोहा में पीएसए विश्व टूर ब्रांज टूर्नामेंट क्यूएसएफ 3 में शीर्ष वरीयता प्राप्त दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मिस्र के तारिक मोमिन के खिलाफ काफी संघर्ष किया लेकिन जीत नहीं सके। दुनिया के 55वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार को मोमिन ने 11-9, 8-11, 11-4, 11-8 से हराया। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारत के अभय सिंह को मलेशिया के इयेन योउ एंग ने 11-6, 11-9, 11-4 से हराया।

### पीजीए गोल्फ : कट में प्रवेश करेंगे अर्जुन अटवाल, जीव चूके

**बेंटन हार्बर (मिशिगन)।** भारत के अर्जुन अटवाल ने किचन एड सीनियर पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप में दूसरे दौर में डबल बोगी के बावजूद चार ओवर 75 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश लगभग सुनिश्चित कर लिया। वहीं जीव मिल्खा सिंह पहले दौर में 69 के बाद 79 स्कोर ही कर सके। वह कट में प्रवेश से चूक जाएंगे। इंग्लैंड के रिचर्ड ब्लांड ने पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ एक शॉट की बढ़त बना ली है। चैंपियंस टूर विजेता स्कॉट डनलप दूसरे स्थान पर हैं।

### बेदब्रत भराली ने विश्व युवा भारोत्तोलन में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** असम के युवा भारोत्तोलक बेदब्रत भराली ने पेरू के लीमा में चल रही आईडब्ल्यूएफ विश्व युवा चैंपियनशिप में पुरूषों के 73 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। सत्रह बरस के भराली ने 296 किलो (स्नैच में 136 और क्लीन एंड जर्क में 160 किलो) वजन उठाया। अमेरिका के रियान मैकडोनाल्ड 284 किलो वजन उठाकर दूसरे और यूक्रेन के सेरही कोतेलेवस्की 283 किलो वजन उठाकर तीसरे स्थान पर रहे। भराली ने पिछले साल 67 किलोवर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया था। साइराज परदेशी ने पुरूषों के 81 किलो वर्ग में स्नैच में 135 किलो वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। वह समग्र श्रेणी में एक किलो से पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे।

### एरिक ने की भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम की हौसलाअफजाई

**बेंगलुरू।** भारत में अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने शनिवार को भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मुलाकात की। यहां एक आधिकारिक दौरे पर आए गार्सेटी ने एक्स पर चिन्नास्वामी स्टेडियम पर भारतीय नेत्रहीन टीम के साथ तस्वीरें पोस्ट की। उन्होंने लिखा मैं मंत्रमुग्ध हूं। नेत्रहीन क्रिकेट टीम से मिलकर बहुत अच्छा लगा। वे टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका में नेत्रहीन क्रिकेट को बढ़ावा देने की कोशिश करेंगे। उनके स्वागत का इंतजार रहेगा। शुक्रिया भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ और जीके महंतेश, चिन्नास्वामी स्टेडियम पर इस शानदार आयोजन के लिए। गार्सेटी ने शुक्रवार को इसरो मुख्यालय का दौरा करके इसके अध्यक्ष एस सोमनाथ से मुलाकात की।

### जबरा लेडीज ओपन में संयुक्त 26वें स्थान पर दीक्षा डागर

**एवियन लेबेंस (फ्रांस)।** भारत की दीक्षा डागर वर्षाबाधित जबरा लेडीज ओपन गोल्फ में संयुक्त 26वें स्थान पर हैं और कट में प्रवेश करने वाली अकेली भारतीय हो सकती हैं। दीक्षा ने पहले दौर में एक ओवर 72 स्कोर किया था और दूसरे दौर में अभी तक दो ओवर स्कोर रहा। खराब मौसम के कारण खेल रोके जाने के समय वह फिलहाल संयुक्त 26वें स्थान पर है। कट पांच ओवर या छह ओवर पर मिलेगा। वहीं, भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने फर्स्ट नाइन में लगातार चार बर्डी लगाकर सोउडाल ओपन में आसानी से कट में प्रवेश कर लिया। दो बार के डीपी विश्व टूर चैम्पियन शर्मा ने पहले दौर में 69 और दूसरे में 67 स्कोर किया। वह संयुक्त 23वें स्थान पर है।

### टी-20 विश्वकप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

**कराची।** पाकिस्तान ने टी-20 पुरुष विश्वकप के लिए बाबर आजम की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा यह बेहद प्रतिभाशाली और संतुलित टीम है जिसमें युवा और अनुभव का मिश्रण है। ये खिलाड़ी पिछले कुछ समय से एक साथ खेल रहे हैं और अगले महीने के आयोजन के लिए अच्छी तरह से तैयार और व्यवस्थित दिख रहे हैं। हैरिस रऊफ पूरी तरह से फिट हैं और नेट्स पर अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। पाकिस्तान की टीम इस समय विश्वकप की तैयारी के मद्देनजर इंग्लैंड के साथ द्विपक्षीय शृंखला खेल रहा है, द्विपक्षीय शृंखला के लिए टीम के अधिकांश खिलाड़ी टी-20 विश्वकप के लिए कैरेबियाई और अमेरिका जाने वाले हैं। पाकिस्तान को ग्रुप ए में भारत, आयरलैंड, कनाडा और सह-मेजबान अमेरिका के साथ रखा है। पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला छह जून को डलास में अमेरिका के खिलाफ खेलेंगे। टीम में बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिजवान, नसीम शाह, सईम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान को रखा गया है।

## भारतीय जूनियर महिला टीम ने शूटआउट में बेल्जियम को हराया

एंटवर्प, एजेंसी

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोपीय दौरे पर शनिवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम को शूटआउट में 4-2 से हराया। निर्धारित समय में स्कोर 2-2 से बराबर होने के बाद हुए शूटआउट में भारतीय जूनियर महिला टीम ने 4-2 से जीत दर्ज की। भारत की ओर कनिका सिवाच ने दो गोल दागे।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने पहले क्वार्टर में तेजी से अपनी फॉर्म हासिल करते हुए खुद को मजबूत किया। भारत को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे कनिका सिवाच गोल में तब्दील कर बढ़त बनाई। इसके तुरंत बाद कनिका ने उसी क्वार्टर में अपना दूसरा गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर और हाफटाइम तक भारत ने अपनी मजबूत स्थिति को बनाये रखा। बेल्जियम को तीसरे क्वार्टर में मौके मिले लेकिन भारतीय रक्षात्मक पंक्ति ने विफल कर दिया। अंतिम क्वार्टर में बेल्जियम ने लगातार दो गोल करते हुए स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद हुए शूटआउट में भारत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4-2 से मुकाबला जीत लिया। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम का अगला मैच 26 मई को होगा।

# भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने जीता स्वर्ण

येचियोन (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी की भारतीय तिकड़ी ने तीरंदाजी विश्व कप में महिला कंपाउंड वर्ग में लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता जबकि मिश्रित टीम को रजत पदक मिला। दुनिया की नंबर एक भारतीय टीम ने तुर्की की हेजल बुरून, एइसे बेरा सुजेर और बेगम की टीम को 232-226 से हराकर एक भी सेट गंवाए बिना पहला स्थान हासिल किया।

एशियाई खेल चैंपियन ज्योति हालांकि दूसरा स्वर्ण नहीं जीत सकी और प्रियांश के साथ कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अमेरिका की ओलिविया डीन और सायेर सुलिवान की जोड़ी से 155-153 से हार गई। ज्योति, परनीत और विश्व चैंपियन अदिति ने विश्व कप स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। कंपाउंड महिला टीम फाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम ने पहले दौर में सेंटर के पास तीन एक्स के साथ आगाज किया। दुनिया की शीर्ष दो टीमों के बीच मुकाबले में अमेरिका ने कंपाउंड मिश्रित टीम वर्ग में शानदार वापसी करके स्वर्ण जीता। ज्योति और प्रियांश ने परफेक्ट 40 स्कोर करके मुकाबले को शूटआफ में खींचा लेकिन उसमें उनके 38 अंक के मुकाबले अमेरिकी टीम ने 39 स्कोर किया। कंपाउंड वर्ग में प्रथमेश फुगे कांस्य पदक के प्लेआफ में नीदरलैंड के माइक शोलेसर से शूटआफ में हार गए।



स्वर्ण पदक के साथ ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी।

## बॉलीवुड हलचल



### खुद एक्शन करेंगे सलमान

**मुंबई।** बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म सिकंदर के एक्शन सीक्वेंस खुद करेंगे। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। इस फिल्म में सलमान के साथ रश्मिका मंदाना नजर आयेंगी। सलमान खान फिल्म सिकंदर की तैयारी में जुट गए हैं। एक बार फिर एक्शन दिखाने के लिए उन्होंने कड़ी तैयारी की है। इसकी शूटिंग की तैयारी शुरू हो गई है। प्री-प्रोडक्शन का काम पिछले हफ्ते शुरू हो गया है। पहले शेड्यूल की शूटिंग मुंबई में शुरू होने जा रही है। सलमान खान एक्शन सीक्वेंस करने के लिए जमकर एक्सरसाइज कर रहे हैं। वह खुद से ही एक्शन करना चाहते हैं और इसी चीज को ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपना वर्किंग रूटीन भी बदल दिया है।

### दे दे प्यार दे के सीक्वल में दिखेंगे अजय-माधवन

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन की जोड़ी फिल्म दे दे प्यार दे के सीक्वल में नजर आ सकती है। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म शैतान में अजय देवगन लीड रोल में थे, वहीं आर माधवन ने शैतान का रोल प्ले किया था। दोनों के बीच हुई जंग को फैन्स ने बहुत पसंद किया। अजय देवगन और आर माधवन अब फिर साथ आ रहे हैं। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे का सीक्वल आ रहा है। इस फिल्म में वह रकुल प्रीत संग एक बार फिर से अपनी ऑनस्क्रीन केमिस्ट्री को आगे बढ़ाते नजर आएंगे। इस फिल्म में जहां एक तरफ अजय देवगन का लीड रोल होगा वहीं अब फिल्म में आर माधवन की भी एंट्री हो रही है। उनका किरदार अहम होने वाला है। 2018 में प्रदर्शित फिल्म दे दे प्यार दे में अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह के अलावा तब्बू भी लीड रोल में थीं। यह फिल्म सुपरहिट रही थी। अब छह साल बाद इसका सीक्वल बन रहा है।

# पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिमरन ने दिलाया छठा स्वर्ण

कोबे (जापान), एजेंसी

सिमरन शर्मा ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 स्पर्धा में 24 . 95 सेकंड का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर भारत को विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शनिवार को छठा स्वर्ण पदक दिलाया। सिमरन का इससे पहले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25.16 सेकंड था। डोमिनिका की डारलेनिस डि ला सेवेरिनो को रजत और लोरेन गोम्स डि एगुइयार को कांस्य पदक मिला।

टी12 वर्ग में दृष्टिबाधित खिलाड़ी भाग लेते हैं। भारत के अब छह स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य समेत 15 पदक हो गए हैं। यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले पेरिस में 2023 में भारत ने तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक जीते थे। वहीं, भारत को पुरूषों की एफ46 भालाफेंक स्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे श्रीलंका के दिनेश प्रियंथा हेराथ के खिलाफ शिकायत सही साबित होने पर रजत और कांस्य पदक दिया गया है। पुरूषों के एफ46 भालाफेंक में भारत के रिंकू हुड्डा और अजीत सिंह तीसरे और चौथे स्थान पर रहे थे लेकिन भारत ने विरोध दर्ज किया था कि हेराथ इस वर्ग में भागीदारी के योग्य नहीं हैं। पैरा खेलों में समान शारीरिक अक्षमता वाले खिलाड़ियों को एक समूह में रखा जाता है ताकि प्रतिस्पर्धा बराबरी की हो। एफ46 वर्ग भुजा में कमी, कमजोर मांसपेशियों वाले या बाहों में गति की निष्क्रिय सीमा वाले एथलीटों के लिए है, जिसमें एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# किशोरी की दुष्कर्म के बाद हत्या, नदी में फेंका शव

## गुरुवार रात से रहस्यमय ढंग से लापता हुई थी 13 वर्षीय किशोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना पढ़ुआ क्षेत्र में दो दिन से लापता एक 13 वर्षीय किशोरी की का शव जौरहा नदी से बरामद हुआ है। परिवार वालों ने गांव के ही तीन लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म के बाद रस्सी से गला घोटकर हत्या करने व शव नदी में फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिवार वालों ने बताया कि उनकी 13 वर्षीय पुत्री गुरुवार की रात अचानक घर से गायब हो गई थी। उसकी मां जब जागी तो देखा पुत्री बिस्तर पर नहीं थी। तभी से परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसी बीच उन्हें सूचना मिली कि एक शव जौरहा नदी में देखा गया है। परिवार के लोग शनिवार की दोपहर मौके पर पहुंचे तो देखा शव उसकी पुत्री का था। शव मिलने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड मौके पर जुट गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिवार वालों ने बताया कि मृतक किशोरी के गले पर रस्सी से गला घोटे जाने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। उसकी नाक व मुंह से खून निकल रहा था। इससे साफ है कि किशोरी की रस्सी से गला घोंटकर हत्या की गई है। परिवार वालों ने तीन लोगों पर दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव को नदी में फेकने का आरोप लगाया है और पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। उधर घटना से इलाके में दहशत फैल गई। लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं। थानाध्यक्ष हरिकेश राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी।

### चाकू के बल पर किशोरी को अगवा कर किया दुष्कर्म

**धौरहरा, अमृत विचार:** धौरहरा क्षेत्र निवासी एक ग्रामीण ने बताया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री गांव के बाहर आम की बाग में लकड़ी बीनने गई थी। तभी गांव बबुरी का रहने वाला नीरज बाइक से बाग में पहुंच गया। उसने चाकू के बल पर उसकी पुत्री को डराया धमकाया और बाइक पर बिठाकर कुछ दूर झाड़ियों में ले गया। जहां आरोपी ने उसकी पुत्री से दुष्कर्म किया और घटना किसी से बताने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। आरोपी के चंगुल से छूटी किशोरी रोते हुए घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बताई। इससे परिवार के लोग सन्न रह गए। परिजन किशोरी को लेकर कोतवाली पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा है। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर चालान भेजा गया है।

## गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने रोका शव का अंतिम संस्कार

**निघासन, अमृत विचार:** थाना पढ़ुआ के गांव भैरमपुर बैरिया निवासी विवाहिता हरप्रीत कौर उर्फ पम्मी का शव पोस्टमार्टम के बाद शव जब उसके मायके पहुंचा तो तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार वालों ने मृतका के हत्यारोपी जेठ और जेठानी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इससे पुलिस के हाथ पाव फूल गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सीओ के समझाने पर लोग माने और शव का अंतिम संस्कार कर दिया। गांव भैरमपुर बैरिया निवासी हरप्रीत कौर उर्फ पम्मी की शादी गांव के ही धर्मेंद्र सिंह के साथ छह साल पहले हुई थी। उसके पति के दूसरी महिला से संबंध थे, जिसका हरप्रीत कौर विरोध करती थी। आरोप है कि इससे नाराज पति ने परिवार के अन्य लोगों की मदद से गुरुवार की रात पहले हरप्रीत कौर की पिटाई की ष बाद में गला घोटकर मार डाला। पुलिस ने आरोपी पति व ससुर को हिरासत में लेकर शव पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार वालों को सौंप दिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव जब उसके मायके पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार की सुबह परिवार वालों ने आरोपी जेठ व जेठानी की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना पर सीओ प्रवीण कुमार और इंस्पेक्टर हरिकेश राय मौके पर पहुंचे। परिवार वालों से वार्ता की और कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब जाकर परिजन शांत हुए और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# सुअर के हमले से सिंचाई कर रहे युवक की मौत

संवाददाता, मितौली

**अमृत विचार:** थाना मितौली क्षेत्र के नगरा दरी गांव में जंगली सुअर ने खेत में खड़ी फसल की सिंचाई कर रहे एक युवक पर हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी बेहजम ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


मृतक जसवंत (फाइल फोटो)

गांव नगरा दरी निवासी जसवंत (30) पुत्र आसाराम खेत में खड़ी फसल की सिंचाई कर रहा था। इसी बीच सराय नदी के किनारे जंगलों की झाड़ी से निकले जंगली सुअर ने उस पर हमला कर दिया, जिससे जसवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी बेहजम ले गए। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक जसवंत अपने पीछे तीन पुत्रियां, एक पुत्र और पत्नी को छोड़ गया है। वहीं कुछ ग्रामीणों का कहना है कि जसवंत अपने साथियों के साथ शिकार के लिए जाते थे। सूअर की घेराबंदी कर खेत की मेड़ पर खड़े थे। इसी बीच सूअर ने हमला बोल दिया।

## जंगली सुअर के शिकार मामले में चार नामजद

**संवाददाता, बिलहरी, अमृत विचार:** विगत दिनो मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के गांव घुंसी में शिकारियों द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने के मामले में वन विभाग के अधिकारियों ने चार लोगों को नामजद कर कई अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महेशपुर रेंज के डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि घुंसी में गत सप्ताह शिकारियों ने जंगली सुअर का शिकार किया था। इस मामले चार लोगों को नामजद किया गया है। गिरफ्तारी के लिये दो टीमें गठित की गई हैं। संदिग्धों के यहां दबिश दी जा रही है। जल्द से जल्द ही शिकारियों को पकड़ कर सलाखो के पीछे भेजा जायेगा। बिलहरी बीट के वन दरोगा माया प्रकाश ने बताया कि संदिग्ध शिकारियों के मोबाइल फोन की लोकेशन ली जा रही है। अतिशीघ्र ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

## सार-संक्षेप

### तार स्पार्किंग से घर में लगी आग, लाखों का नुकसान


चौधीपुर में आग से जला घर। अमृत विचार

**संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत ग्रंट नंबर 10 के गांव चौधीपुर निवासी रामकुमार के घर में दोपहर के समय बिजली के तार में स्पार्किंग के चलते छप्पर के घर में आग लग गई। इस अग्निकांड में घर में रखा 10 क्विंटल गेहूं, चार क्विंटल लाही, दो बोरी डीएपी खाद, सुपर खाद, 50 किलो तिल्ली, स्प्रे मशीन, बक्सा, चारपाई, तखत, बिस्तर, बक्से में रखी सोने की ज्वैलरी झुमकी, नथ, मंगलसूत्र, चांदी की पायल आदि सामान जलकर नष्ट हो गया। बड़ी मशक्कत करने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। पीड़ित रामकुमार उर्फ भगत ने बताया कि दोपहर दो बजे के लगभग विद्युत तार की स्पार्किंग के चलते उसमें से निकली चिंगारी से आग लग गई। मीटर कई दिनों से खराब था। इसकी जानकारी मौखिक रूप से विद्युत विभाग के कर्मचारियों को दी गई थी परंतु अधिकारियों ने कोई भी ध्यान नहीं दिया।

### स्पार्किंग से लगी आग, तीन घर जलकर खाक

**संवाददाता, धौरहरा, अमृत विचार:** तहसील धौरहरा क्षेत्र के रैनी गांव में बिजली के तारों में हुई स्पार्किंग से एक घर में भीषण आग लग गई। आग की लपटों की चपेट में आकर दो अन्य घर और उनमें रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। हादसा शनिवार की दोपहर करीब एक बजे हुआ। बिजली के तारों में स्पार्किंग के चलते गांव रैनी निवासी कमलेश गौतम के घर में आग लग गई। इससे घर में चीख पुकार मच गई और गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण जब तक मौके पर पहुंचते और आग बुझाने की कोशिश करते। इससे पहले ही लपटों ने राज बहादुर गौतम व बांकेलाल गौतम के घर को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे तीनों घरों की गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

### सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला युवक

**संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार:** शनिवार को बांकेगंज कुकरा मार्ग पर 27 वर्षीय इंद्रजीत पुत्र स्वर्गीय श्रीकेशन घायल अवस्था में सड़क के किनारे पड़ा मिला। युवक के गले पर गहरा जख्म होने के साथ ही हाथ, पैर में भी जख्म पाये गये हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि हो सकता है बाइक अनियन्त्रित होकर सड़क किनारे पड़े विद्युत खम्भे से टकराई हो। उसकी बाइक करीब 20 मीटर दूर पड़ी हुई थी। सीएचसी पहुंचे उसके भाई पहाड़नगर निवासी बीरू ने बताया कि इंद्रजीत पंजाब में काम करता है। एक साल बाद वह घर वापस आया तो सबसे पहले अजान के पास स्थित अमिला गांव अपनी पत्नी को लेने ससुराल गया था। जब वह वहां से नहीं आयी तो उनमें आपस में झगड़ा हुआ और वापस गांव आ गया। शनिवार सुबह घर से कहकर निकला कि वह गोला चावल लेने जा रहा है। इधर सूचना मिली कि वह कुकरा बांकेगंज मार्ग पर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंच उसको सीएचसी बांकेगंज पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### हाईकोर्ट के आदेश पर दुकान से हटवाया गया अवैध कब्जा


गोला में दुकान से अवैध कब्जा हटवाते एसडीएम और पुलिस अधिकारी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** नगर की खुटार रोड पर दुकान को हाईकोर्ट के आदेश पर खाली करा कर मकान स्वामी को कब्जा दिला दिया गया है। नगर की खुटार रोड पर हरद्वारीलाल राजपूत ने 25 साल पहले दुकान किराए पर ली थी। उसके बाद तत्कालीन मकान मालिक ने अपने मकान को मय दुकान राजेश वर्मा के नाम बेच दिया था। राजेश वर्मा ने हरद्वारीलाल राजपूत से दुकान खाली करने को कहा, जिस पर वह तैयार नहीं हुए। दोनों में विवाद हो गया। हरद्वारीलाल राजपूत दुकान खाली करने के पक्ष में नहीं थे। राजेश वर्मा ने अदालत की शरण ली। मुंसिफ कोर्ट मोहम्मदी में मुकदमा चला, जहां से सिविल कोर्ट लखीमपुर ट्रांसफर कर दिया गया। कहीं से राहत नहीं मिली। फिर भी मकान मालिक ने हार नहीं मानी। उसने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने किराएदार से दुकान खाली कराने का आदेश दिया। शनिवार को एसडीएम रत्नाकर मिश्र ने सीओ अजेंद्र यादव, कोतवाल इंद्रजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज सुनील कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और अवैध कब्जा हटवा कर दुकान मकान स्वामी के सुपुर्द कर दी है।

# "काजू" की जन्मदिन पार्टी पर डांसरों से लगवाए ठुमके

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भीरा इलाके के गांव गोंधिया में एक युवक ने अपने पालतू कुत्ते का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। उसने न सिर्फ पड़ोसियों और मित्रों को दावत दी, बल्कि केक काटा और महिला डांसरों को बुलाकर उनसे डांस कराया। लोगों ने डांस पार्टी की सूचना पुलिस को दे दी, जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डांस को रुकवा दिया। साथ ही युवक को हिदायत देकर छोड़ दिया। यह मामला यहां चर्चा का केन्द्र बना है।


काजू को गोद में लेकर केक काटता गुड्डू।

थाना भीरा क्षेत्र के गांव गोंधिया में यह अजीबोगरीब मामला सामने आया है। गांव निवासी गुड्डू एक साल पहले 24 मई को कुत्ता लेकर आए थे। उन्होंने उसका नाम काजू रखा। गुड्डू को कुत्ते से इतना लगाव हो गया कि उसने शुक्रवार की रात में एक साल पूरा होने पर काजू का जन्मदिन मनाया। उन्होंने पड़ोसियों और मित्रों समेत करीब 50 लोगों को दावत दी। उन्होंने बड़ा सा केक मंगवाया। सभी को भोजना भी कराया। इसके बाद महिला डांसरों को नृत्य शुरू हुआ। डांस पार्टी की सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। बताते हैं कि डांस पार्टी के आयोजन की अनुमति नहीं ली गई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने डांस पार्टी को बंद करा दिया। इस बाबत गुड्डू का कहना है कि काजू उसे बहुत प्यार है। वह उनके परिवार के सदस्य जैसा है, इसलिए उसने परिवार के बच्चों की तरह ही उसका हर साल जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया है। फिलहाल पूरे इलाके में पालतू कुत्ते का जन्मदिन मनाए जाने का मामला चर्चा में रहा।

# एआरएम की चेकिंग में बसों में आग बुझाने वाला सिलिंडर गायब

**▸▸ एआरएम ने एटीआई को रूट पर अलर्ट रहने के लिए जारी किया पत्र**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** हरगांव में गोला डिपो की अनुबंधित बस में आग लगने के दूसरे दिन भी बसों में अग्निशमन यंत्रों की पड़ताल होती रही। लखीमपुर डिपो में एआरएम की चेकिंग में एक बस का संचालन सिलिंडर होने पर ही कराने के लिए केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया। वहीं गोला डिपो में भी दो बसों को अग्निशमन यंत्र आने के बाद ही रूट पर रवाना किया गया। इसके अलावा फायर बिग्रेड से पांच बस मालिकों को अग्निशमन यंत्र खरीदवाए गए।

लखनऊ से करीब 20 मुसाफिर लेकर वापस गोला आ रही गोला डिपो की अनुबंधित बस हरगांव में रात को आग का गोला बन गई। आग की इस घटना से सभी यात्री और चालक परिचालक सुरक्षित रहे, लेकिन कुछ मुसाफिरों का सामान आग की चपेट में आने से जलकर नष्ट हो गया। जिम्मेदार हादसे के 24 घंटे बीतने के बाद भी इसके कारणों का पता नहीं लगा पाए हैं। गोला डिपो प्रशासन फरार चालक के आकर मामले की जानकारी देने का इंतजार कर रहा है। उधर, इस हादसे के बाद शनिवार को भी गोला और लखीमपुर डिपो पर बसों में अग्निशमन यंत्रों की मौजूदगी की पड़ताल होती रही। इस दौरान गोला डिपो की दो और लखीमपुर डिपो की एक बस में आग बुझाने का सिलिंडन नहीं मिला। इस पर इन बसों को सिलिंडर आने के बाद ही रूट पर भेजा गया।


अनुबंधित बस में रखे अग्निशमन यंत्र की रिफिल डेट चेक करते एआरएम।


बस अड्डे पर खड़ी बस में आग बुझाने वाले सिलिंडर बॉक्स में रखी पानी की बोतल।

> बसों की निरंतर जांच की जा रही है। इस दौरान फर्स्ट एड बॉक्स से लेकर अग्निशमन यंत्र हैं कि नहीं, यदि हैं तो उसकी रिफिल कब हुई आदि के बारे में मालुमात की जा रही है। जिन बसों में आग बुझाने के सिलिंडर नहीं मिले हैं उनके मालिकों को नोटिस जारी की जा रही है।
>
> **मुकेश मेहरोत्रा, एआरएम-लखीमपुर डिपो**

# फर्जी हाजिरी चढ़ाने के मामले में बीडीओ ने जारी की नोटिस

**निघासन, अमृत विचार:** मनरेगा योजना में फर्जी हाजिरी लगाए जाने के मामले की खबर को अमृत विचार ने शनिवार को प्रमुखता से छापा था। खबर का असर यह हुआ कि बीडीओ ने जयेश कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत धर्मापुर के सचिव राजेश कुमार, तकनीकी सहायक राम बहादुर व पंचायत मित्र आनंद कुमार मौर्य को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दो दिन के भीतर जवाब तलब किया है। बतादें कि ग्राम पंचायत धर्मापुर में अनुज कुमार मौर्य नाम के मजदूर की करीब 7 दिहाड़ी चढ़ाकर मास्टर रोल भी तैयार कर दिया गया, जबकि मजदूर का तिलक 25 अप्रैल 2024 को हुआ। उसके बाद 26 तारीख को बारात रवाना हुई। इधर पंचायत मित्र ने 20 अप्रैल से 27 अप्रैल तक मजदूर की शादी के बीच के दिनों में मनरेगा में हाजिरी चढ़वाकर सरकारी रुपये भी निकाल लिए। बीडीओ ने बताया कि जवाब संतोषजनक न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बनने लगा इंडिया मार्का हैंडपंप

**खबर का असर**

संवाददाता, संसारपुर

**▸▸ दो दिन पूर्व ही अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी खबर**

**अमृत विचार:** कस्बा संसारपुर के बांकेगंज रोड चौराहे पर स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप पिछले कई दिनों से खराब पड़ा होने के कारण व्यापारियों और राहगीरों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा था। लोगों की समस्या को देखते हुए दो दिन पूर्व अमृत विचार ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित कर जन समस्या को उठाया था, जिसका असर यह हुआ कि हैण्डपम्प रिपेयर किया जाने लगा।


संसारपुर में हैंडपंप ठीक करते मिस्त्री।


वाटर कूलर-हैंडपंप हैं खराब तो कैसे बुझे प्यास

अखबार में प्रकाशित खबर।

ब्लॉक बांकेगंज की ग्राम पंचायत संसारपुर के चौराहे पर लगा इंडिया मार्का हैण्डपम्प कई दिनों से खराब पड़ा था। भीषण गर्मी एवं तपिश को देखते हुए दैनिक अमृत विचार अखबार ने इस जन समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया, जिसका संज्ञान लेते हुए विभागीय अधिकारियों ने हैंडपंप को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया। लोगों ने कहा कि माता भुवनेश्वरी देवी मंदिर के प्रांगण में खराब पड़ा वाटर कूलर तथा कस्बे की आर्यावर्त बैंक के सामने एवं पुलिस चौकी के पीछे लगा वाटर कूलर भी रिपेयर कर दिया जाए तो कहीं न कहीं लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं है। कसबे के शमशाद अंसारी, पवन वर्मा, रामसिंह मौर्य, राजीव सक्सेना, अमीनुद्दीन मुन्ना आदि लोगों ने नल रिपेयर होते ही अमृत विचार परिवार का आभार व्यक्त किया।

## कृषि वैज्ञानिकों ने गन्ना गोष्ठी में किसानों को दिए टिप्स



गन्ना गोष्ठी में मौजूद किसान। अमृत विचार

**संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार:** गांव पतवारा बड़ा में गन्ना किसान गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें गन्ना किसान संस्थान शाहजहांपुर के उपनिदेशक डॉ. पी के कपिल व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने वैज्ञानिक विधि से उन्नतशील गन्ना खेती कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने की जानकारी दी। डॉ. आर डी तिवारी ने गन्ना कृषकों को स्वयं बायो पेस्टीसाइड तैयार करने के लिए जरूरी सामग्री, उसका अनुपात तथा ह्यूमिक एसिड तैयार करने के विषय में जानकारी दी। संस्थान के उपनिदेशक डॉ. पी के कपिल ने खेत की गहरी जुताई के महत्व, उसके लिए आवश्यक यंत्र व गन्ना की वैज्ञानिक खेती करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि इस समय मौसम गर्म होने के कारण टाप बोरर कीट से फसल प्रभावित हो रही है। इसके लिए 150 एम एल कोराजन /सिटीजन 400लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। तथा जिन खेतों में गन्ने की पत्तियां लाल दिखाई दे रही हैं, उनमें एन पी के व प्रिज्म थाइफिनेट मिथाइल मिलाकर छिड़काव करें। इस दौरान चीनी मिल पलिया के प्रधान प्रबंधक (गन्ना) राजीव तोमर भी मौजूद रहे।

**सुविधा** मरीजों से लेकर स्टाफ तक को होने लगी सहूलियत, अब तक पुरानी मशीन को ठोंक पीटकर चल रहा था काम

# जिला अस्पताल : दंत विभाग में लगी दो नई डेंटल चेयर

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला अस्पताल के दंत विभाग की ओपीडी में एक नहीं दो नई डेंटल चेयर लग गई हैं। इससे मरीजों से लेकर स्टाफ को सहूलियत हो रही थी। अभी तक सालों पुरानी व जर्जर हो चुकी डेंटल चेयर को जुगाड़ से चलाया जा रहा था। ऐसे में मरीजों के दांतों की सफाई आदि करने में स्टाफ को काफी असुविधा होती थी। यह स्थित तब थी जब नई डेंटल चेयर स्टोर रूम तक पहुंच गई थी।


नई मशीन स्टोर में रखी, पुरानी को ठोंक पीटकर चल रहा काम

अमृत विचार में प्रकाशित खबर की पीडीएफ।

> पुरनी डेंटल चेयर की जगह पर दो नई डेंटल चेयर लगवा दी गई हैं। इससे मरीजों से लेकर दंत रोग विभाग के स्टाफ को काफी सहूलियत मिलेगी। - **डॉ. आरके कोली, प्रभारी सीएमएस- जिला अस्पताल**


ओपीडी में नई चेयर पर मरीज के दांत की सफाई करते डेंटल हाईजिनिस्ट। अमृत विचार

जिला अस्पताल के दांत रोग विभाग में जर्जर डेंटल चेयर होने की अमृत विचार में 16 अप्रैल के अंक में नई मशीन स्टोर में रखी, पुरानी को ठोंक पीटकर चल रहा काम शीर्ष से खबर प्रकाशित हुई थी। इस पर जिम्मेदारों ने आनन फानन में दोनो डेंटल चेयर को जिला अस्पताल मंगवाकर दंत रोग विभाग में रखवा दिया गया है। इससे मरीजों से लेकर विभागीय लोगों को काफी सहूलियत मिली है। ओपीडी के लोग बताते हैं कि दो नई डेंटल चेयर आने से काफी सुविधा मिली है। पहले एक मरीज का ही दांत निकलवाने से लेकर आरसीटी, ग्राइंडिंग एवं सफाई हो पाती थी, लेकिन अब दो मरीजों की एक साथ हो जाती है। इससे मरीजों को ज्यादा देर तक बैठना नहीं पड़ता है। पहले इंतजार करने के दौरान काफी परेशान होते थे।

### लेकर जाने और पहुंचवाने का फंसा था पेच

मार्च में खरीदी गई डेंटल चेयर को जिला अस्पताल की दंत रोग विभाग में शिफ्ट करने के मामले में लेकर जाने और पहुंचवाने का पेंच फंसा था। स्टोर के लोग अस्पताल प्रशासन द्वारा चेयर मंगवाने की राह देख रहे थे और अस्पताल प्रशासन उनके द्वारा भेजवाने की राह तक रहा था। ऐसे में मरीज से लेकर दंत रोग विभाग का स्टाफ सफर कर रहा था।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25

Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध

मेडिकल साइंसेज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स

नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)

पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)

फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान

मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### प्रेस जर्नलिस्ट आफ इंडिया 30 को मनाएगा हिंदी पत्रकारिता दिवस

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार। प्रेस जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के महासचिव मंदीप वर्मा ने बताया कि 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस पर नगर पालिका परिषद सभागार में पूर्वाह्न 10.30 बजे प्रिंट मीडिया की वर्तमान स्थिति और सोशल मीडिया की चुनौती विषय पर परिचर्चा कराएगा। समारोह के मुख्य अतिथि एसडीएम रत्नाकर मिश्र रहेंगे।

### शीतल शरबत का वितरण

पलिया कलां, अमृत विचार : क्षेत्र में इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के देखते हुए नगर की प्रमुख धार्मिक संस्था आध्यात्मिक श्रीकुल सेवा संस्थान ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए औषधीय शीतल शरबत का वितरण किया। संस्थान के संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र, धनेंद्र शुक्ल, गौरव कल्याल, सोमेश माधव मिश्र, रामू वर्मा आदि ने राहगीरों, कार सवारों आदि को औषधियुक्त शीतल शरबत पिलाया।

### महिला ने खाया जहर, मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार। शारदा नगर थाना क्षेत्र के गांव अटकोहना निवासी राहुल की पत्नी उमा घर पर अकेली थी। मृतका के देवर के अनुसार घर के सभी लोग अपने-अपने काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान उमा ने घर में रखा कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर जानकारी हुई। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग उमा को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां कुछ देर तक चले इलाज के बाद उमा की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### पुलिस चौकी के निकट बरामद हुआ युवक का शव

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार। शहर में पुलिस चौकी संकटा देवी से चंद कदमों की दूरी पर शनिवार को एक युवक का शव पड़ा देखे जाने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन शव की पहचान नहीं हो सकी है। शनिवार की सुबह लोग टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी बीच उनकी नजर पुलिस चौकी संकटा देवी से चंद कदमों की दूरी पर एक दूध भंडार के निकट पड़े युवक के शव पर पड़ी। शव देखे जाने से सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई।

# जिला अस्पताल: उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित बच्ची की मौत

## हालत बिगड़ने पर परिजन शुक्रवार को इमरजेंसी लेकर थे पहुंचे, वॉर्ड में कई और बच्चे भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जिला अस्पताल के औषधि वितरण कक्ष के बाहर मौजूद भीड़।

अमृत विचार: जिला अस्पताल में शनिवार सुबह एक दो साल की बच्ची की मौत हो गई। इसको उल्टी दस्त के साथ बुखार आ रहा था। हालत बिगड़ने पर बेटी को घरवालों ने शुक्रवार को चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती कराया था। जहां पर कुछ घंटे इलाज चलने के बाद उसकी मौत हो गई। डायरिया से लेकर बुखार और दस्त आने की समस्या से ग्रसित आठ बच्चे शनिवार को और 11 बच्चे शुक्रवार को चिल्ड्रन वार्ड में भर्ती हुए। इलाज शुरू होने के बाद इनकी हालत में सुधार होना बताया जा रहा है। उधर, आइसोलेशन वार्ड में डायरिया आदि से ग्रसित सात लोगों का इलाज जारी है।

गर्मी चरम पर है। यह बच्चों से लेकर बड़ों के लिए मुसीबत बनने लगी है। गर्मी की वजह से यह सभी उल्टी, दस्त, बुखार, डिहाइड्रेशन पेट दर्द की चपेट में आने लगे हैं। इससे जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। पहले जहां सप्ताह के अंतिम दिन में 700 से 800 नए पर्चे बनते थे। मगर, इस समय आलम यह है कि शुक्रवार और शनिवार को भी एक हजार से अधिक नए पर्चे बन रहे हैं। शनिवार को 1200 से अधिक लोगों ने जिला अस्पताल पहुंचकर दवा लेने के लिए अपना पंजीकरण कराया। इस भीषण गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों का हाल सबसे बुरा है। यह सभी उल्टी दस्त, डिहाइड्रेशन से लेकर बुखार और पेट दर्द की चपेट में आकर जिला अस्पताल पहुंच रहे हैं। उधर, इमरजेंसी पहुंचने वाले मरीजों की हालत गंभीर होने की वजह से भर्ती करने तक की जरूरत पड़ रही है। शनिवार को सुबह से लेकर दोपहर तक बुखार, उल्टी, दस्त एवं पेट दर्द से ग्रसित नौ बच्चे भर्ती हुए। जबकि शुक्रवार को इन बीमारियों के कारण भर्ती होने वाले बच्चों की संख्या 11 रही थी। शनिवार सुबह चिल्ड्रन वार्ड में उल्टी, दस्त के साथ बुखार से पीड़ित दो साल की अजरा की इलाज के दौरान मौत हो गई। हालांकि अन्य बीमार बच्चों की हालत में सुधार होना बताया जा रहा है।

### शनिवार को भर्ती हुए बच्चे

छह वर्षीय क्षितिज, आठ माह के रूद्र, 13 वर्षीय यासमीन, 11 वर्षीय अर्श, एक वर्षीय निशा, तीन वर्षीय अवान, 11 वर्षीय सानिया, दस माह के आकर्ष।

चिल्ड्रन वार्ड में दो वर्षीय बच्ची की मौत होने के बाबत जानकारी नहीं है। मगर, गर्मी की वजह से इस समय ओपीडी में मरीजों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। गर्मी के मौसम में बच्चों से लेकर बड़े तक खान पान से लेकर साफ सफाई के मामले में सतर्क रहें। ऐसे में जरा सी लापरवाही सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकती है। उल्टी, दस्त, बुखार से लेकर पेट दर्द होने पर बिना देर किए जिला अस्पताल आएं, जिससे समय रहते चिकित्सीय सुविधा मिलने से बीमारी को कंट्रोल किया जा सके।

–डॉ. आरके कोली, सीएमएस जिला अस्पताल

### बगैर मंडी शुल्क खरीदे गेहूं का 3.80 लाख का जुर्माना वसूला

पलिया कलां, अमृत विचार : एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने गत रविवार शाम को संपूर्णानगर के दो गेहूं गोदामों पर मारे गए छापे में बगैर मंडी शुल्क खरीदे गए 1518 क्विंटल गेहूं के मामले में गोदाम मालिकों से तीन लाख 80 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया। मंडी समिति के प्रभारी सचिव सौरभ भारती ने बताया कि 19 मई की शाम को संपूर्णानगर के अन्नपूर्णा ट्रेडर्स एवं नंदिनी ट्रेडर्स के गोदाम पर एसडीएम ने छापा मारकर बगैर मंडी शुल्क खरीदे गए गेहूं बरामद कर गोदामों को सील कर दिया था। इसके बाद उन्होंने उन्होंने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। प्रभारी सचिव बताया कि अन्नपूर्णा ट्रेडर्स संपूर्णानगर से दो लाख रुपये और नंदिनी ट्रेडर्स से एक लाख अस्सी हज़ार रुपये का समन शुल्क वसूल कर रसीद दे दी गई है।

### पति ने पत्नी और उसके बहनोई को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अढ़ौला में पति ने अपनी पत्नी और उसके बहनोई की जमकर पिटाई कर दी गई। महिला की तहरीर पर पति रंजीत और जेठ के पुत्र रामसिंह के नामजद रिपोर्ट दर्ज हुई है। क्षेत्र के ग्राम अढ़ौला निवासी सरिता देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसका पति रंजीत उसे अक्सर मारता पीटता है, जिससे वह बेहद परेशान है। कई बार समझौता भी हो चुका है, पर कोई असर नहीं हुआ। महिला का कहना है कि 24 मई को सरिता के बहनोई उसके पति को समझाने पहुंचे। पुलिस ने राजू पटवा और संजय गुप्ता के खिलाफ मारपीट, धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### एनसीसी कैडेट्स को बताए आग बुझाने के उपाय


एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते फायर ब्रिगेड प्रभारी राधेश्याम पाल।

संवाददाता, पलिया कलां, अमृत विचार। बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज के परिसर में हो रहे 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दौरान शनिवार को फायर स्टेशन पलिया प्रभारी राधेश्याम पाल ने एनसीसी कैडेट्स को आग से त्वरित बचाव के उपाय बताए। घर में गैस सिलेंडर से आग लगने पर उसे कैसे बुझाया जाए। किसी भी प्रकार की जन हानि होने से घर के सदस्यों को बचाया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बाढ़ आने पर खुद को और परिवारजनों को बचाने के तरीके बताए।

### गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज में समर कैंप शुरू


गुरुनानक कॉलेज में समरकैंप की शुरुआत पर मंचासीन अतिथि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार। नगर के मोहल्ला कुम्हारन टोला स्थित श्री गुरुनानक कन्या इंटर कॉलेज में ड्रीम समर कैंप का शुभारंभ किया गया, जिसमें बालिकाओं को तमाम ट्रेडों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। समर कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन लाल मिश्र ने फीता काटकर किया। समर कैंप में 400 बच्चों की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य डॉ पूनम वर्मा ने बताया कि ड्रीम समर कैंप में सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटीशियन, मेंहदी, ढोलक, गिटार सहित तमाम विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य अतिथि ने समरकैंप संचालक संदीप वर्मा सैंडी ने प्रशिक्षकों और बच्चों को शुभकामनाए दीं। गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ सौरभ दीक्षित, पैरामाउंट के डायरेक्टर पटेल सुशील वर्मा, डॉ जगदीश वर्मा, रविंद्र कटियार, कॉलेज प्रबंधक अर्जेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### राजकिरण अध्यक्ष, गोविंद बने महामंत्री


गोला में नव मनोनीत कार्यकारिणी के पदाधिकारी। अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार। महर्षि वाल्मीकि आश्रम में एक बैठक हुई, जिसमें वाल्मीकि आश्रम समिति का गठन किया गया। आम सहमति से राजकिरण को अध्यक्ष और गोविंद वाल्मीकि को महामंत्री बनाया गया है। बैठक में मंदिर के जीर्णोद्धार समेत अन्य विकास कार्यो पर चर्चा की गई। चुनाव दिलीप कुमार और किशोर कुमार महाजन की देखरेख में हुआ। आम सहमति से राजकिरण वाल्मीकि को अध्यक्ष, सुरेश भारती और रंजीत भारती को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, विक्की को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, गोविंद को महामंत्री, दीपक पुजारी को उपमंत्री, अजय महाजन को कोषाध्यक्ष, महेश आजाद को उप कोषाध्यक्ष, मनोज पहलवान को संगठन मंत्री, नरेंद्र निर्मल लखनवी को कार्यालय सचिव, पंकज, परमेश्वर, यशवर्धन सिंह, सुशील कुमार को ऑडीटर, अमर मनोहर वाल्मीकि, विनोद कुमार भंडारी, नीरू वाल्मीकि को प्रचार मंत्री बनाया गया है।

# एंबुलेंस कर्मियों को लोहे की रॉड से पीटा, तीन घायल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार। मामूली विवाद पर करीब 12 हमलावरों ने थाना नीमगांव क्षेत्र की पीएचसी सिकंद्राबाद में स्थित एंबुलेंस कर्मियों के आवास पर हमला बोल दिया और उसमें रह रहे एंबुलेंस चालक और उसके साथियों को दौड़ा दौड़ाकर लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से जमकर पीटा, जिससे तीन कर्मचारी घायल हुए हैं। थाना नीमगांव पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। शाहजहांपुर जिले के थाना तिलहर के गांव रजवारी निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंद्राबाद में एंबुलेंस कार्यरत है और अस्पताल के ही आवासीय परिसर में रहता है। शाम करीब 06:30 बजे वह अपनी एंबुलेंस से मरीज अस्पताल पहुंचा कर अपने पहुंचा। तभी पीछे से सिकन्द्राबाद छोटा चौराहा निवासी पीयूष जायसवाल आया और कहने लगा कि तुम लोगों ने हमें गालियां दी। आरोप है कि गोला स्टाफ के आन ड्यूटी कर्मचारी रामभरोसे की तरफ देख कर गालियां देने का आरोप लगाने लगा और फोन कर अपने अन्य साथियों विपिन, शनी गोस्वामी, सुमित श्रीवास्तव, अन्नी व अन्य 7 व्यक्तियों को बुला लिया, जो कि चार बाइकों से आवासीय परिसर में घुस आए। आते ही वहां मौजूद अमित कुमार व उसके सहयोगी कर्मचारी नन्हें निवासी मगनपुर थाना जैतीपुर जिला शाहजहांपुर, राम भरोसे पुत्र मुनीजर प्रसाद निवासी सतरही थाना पयागपुर जिला बहराइच व अनुज पुत्र सुरेश चंद्र निवासी मिर्जापुर थाना शाही जिला बरेली से गाली गलौज करते हुए लोहे की राड व बेल्टों से दौड़ाकर बेरहमी से पीटने लगे।

# युवक की गर्दन पर बांके से हमला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- हालत नाजुक, जिला अस्पताल से लखनऊ किया गया रेफर
- खेत में खड़ी गन्ने की फसल बचा रहा था युवक हालत नाजुक

अमृत विचार। थाना मितौली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर में खेत में खड़ी गन्ने की फसल की रखवाली करने गए युवक पर गांव के ही दो युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। उसकी पिटाई कर गर्दन पर बांके से प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को एंबुलेंस 108 से जिला अस्पताल लाया गया, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ रेफर कर दिया है।

गांव अल्लीपुर निवासी विनोद कुमार ने बताया कि उसका पुत्र अंकित (24) गांव के उत्तर स्थित खेत में खड़ी गन्ने की फसल की रखवाली करने गया था। शाम करीब आठ बजे गांव के ही गोविन्द उर्फ टैक्टर व उसका भाई धर्मवीर और रामखेलावन खेत पर आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने जान से मार डालने की नियत से पुत्र अंकित कुमार की पिटाई कर दी और गर्दन पर बांके से प्रहार कर दिया, जिससे पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर गुल होने पर गांव के आसपास के खेतों में मौजूद गांव के ही सर्वेश कुमार, मूलचंद के अलावा तमाम लोग मौके पर पहुंच गए और विरोध किया। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिवार वाले घायल अंकित को बेहोशी की हालत में एंबुलेंस की मदद से सीएचसी मितौली लेकर पहुंचे। जहां पर डाक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होने पर लखीमपुर से उसे लखनऊ रेफर किया गया। जहां मेडिकल कॉलेज में उसका इलाज चल रहा है। घायल अंकित की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर पर गोविंद उर्फ ट्रैक्टर, धर्मवीर और रामखेलावन के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की है।

# बजरंग दल का 7 दिवसीय अभ्यास वर्ग का आगाज

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पंडित दीन दयाल इंटर कॉलेज में दिया जा रहा प्रशिक्षण
- 25 जिलों से आए 280 बजरंग दल कार्यकर्ता हैं शामिल

अमृत विचार। शनिवार से बजरंगदल का शौय प्रशिक्षण अभ्यास वर्ग शुरू हो गया। सात दिवसीय शिविर का समापन एक जून को होगा। गोला रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शिविर के पहले दिन विहिप के केंद्रीय मंत्री व संघ के वरिष्ठ प्रचारक पंकज एवं देवकली आश्रम के महंत आचार्य प्रमोद सहित पंचायत अखाड़ा के संत सुदामा पुरी ने 25 जिलो में प्रशिक्षण प्राप्त करने आए युवाओं को आशीर्वाद व शुभकामनाएं दीं।

अभ्यास वर्ग में केंद्रीय मंत्री पंकज ने कहा कि देश में लव जेहाद की घटनाएं बढ़ रही हैं। ऐसे में युवाओं को जाग्रत होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। इसलिए सभी लोग तन मन से प्रशिक्षण ले। यह भविष्य में काफी काम आएगा, क्योंकि आप में से ही अधिकारी, डॉक्टर और नेता बनेंगे। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में युवाओं को योगासन, शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक रूप से शसक्त बनने की तैयारी कराई जाएगी। इसमें 50 प्रशिक्षक, 25 जिलों से आए 280 बजरंगियों को प्रशिक्षण देंगे। प्रवीण सिंह, ब्रजेश पांडेय, अविनाश, महेश तिवारी, महेंद्र पांडेय, आचार्य संजय मिश्रा, विपुल सेठ, मोहित, विजय प्रताप सिंह, अनुज तिवारी, पंकज जयसवाल, शिव पासवान, इंद्रपाल, राजकुमार, विमल, भूपेंद्र आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### धारदार हथियार से प्रहार कर युवक को किया अधमरा

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : थाना निघासन क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते बाइक से रानीगंज जा रहे एक युवक को हमलावरों ने लुधौरी गन्ना सेंटर के पास रोक लिया और उसकी लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की। धारदार हथियार से प्रहार कर अधमरा कर दिया। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने तीन लोगों को नामजद कर दो अज्ञात के खिलाफ, जानलेवा हमला, बलवा, मारपीट समेत कई संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना निघासन के गांव रानीगंज मजरा लुधौरी निवासी सतपाल सिंह ने बताया कि उसकी और उसके भाई सतनाम सिंह की गांव झौव्वापुरवा मजरा खमरिया निवासी अंग्रेज सिंह से पुरानी रंजिश चली आ रही है। शुक्रवार की शाम करीब 05:30 बजे उसका भाई सतनाम सिंह लुधौरी से अपने घर रानीगंज जा रहा था। लुधौरी गन्ना सेंटर के पास पहले से ही घात लगाए बैठे अंग्रेज सिंह व मेजर सिंह, अंग्रेज सिंह का छोटा भाई अपने दो अन्य अज्ञात साथियों के उसके भाई की बाइक रोक ली। किसी आरोपी के पास लाठी-डंडा, बांका, गड़ासी और तो किसी के पास दो असलहे थे। सभी आरोपियों ने उसके भाई को घेर लिया और मारने पीटने लगे।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, संसारपुर

अमृत विचा। भीषण गर्मी और उमस से लोगों का जीना दूभर है। विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज से संसारपुर फीडर की बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया। सुधार न होने पर बांकेगंज बिजली उपकेन्द्र का घेराव करने की चेतावनी दी है।

कस्बा संसारपुर फीडर से रोस्टिंग के बाद रात 10:05 पर लाइट आई। 10 मिनट चलने के बाद जम्फर उड़ गया, जिसे पुनः बनाकर बिजली चालू कर दी गई। एक घंटे भी बिजली नहीं चली फिर जम्फर उड़ गया, जिससे सारी रात पंखे चलते बंद होते रहे। जहां इस समय भीषण गर्मी की वजह से लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं तो वहीं बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारी इसका नाजायज फायदा उठा रहे हैं। बिजली न आने की वजह से घर में रखे कूलर, पंखे इत्यादि विद्युत उपकरण सिर्फ शोपीस नजर आ रहे हैं। विद्युत उपकेंद्र बांकेगंज से लगभग 90 गांवों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। जिससे कस्बे सहित अन्य गांव के लोग इस समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है, कि अगर अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज का खेल रोका नहीं गया तो लोग विद्युत विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ प्रदर्शन करेंगें। अधिकारियों ने बताया कि रात में कोई रोस्टिंग नहीं की जा रही है। उपकेन्द्र बांकेगंज द्वारा रोज अर्धरात्रि को बिजली कटौती की जा रही है। कसबे के मुकेश राजपूत, रोहित स्वर्णकार, कल्लन मौर्य, बहादुरलाल, संतोष कुमार, अमीनुद्दीन अंसारी, हाशिम अंसारी, गौतम यादव, शिवम शर्मा, अशोक दीक्षित आदि उपभोक्ताओं ने सुचारू रूप से विद्युतापूर्ति कराए जाने की मांग की है।

### राजगढ़ में पूरी रात गुल रहा एक फेस, उपभोक्ता बेहाल

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार : भीषण तपिश के बीच अब बिजली कटौती उपभोक्ताओं को रुलाने लगी है। शुक्रवार की शाम मोहल्ला राजगढ़ में एक फेस गायब होने से पूरी रात बिजली नहीं आई। बिजली कर्मचारी लाइन शीघ्र सप्लाई चालू होने की बात कहकर पूरी रात टरकाते रहे। भीषण उमस भरी गर्मी के कारण पूरी रात लोग बिलबिलाते रहे। शुक्रवार शाम ईदगाह उपकेंद्र के मोहल्ला राजगढ़ में सदर विधायक योगेश वर्मा और धौरहरा विधायक बाला प्रसाद अवस्थी का भी मकान है। शुक्रवार की रात मोहल्ले में एक फेस गायब हो गया। बिजली कर्मियों को लोगों ने फोन किया। फोन रिसीव करने वालों ने एक घंटे में लाइट बहाल हो जाने का आश्वासन दिया, लेकिन सप्लाई चालू नहीं हुई। मोहल्ले वासियों ने फिर पता किया तो फोन पर शट डाउन न मिलने तो कभी स्टाफ न होने की बात कह अफसर और कर्मचारी पूरी रात टरकाते रहे। शनिवार सुबह फाल्ट सही करने पर पांच बजे बिजली बहाल हो सकी।

### लो वोल्टेज की समस्या से गर्मी में उपभोक्ता बेहाल

भीरा, अमृत विचार। तन झुलसा देने वाली गर्मी में लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता बेहाल हैं। पंखे हिल रहे हैं। वही बल्ब मोमबती की तरह रोशनी दे रहे हैं। बिजली की मनमानी कटौती अलग से मुसीबत बनी है। भीरा नगर पंचायत में 22 घंटे ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति के निर्देश शासन ने दिए हैं, लेकिन अघोषित कटौती के कारण नगर को आठ घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। ऊपर से लो वोल्टेज की समस्या ने और परेशान कर रखा है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

## क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री बद्री प्रसाद गुप्ता, निवासी– शंकरपुर सराय, जिला–उन्नाव** का स्थाई निवासी हूं मेरा नाम सुनीत कुमार गुप्ता है मेरे सारे आवश्यक प्रपत्र इसी नाम से हैं अतः मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं की सुनीत कुमार गुप्ता उर्फ सुनील कुमार गुप्ता एक ही व्यक्ति हैं इसलिए मुझे सुनीत कुमार गुप्ता के नाम से जाना जाए

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर–नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना–खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0– 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

मैं प्रिंस कुमार पुत्र करुणा शंकर नि0–4/91, सेंट्रल महिला डिग्री कालेज, रजनी खंड, शारदा नगर, लखनऊ–226002 सूचित करता हूँ कि मेरा विवाह दि.15–03–2020 को नेहा खान पुत्री अब्दुल परवेज नि0– ग्राम – असिया मऊ, लखनऊ, उ0प्र0–226003 के साथ आर्य समाज, सफेदाबाद, बाराबंकी पर सम्पन्न हुआ।

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम अरूण प्रकाश से बदलकर अरुण प्रकाश गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे अरुण प्रकाश गुप्ता के नाम से जाना जाए। **–अरुण प्रकाश गुप्ता पुत्र रामसरन, निवासी– मकान सं– 778, ग्राम व पोस्ट ठठिया, कन्नौज**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **गुड्डी साहू पत्नी स्व: श्री उमा शंकर साहू, निवासी– काजीपुरा, जनपद बहराइच** की मूल निवासनी हूँ। मेरी पुत्री तनु साहू जिसकी आयु लगभग २४ वर्ष है। जो कि दिनांक 10/10/2013 से लापता है। बहुत खोजने के पश्चात् भी नहीं मिली है। जिसको गुम हुये 11 वर्ष बीत चुके है।

**सूचना**

सूचित करना है कि भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरे पति की पालिसी संख्या 236638695 नामिनी के तौर पर मेरा नाम रामावती तिवारी दर्ज है, जबकि आधार, बैंक व वोटर कार्ड में मेरा नाम जानकी देवी दर्ज है। रामावती तिवारी व जानकी देवी दोनों मेरे ही नाम हैं। **–रामावती तिवारी उर्फ जानकीदेवी पत्नी स्व जगन्नाथ बेलसर जिला गोंडा।**

**प्लाट बिकाऊ है**

26×100=2600 sqfit हाइवे से 150 metar अन्दर काली सड़क पर पानी बिजली व्यवस्था है।
**पता : रानी बाजार सूबेदार का पुरवा, अमौना जिला– अयोध्या मो0नम्बर = 9721860359 9415548728**

**सूचना**


सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट L 3407463 में मेरा नाम **मोहम्मद मजीद कौड़िया बाजार जामा मस्जिद गोंडा** एवं जन्मतिथि 10–09–1971 गलत अंकित है मेरे आधार में अंकित नाम माजिद अली पुत्र मोहम्मद अली 33 का जेल पीछे तोपखाना छावनी सरकार गोंडा सही है।


# काश! तपोवन को मिल जाता पर्यटन स्थल का दर्जा

- महंत के प्रयास व तत्कालीन डीएम के तबादले से अटक गई फाइल

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


प्राकृतिक जल स्रोतों से मिलकर बना नाला।



आश्रम परिसर में लगा शिलापट। अमृत विचार



अमृत विचार। आठ किलोमीटर क्षेत्रफल में फैले तपोवन सिद्ध आश्रम में पीपल, बरगद, खिरनी समेत अनेक दुर्लभ वृक्षों का बियाबान जंगल है। इस जंगल में पाए जाने वाले प्राकृतिक जल स्रोत महाभारत काल के जुड़ाव को दर्शाते हैं। इस आश्रम को बनाने वाले सिद्ध पुरुष तारेश्वरानंद के शिष्य महंत स्वामी नारायणानंद वर्तमान में आश्रम के विकास में जुटे हैं। उनके प्रयास से तत्कालीन डीएम पुलकित खरे ने न सिर्फ यहां सौंदर्यीकरण कराया, बल्कि इसे पर्यटन स्थल घोषित कराने के लिए भी काफी प्रयास किया, लेकिन उनके तबादले से फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। आश्रम के महंत कहते हैं कि कुछ महीने उनका तबादला और न हुआ होता तो पर्यटन स्थल घोषित होने से इस आश्रम का कायाकल्प हो चुका होता। उन्होंने प्रदेश सरकार से एक बार फिर तपोवन सिद्धाश्रम को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग की है।

### नहीं मिल सका पर्यटन स्थल का दर्जा


महंत नारायणानंद।

महंत नारायणानंद को इस बात की पीड़ा है कि महाभारत काल से इस स्थान को जुड़ाव होने के बाद भी आज तक इसे पर्यटन स्थल का दर्जा नहीं मिल पाया। हालांकि उन्होंने पर्यटन मंत्रालय को अनेक प्रस्ताव भी भिजवाए। वह बताते हैं कि धोबिया का नाम कभी धौम्या था, जो अपभ्रंश होकर धोबिया हो गया। पांडवों के कुल पुरोहित धौम्य ऋषि बनवास के दौरान वनवास के दौरान भी पांडवों के साथ थे। लोक मान्यता है कि वनवास के दौरान पांडव यहां विचरण करते हुए आए तो यहां के रमणीय जंगल को देखकर यहां रुक गए। धौम्य ऋषि ने यहां तपस्या की थी, इसलिए इस तपोवन का नाम धौम्य आश्रम पड़ा, जो आगे चलकर बोलचाल की भाषा में बदलकर धोबिया आश्रम हो गया। कहा जाता है कि प्यास लगने पर एक बार अर्जुन ने बाण चलाकर इस धरती से जलस्रोतों की उत्पत्ति की थी।

**16 फुट के नर कंकाल के मिलने का भी है अद्भुत रहस्य :** महंत नारायणानंद के मुताबिक वह आश्रम में 1973 से सेवारत हैं। वर्ष 1982 में खुदाई के दौरान यहां 16 फुट का नरकंकाल मिला। ऐसी मान्यता है कि यह कंकाल धौम्य ऋषि का हो सकता है। इस मान्यता पर नर कंकाल को समाधिस्थ कर यहां पर स्थान बना दिया गया, जो सिद्ध बाबा के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां दूरदराज से लोग आते हैं और तमाम धार्मिक आयोजन होते रहते हैं।

### ऐसे पहुंचे तपोवन

लखनऊ–दिल्ली नेशनल हाइवे–24 पर स्थित मैगलगंज से 16 किलोमीटर दूर बरगांवा होते हुए तपोवन सिद्धाश्रम पहुंच सकते हैं। लखनऊ से दूरी 130 किलोमीटर है। वहीं हरदोई जिला मुख्यालय से वाया पिहानी 35 किलोमीटर, सीतापुर से वाया महोली होते हुए 42 किमी, शाहजहांपुर से वाया पिहानी होते हुए 52 किमी पर स्थित है।


BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

# गंगाघाट क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज की एनओसी को लेकर हुआ निरीक्षण

## राजस्व विभाग और रेलवे के अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखी हकीकत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गंगाघाट गेट नंबर 41 रेलवे क्रासिंग अति व्यस्त क्रासिंग हैं। इस क्रासिंग से पश्चिमी क्षेत्रों के लोगों का आवागमन होने के साथ ही श्मशान घाट को लोग आते जाते हैं। जिसे देखते हुये रेलवे विभाग ने इस क्रासिंग पर अंडर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव रखा है। उसी की एनओसी के लिये शनिवार दोपहर रेलवे के असिस्टेंट इंजीनियर, एसडीएम सदर, सीओ सिटी पहुंचे। जहां सभी ने मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसके बाद रेलवे ने एनओसी की मांग की। जहां राजस्व विभाग का मानना है कि बाढ़ के दिनों में अंडर ब्रिज में पानी भर जायेगा। ऐसे में आवागमन प्रभावित होगा।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन का आदर्श स्टेशन के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। सुंदरीकरण होने के साथ ही पश्चिमी क्षेत्रों के आवागमन को लेकर रेलवे विभाग की ओर से गंगाघाट गेट नंबर 41 पर अंडर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव भी हुआ है। अंडर ब्रिज बनाने के लिये उन्नाव जिलाधिकारी से रेलवे को एनओसी मिलेगी। उसी को लेकर दोपहर करीब बारह बजे रेलवे के असिस्टेंट इंजीनियर राहुल जबरेवाल, एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडे, क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह, आईओडब्ल्यू हर्ष बल्लभ आदि के मातहतों के साथ गंगाघाट रेलवे क्रासिंग पहुंचे। जहां उन्होंने क्रासिंग के दोनों ओर जाकर मौके का जायजा लिया। इसके साथ ही अंडर ब्रिज को लेकर चर्चा की। अधिकारियों के अनुसार जिलाधिकारी उन्नाव की अनुमति से ही अंडर ब्रिज बनाने की एनओसी मिलेगी। एनओसी मिलने के बाद अंडर ब्रिज का कार्य चालू हो सकता है। वहीं अंडर ब्रिज बनने से बाढ़ के दिनों में यातायात प्रभावित हो सकता है।


गंगाघाट रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज का स्थलीय निरीक्षण करते अधिकारी।

- राजस्व विभाग का मानना है कि बाढ़ में प्रभावित होगा आवागमन

### ओवरब्रिज हो सकता है कारगर

राजस्व विभाग के लेखपाल अशोक सैनी ने बताया कि बाढ़ के दिनों में चंपापुरवा, राजीव नगर खंती में पानी भर जाता है। ऐसे में अंडर ब्रिज काफी गहराई से बनेगा। जिसमें पानी भरना प्रभावित है। जिससे आम जानमानस के लिये खतरा बन सकता है। ऐसे में एनओसी मिलना मुश्किल होगा। वहीं यदि ओवर ब्रिज बनाया जाये तो यातायात में कोई दिक्कत नहीं आयेगी।

### बाढ़ में अंडरब्रिज में भर सकता है पानी

बाढ़ के दिनों के अलावा बरसात के समय अंडर ब्रिज मार्ग में पानी भर सकता है। ऐसे में अंडर ब्रिज से गुजरने वाला यातायात प्रभावित हो सकता है। वहीं पानी भरने से कानपुर जूही पुल की तरह घटनाएं भी हो सकती हैं।

# प्रेमिका के उलाहना देने पर प्रेमी ने निगला जहर, भर्ती

**बांगरमऊ उन्नाव।** एक युवती अचानक अपने प्रेमी के घर जा पहुंची और प्रेमी से पूछा कि तुम मुझसे शादी क्यों नहीं कर रहे। तुमने आखिर मुझे धोखा क्यों दिया। इतना सुनते ही प्रेमी ने घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसे सीएचसी लाया गया। जहां से उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया गया।

बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव गोशा कुतुब निवासी जमील के 21 वर्षीय बेटे रुबियान का बांगरमऊ नगर के एक मोहल्ला निवासी तलाकशुदा महिला से प्रेम संबंध हो गये थे। बीते कुछ दिनों से रुबियान उससे बात नहीं कर रहा था। इस पर प्रेमिका परिजनों के साथ शनिवार को रुबियान के घर जा धमकी और कहा कि काफी दिनों से आखिर बात क्यों नहीं कर रहे हो। आखिर तुम शादी के वादे से मुकर क्यों गए। इससे क्षुब्ध होकर रुबियान ने आनन-फानन घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उधर प्रेमी की हालत अचानक गंभीर देख प्रेमिका अपने परिजनों के साथ वहां से भाग गई।


अच्छे अंक लाने वाली छात्रा को पुरस्कार देते शिक्षक। अमृत विचार

# लक्ष्मी, नैंसी और प्रिया बनीं टॉपर

संवाददाता परियर उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय सेनानी स्मारक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल घोषित करते हुए अंकपत्र दिए गए। वक्ताओं ने बच्चों को विद्यार्थी जीवन में सफलता गुर बताए।

विद्यालय की छात्रा लक्ष्मी पहले और नैंसी दूसरे स्था पर रहीं। वहीं प्रिया ने तृतीय व तनू यादव ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक अनुज दीक्षित ने सभी मेधावियों को पुरस्कृत किया। साथ ही हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों की तरह छात्र जीवन में नियमित अध्ययन किसी भी विद्यार्थी को अव्वल बना सकता है। इसलिए स्वयं व परिवार के साथ विद्यालय और क्षेत्र को गौरवांवित कराने के लिए सभी को निरंतरता से अध्ययन जारी रखना चाहिए। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह व शिक्षिका शीला पांडेय ने कहा कि विद्यालय में कराए गए शिक्षण कार्य को घरों में दोहराते हुए भी पहली पंक्ति में पहुंचा जा सकता है।

इसलिए इस बार हुई चूक से सबक लेकर सभी बच्चों को विद्यालय के बाद भी किताबों से नाता जोड़ने की आदत विकसित करनी चाहिए। अयोध्या प्रसाद ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान संतोष राजपूत, उमा तिवारी, संतोषी तिवारी, शिवानी, अंशू शर्मा, नेहा, सोनम व रेनू पाल व अभिभावक मौजूद रहे।

# महिला की जमीन पर चलवाया गया बुलडोजर

**पुरवा।** तहसील क्षेत्र के गांव गड़रियन खेड़ा निवासी बिंदादेई ने बीते दिनों डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि मुक्तेमऊ स्थित भूमि संख्या-641 का वर्ष-1978 में मुक्तेमऊ निवासी नारायण बक्श से बैनाम कराया था। भूमि का दाखिल खारिज भी हो गया था। तभी से वहां उसका कब्जा था। वर्ष-1980 के लगभग कालूखेड़ा-भल्लाफार्म मार्ग का निर्माण हुआ। जिसमें उसकी भूमि का 3 बिसुआ हिस्सा सड़क में गया था जिसका उसे मुआवजा भी मिला था। बीती 3 दिसंबर को मुक्तेमऊ के कुछ लोगों ने उसकी भूमि पर बुल्डोजर चलवाकर ईंट डालकर अवैध रूप से निर्माण कराना चाह रहे थे। जिस पर शनिवार को कानून-गो ब्रजेश व क्षेत्रीय लेखपाल सूर्यप्रताप जांच करने पहुंचे। पीड़िता व गांव के लोगों ने लेखपाल द्वारा ही उनके पेड़ कटवाने की बात कहते हुए वहां से वापस कर दिया। विंदादेई ने कहा कि अभी तक उसके हरे पेड़ कटने के मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब बुल्डोजर चल गया। एसडीएम रनवीर सिंह ने बताया कि कानून-गो और लेखपाल गये थे। लेकिन, जांच पूरी नहीं हो पायी। फिर से समाधान कराया जायेगा।

# सब स्टेशन में आई खराबी पांच घंटे ठप रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** इब्राहिम बाग विद्युत सब स्टेशन में तकनीकि खराबी आने से दिन में करीब पांच घंटे आपूर्ति ठप रही। इससे भीषण गर्मी के बावजूद एसी व कूलर आदि का इस्तेमाल न कर पाने को लेकर उपभोक्तओं में खासी नाराजगी रही। दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे आपूर्ति बहाल होने पर लोगों ने चैन की सांस ली।

वैसे गर्मी बढ़ने के साथ दिन व रात के समय बार-बार इस सब स्टेशन से जुड़े मोतीनगर, पीतांबर नगर, अनवार नगर, कृष्णानगर व इब्राहिम बाग मोहल्लों की आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला जारी है। आम दिनों में आपूर्ति ठप होने के 20 मिनट आधा घंटे बाद बिजली आ जाती थी, लेकिन शनिवार को सुबह करीब 10.30 बजे गुल हुई बिजली दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक ठप रही। इस दौरान उपभोक्ता जानकारी करने को लगातार फोन मिलाते रहे, लेकिन प्रायः फोन व्यस्त बना रहा। सब स्टेशन पहुंचने वाले उपभोक्ताओं को विद्युत उप केंद्र में तकनीकि खराबी होने की जानकारी देकर लौटाया जाता रहा। उपभोक्ता यूएन तिवारी, दिनेश कुमार, पियूष सिंह चौहान व बब्लू सिंह ने बताया कि सबसे बदतर आपूर्ति इसी सब स्टेशन द्वारा की जा रही है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि आपूर्ति बाधित होने से व्यवसायिक उपभोक्ताओं को दोहरी मार बर्दास्त करनी पड़ती है, क्योंकि कामकाज भी बाधित रहता है। सब स्टेशन के एसएसओ ने बताया कि केबिल फाल्ट हो गया था, जिसे बदलने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई।

- कारोबार प्रभावित होने से व्यवसायिक कनेक्शन धारकों पर पड़ती है दोहरी मार

# गौशाला का औचक निरीक्षण कर परखीं व्यवस्थाएं

**बिछिया उन्नाव।** क्षेत्र के गांव पड़री खुर्द की गौशाला का पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष अवस्थी, सिंचाई लघु अभियंता राजेश कुमार व पशु चिकित्साधिकारी पड़री खुर्द डा. रेनू ने निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए गौवंश को लू व गर्मी से बचाने के प्रति सजगता बरतने के निर्देश दिए।

टीम को मौके पर 168 गोवंश मिले। जिसका अभिलेखों से मिलान कराया गया। गोवंश को गर्मी व लू से बचाने के लिए टीनशेड के साथ तिरपाल का इस्तेमाल देख संतोष जताया। नांदों में गौवंश के लिए भूसा व चरही में पानी भी भरा मिला। कर्मियों ने बताया कि गौशाला में सबमर्सिबल लगा है, जिससे गौवंश को पानी देने के साथ नहलाया भी जाता है। ग्राम पंचायत सचिव महेश चंद ने निरीक्षक दल को गौशाला में रखा ढाई कुंतल भूसा भी दिखाया।

# गैंगस्टर में वांछित के घर में नोटिस चस्पा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के न्यू कृष्ण पैलेस निवासी रिटायर्ड लेखपाल के खिलाफ वर्ष-2023 डीएम की संस्तुति पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट में हाजिर न होने पर विवेचक ने शनिवार को रिटायर्ड लेखपाल के घर नोटिस चस्पा की।

न्यू कृष्णा पैलेस टेलीफोन एक्सचेंज के पास व जगनी खेड़ी तथा मूल निवासी मुंशीगंज कस्बा थाना सांडी जनपद हरदोई का रहने वाला रिटायर्ड लेखपाल ब्रम्ह शंकर पुत्र होरी लाल व उसकी पत्नी कुसुमा देवी पत्नी ब्रम्ह शंकर ने एक संगठित आपराधिक गिरोह कायम कर रखा है। उसने भौतिक, आर्थिक एवं निजी लाभ व धोखाधड़ी, गबन आदि जघन्य अपराध कर अवैध धन अर्जित किया है। वहीं रिटायर्ड लेखपाल ने जमीनों में भी खूब हेराफेरी की है। नायब तहसीलदार शशिबिंदु द्विवेदी की जांच में धोखाधड़ी और हेरफेरी का मामला भी प्रकाश में आया है। जिस पर 26 जुलाई 2023 को तत्कालीन डीएम अपूर्वा दुबे के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने रिटायर्ड लेखपाल और उसकी पत्नी कुसुमा देवी पर गैंगस्टर की कार्यवाही की थी। पुलिस ने कुसुमा को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जबकि रिटायर्ड लेखपाल अभी भी वांछित चल रहे हैं। दर्ज मुकदमे का मामला कोर्ट में चल रहा है। रिटायर्ड लेखपाल कोर्ट पर हाजिर नहीं हुआ जिस पर कोर्ट ने 82 की नोटिस जारी की। शनिवार को उन्नाव सदर कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर राजेश यादव रिटायर्ड लेखपाल के घर पहुंचे। जहां आरोपी लेखपाल के घर के बाहर नोटिस चस्पा की।


आरोपी लेखपाल के घर नोटिस चस्पा करते क्राइम इंस्पेक्टर। अमृत विचार

- कोर्ट में हाजिर न होने पर विवेचक ने की कार्रवाई

## सार-संक्षेप

### गौरक्षक दल ने गोरक्षा की ली शपथ

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को राष्ट्रीय गौरक्षक दल की एक बैठक हुई। इसमें मौजूद पदाधिकारी और सदस्यों ने गोवंश की रक्षा की शपथ ली। वहीं पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष नीरज सिंह की अध्यक्षता में गौरक्षक दल की बैठक का शनिवार को आयोजन किया गया। जहां नगर व आस पास ग्रामीण क्षेत्रों से गौ रक्षक दल के पदाधिकारी पहुंचे। अध्यक्ष ने कहा कि पशुओं के लिये जारी हेल्प लाइन नंबर 1962 पर कॉल करे। जिससे घायल गौवंशों को इलाज मिल सके। गोवंशों के संरक्षण के लिए सरकार लाखों रुपया खर्च कर रही है। इस अवसर पर दिनेश यदुवंशी, मनोज, विकास, सत्यपाल सिंह, कमलाकांत, संतोष सिंह, लालेश अस्थाना आदि लोग मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब ने राहगीरों को पिलाया शर्बत

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को रोटरी क्लब गंगाघाट द्वारा राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण कराया गया। जहां दोपहर से शाम तक अनवरत चलता रहा। इस दौरान गर्मी में लोगों ने ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। शनिवार को राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में रोटरी क्लब की ओर से बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। जिसके बाद प्रसाद बांटा गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने मंदिर के बाहर शर्बत वितरण कराया। जहां फोरलेन से आने जाने वाले लोगों ने गर्मी में ठंडा-ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। इस मौके पर अध्यक्ष अमित मिश्रा, अंकुर शुक्ला, अवनीश शुक्ला, रवि शुक्ला, डॉ. अनिल शुक्ला, राहुल तिवारी, रितेश मिश्रा, अंजनी मिश्रा, विजय तिवारी, विवेक गुप्ता, विवेक शुक्ला के अलावा तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

### रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज हुआ

**उन्नाव।** मझरा पीपरखेड़ा के रहने वाले अवधेश सैनी ने 20 मई को कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने प्लाट का निर्माण करने के लिए पहुंचे। जिस पर रिटायर्ड लेखपाल ब्रहम शंकर, मनोज कुमार, कुशमा मिश्रा, अविनाश मिश्रा प्लाट बनवाने के नाम पर 50 लाख की रंगदारी मांगी। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध रंगदारी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की।

### फ्राड कर पार की गई नकदी कराई वापस

**उन्नाव।** जिले में साइबर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत पीड़ित के खाते से उड़ाए गए 20 हजार रुपए वापस कराए हैं। सदर कोतवाली के एबी नगर निवासी शशांक बाजपेई ने नौ मई को सदर कोतवाली पुलिस को 88 हजार रुपए आन लाइन फ्राड होने की शिकायती की थी। सदर कोतवाली की साइबर टीम ने 15 मई को तीन हजार रुपए पीड़ित के खाते में वापस कराए थे। शनिवार को पीड़ित के खाते में 20 हजार और लौटाए गए। अपराध निरीक्षक राजेश यादव ने बताया कि शेष धनराशि वापस कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### छत से गिरकर किशोरी व महिला गंभीर

**बांगरमऊ।** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव वैरी निवासी सोनेलाल की 17 वर्षीय बेटी संघप्रिया शनिवार शाम गर्मी से राहत पाने के लिए घर की छत पर गई थी। तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह जमीन पर आ गिरी। सिर के बल जमीन पर गिरने से किशोरी गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। इसके अलावा कोतवाली क्षेत्र के गांव सहबाजपुर निवासी हरिपाल की पत्नी शिवकली (40) भी शनिवार दोपहर मकान की छत से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गई। सीएचसी से उसे भी जिला अस्पताल भेज दिया गया।

### युवक को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के मोहल्ला नौनिहाल गंज निवासी मोबीन पुत्र सलीम बक्स को शनिवार शाम घर में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल भेज दिया।

# समर कैंप में रोज ढाई घंटे मस्ती कर रहे बच्चे

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** गौरी बीघापुर स्थित एमएम पब्लिक स्कूल के प्रबंधन की ओर से आयोजित समर कैंप में शामिल कक्षा तीन से आठ तक 180 बच्चे रोज ढाई घंटे मस्ती कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानाचार्या शिवानी सिंह सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में बुलाए गए एक्सपर्ट बच्चों को योगा, ताइक्वांडो, गीत व संगीत के गुर सिखा रहे हैं। साथ ही इंडोर कैरम, शतरंज आदि खेल की बारीकियां भी सीखने को मिल रही हैं। प्रतिदिन सुबह आठ से 10.30 बजे के बीच मो. फैज जहां बच्चों में छिपी गायन प्रतिभा को निखारने के लिए मशक्कत करते हैं। वहीं क्षितिज कुमार मिश्र कैंप में शामिल बच्चों को क्लासिकल ट्रेनिंग देते हैं। इसी तरह आशीष जायसवाल छात्र-छात्राओं को योगा व ताइक्वांडों आदि का प्रशिक्षण देते हुए स्वयं को मजबूत बनाने को प्रेरणा प्रदान करते हैं। बीच-बीच में बच्चों को विभिन्न इंडोर खेल में शामिल कर सफलता अर्जित कराने वाली बारीकियां बताई जाती हैं। बच्चों के मुताबिक समर कैंप में बीतने वाला समय सुखद होता है। इसलिए सुबह विद्यालय पहुंचने की जल्दी रहती है। इसलिए वह खुद ही तैयार होकर निकल लेते हैं। वहीं अभिभावक भी विद्यालय की ओर से योग्य लोगों को बुलाकर समर कैंप आयोजित कराने की सराहना कर रहे हैं। प्रबंधक आशीष अवस्थी गौरव ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कैंप लगाया जा रहा है, जिससे वह अन्य विधाओं से अछूते न रह जाएं।


समर कैंप में योगाभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

- एमएम पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं को बताए जा रहे योगा व ताइक्वांडो के गुर

# चचेरे भाइयों को ट्रैक्टर ने रौंदा, एक की मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव भाऊखेड़ा मजरा गौरा कठेरवा निवासी पिंकू (20) पुत्र दयाशंकर के घर में शनिवार को मांगलिक कार्यक्रम था।

शनिवार शाम वह अपने चचेरे भाई सौरभ (21) पुत्र किशोरी लाल के साथ सामान लेने जैतीपुर बाजार गया था। इस दौरान जैतीपुर रेलवे स्टेशन के सामने अज्ञात ट्रैक्टर उसकी बाइक में टक्कर मारकर फरार हो गया। इसमें पिंकू की घटनास्थल पर मौत हो गई। एंबुलेंस से घायल सौरभ को नवाबगंज स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद सौरभ को गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए उसे लेकर चले गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मृतक का पिता दयाशंकर गुजरात मे रहकर नौकरी करता है। उसकी मौत से मां राधा का रो-रोकर बुरा हाल है।

**बढ़ी परेशानी** पारा 42 डिग्री पहुंचने से लोगों का जीना हुआ मुहाल, अघोषित विद्युत कटौती भी बन रही नासूर

# प्रचंड गर्मी में रुला रही बिजली की आंख-मिचौली

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** मई समाप्त होने से पहले ही आग उगलती गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा है। आमतौर पर पारा 42 डिग्री के आसपास पहुंचता रहता है। इससे आमजन त्राहि-त्राहि करने को मजबूर है। एक ओर लू के थपेड़े पूरे दिन झुलसाते रहते हैं। वहीं दूसरी तरफ विद्युत कटौती लोगों के लिए नासूर साबित हो रही है।

दिन चढ़ते ही जहां घरों से निकलने वाली महिलाओं को छतरियां उठानी पड़ती हैं। वहीं बिना गमछे का सहारा लिए पुरुष कामकाज के लिए घरों के बाहर निकल पा रहे हैं। प्रचंड गर्मी के कहर सभी बेहाल हैं। इसीलिए दोपहर होते ही सड़कों पर सन्नाटा छाने लगता है। लोगों का कहना है कि मौसम का प्रकोप कूलर वह एसी को भी फेल साबित कर रहे हैं। रेलवे व बस स्टेशन पर गाड़ियां रुकते ही यात्री पानी तलाशना शुरू कर देते हैं।

- दोपहर में सड़कों पर पसरने लगता है सन्नाटा, लोग-बोले फेल साबित हो रहे एसी, कूलर



### बोले उपभोक्ता



समाजिक कार्यकर्ता अनुज कुमार गौड़ ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों को विद्युत अधिकारियों को शासन के निर्देशों के तहत आपूर्ति बहाल रखने के निर्देश देने चाहिए। साथ ही अमल न होने पर उनके साथ कड़ाई से पेश आकर कार्रवाई करानी चाहिए।



इसी तरह मनीष राठौर विद्युत कटौती को भीषण गर्मी में बेहाल करने वाला बताते हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों मुश्किल से 10-12 घंटे ही विद्युत आपूर्ति की जा रही है। बड़े तो किसी तरह समय काट लेते हैं, लेकिन बच्चों की परेशानी देखी नहीं जाती है।

### नहीं मिला बिजली महकमे से जवाब

अघोषित बिजली कटौती के संबंध में जानकारी करने पर उप खंड अधिकारी एजाज अहमद ने बताया आसीवन फीडर में कुछ कार्य चल रहा है। इसीलिए आपूर्ति बंद की गई है। उन्होंने दावा किया कि उपभोक्ताओं के स्वीकृत से अधिक लोड इस्तेमाल किए जाने से इधर फाल्ट बढ़ गए।

### अघोषित विद्युत कटौती से जनमानस परेशान

प्रचंड गर्मी के बीच हो रही जबर्दस्त विद्युत कटौती विद्युत उपभोक्ताओं का जीना दुश्वार किए है। हालात यह हैं कि प्रति घंटे बिजली गुल होती रहती है। वैसे तो दिन में भी यह सिलसिला जारी रहता है, लेकिन रात की कटौती लोगों की नींद हराम किए रहती है। प्रदेश सरकार की ओर से भले ही तहसील मुख्यालयों पर 18 से 20 घंटे विद्युत आपूर्ति का दावा किया जाए, लेकिन बार-बार होने वाली कटौती के चलते उपभोक्ता बमुश्किल 12-15 घंटे आपूर्ति होने का दावा कर रहे हैं। ट्रिपिंग का जारी रहने वाला सिलसिला विद्युत उपकरणों को खराब करता है। इसे लेकर उपभोक्ता नाराजगी जताते हैं।

# आपूर्ति के दौरान आदर्श नगर में टूटा तार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शनिवार सुबह विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान आदर्श नगर गली में एलटी लाइन टूट गई। जिससे आने जाने वाले लोग बाल-बाल बच गये। इसी तरह कंचन नगर में न्यूटल तार टूटने के कारण कई घरों में हाई और लो वोल्टेज आने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी।

शनिवार सुबह करीब छह बजे विद्युत आपूर्ति चालू होने के दौरान अचानक एलटी लाइन में स्पार्किंग होने से तार टूट गया। जिससे गली से निकल रहे लोग बाल-बाल बच गये। तार टूटने की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। जिसके बाद आपूर्ति बंद कराई गई। जिसके बाद दिन करीब साढ़े दस बजे बिजली कर्मी मौके पर पहुंचे और मरम्मत कार्य किया। इस दौरान सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। कंचन नगर सकरी गली के पास न्यूटल तार टूटने के कारण कई घरों में हाई वोल्टेज से इलेक्ट्रानिक उपकरण फुंके और कई घरों में तीन घंटे तक लो वोल्टेज की समस्या से हजारों लोग जूझते रहे। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने मरम्मत कार्य किया। जिसके बाद आपूर्ति सामान्य हो सकी। वहीं कंचन नगर 6 खम्बा के पास एचटी लाइन का जंपर दोपहर 12 बजे उड गया, जिससे लगभग 100 घरों की बिजली सप्लाई दोपहर लगभग ढाई बजे तक बिजली बंद रही। इसके अलावा नगर के अन्य मोहल्लों में भी फाल्टों के कारण घंटों बिजली गुल रही।


आदर्श नगर में मरम्मत कार्य करते बिजली कर्मी। अमृत विचार

# पहले नौतपा की गर्मी ने लोगों को किया बेहाल

## ज्येष्ठ मास की शुरुआत के साथ ही बढ़ जाता है गर्मी का प्रकोप, जरूरी काम पर ही घर से निकल रहे लोग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


ओवरब्रिज पर शाम चार के बजे के बाद भी थमा रहा आवागमन। अमृत विचार



कालेज वाहन से मुंह ढककर उतरती छात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौतपा शुरू होने के साथ ही मौसम के मिजाज और अधिक तल्ख हो गए हैं। भोर की लाली समाप्त होने के साथ सूर्य की किरणें अपना प्रभाव दिखाना शुरू कर देती हैं, जबकि 10 बजे से ही सूरज की ताप लोगों की परेशानी बढ़ाने लगता है। वहीं दोपहर के समय सड़कों पर लोगों की आवाजाही न्यूनतम हो जाती है। इस दौरान बहुत जरूरी होने पर घरों से निकलने वाले स्वयं को ठीक से ढकने के बाद ही देहरी के बाहर कदम रखते रहे।

वैसे तो गर्मी का प्रकोप मई माह शुरू होने के साथ ही बढ़ गया था। मौसम विभाग ने पहले से ही हीट वेव की भविष्यवाणी कर रखी थी, जिसका तापमान 40 पार पहुंचते ही प्रभाव भी दिख रहा था। शनिवार का दिन सुबह से ही गर्म बना रहा। सुबह 10 बजे से ही धूप की तेजी लोगों को बेहाल करने लगी, जबकि दोपहर के समय पार 42 पार होने पर सड़कों पर आवाजाही कम होने लगी। इससे जरूरी काम निपटाने के लिए घरों से बाहर निकलने वाले मजबूरी में बचाव के तमाम उपाय करने के बाद ही घरों के बाहर कदम रखने की हिम्मम जुटा सके। हालांकि बैंक व कचहरी में अवकाश रहा, जिससे बैंक कर्मियों व ग्राहकों सहित अधिकांश अधिवक्ताओं और वादकारियों परेशान नहीं होना पड़ा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार शनिवार को सुबह 3:15 बजे सूर्य रोहणी नक्षत्र में प्रवेश कर चुके हैं। ग्रहों की स्थिति के आधार पर नौतपा के दिनों में सूर्य व पृथ्वी की दूरी कम हो जाती है। इसीलिए तय तिथियों पर सूर्य की किरणें पृथ्वी पर अधिक तीव्रता से पहुंचता हैं। आचार्य पं. करुणा शंकर तिवारी के मुताबिक नवतपा के दिनों में जलदान करना लाभकारी साबित होता है। इसलिए लोगों को आदमियों सहित पशु-पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराना चाहिए। आचार्य अरुण ने कहा कि मानसून आने से पहले मौसम की गर्मी को प्रचंड करने वाला यह समय वास्तव में मानसून का सृजनकाल है। इसीलिए नौतपा जितना अधिक तपता है, आगे चलकर उतनी ही अच्छी बारिश भी होती है।

# सूर्य हुआ तल्ख, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


**अमृत विचार।** नौतपा नक्षत्र लगने के बाद गर्मी अपने प्रचंड स्वरूप पर आ गई है। दिनों दिन गर्मी का पारा ऊपर चढ़ चढ़ रहा है। जिससे लोग बेहाल हो रहे हैं। शनिवार का दिन अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक गर्म रहा। जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं दोपहर के समय मुख्य मार्गों और चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा।

इधर कई दिनों से गर्मी का ग्राफ बढ़ा रहा है और तापमान भी 40 डिग्री के आसपास रहा। ऐसे में भीषण गर्मी के बीच नगरवासियों का घरों से निकलना मुसीबत भरा रहा। नौकरी, व्यापार करने वालों के अलावा स्कूली बच्चे तक चटक धूप के कारण हलकान रहे। सुबह आठ बजे से ही सूर्य तल्ख हो गया। जिससे आने जाने वाले लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं दोपहर बारह बजते ही गर्म हवाएं चलने से सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। केवल जरूरी काम से निकलने वाले लोगों की ही चहलकदमी सड़कों पर दिखाई देती है। दोपहर होते ही हर कोई छांव की तलाश में इधर-उधर भटकता रहता है। आने जाने वाले राहगीर किसी तरह सिर छिपाते हुये अपने घरों को पहुंचे। वहीं मध्य रात्रि से नौतपा नक्षत्र लग गया। जो नौ दिन नौ जून तक रहेगा। नौतपा के दौरान सूर्य अधिक तल्ख होने के साथ ही धरती के और पास आ जाता है। ऐसे में गर्मी भीषण पड़ती है। अधिक गर्मी पड़ने पर आने जाने वाले लोग इसका बचाव करें, नहीं तो बीमार पड़ सकते हैं।


तेज धूप में दुपट्टे से मुंह ढक कर जाती युवतियां। अमृत विचार

# एबीसी केबिल डालने में आठ घंटे आपूर्ति रही ठप

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर के ऋषि नगर मोहल्ले में इन दिनों कार्यदायी संस्था नई एबीसी केबिल डालने का काम कर रही है। जिसे देखते हुये शनिवार को सुबह से शाम तक सैकड़ों घरों की बिजली बंद रही। इस दौरान नई एबीसी केबिल डाली गई। गर्मी में बिजली न आने से लोग परेशान हो गये। गर्मी के चलते लोग इधर उधरघूमते टहलते देखे गये।



शनिवार को ऋषि नगर की एक गली में एबीसी केबिल डालने के लिये कार्यदायी संस्था के कर्मचारी पहुंचे। जहां सुबह दस बजे शट डाउन लेने के बाद खंभों से पुराने जर्जर तार हटवाये। जिसके बाद नई एबीसी केबिल डालने का काम शुरू हुआ। इस दौरान डेढ़ सौ घरों की बिजली बंद रही। बिजली न आने पर क्षेत्रीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। शाम करीब छह बजे के बाद कार्य समाप्त होने पर आपूर्ति चालू हो सकी। जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली और बिजली विभाग का शुक्रिया अदा किया।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# जाम में फंसे लोग गर्मी के चलते हो रहे बेहोश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- शनिवार को फिर नवीन पुल पर लगा ढाई घंटे जाम

**अमृत विचार।** नवीन पुल के संकरे रास्ते और वाहनों के अधिक भार के कारण रोजाना नवीन पुल पर जाम लग रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिससे लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। शनिवार को भी पीक ऑवर में ढाई घंटे जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं, इस भीषण गर्मी में जाम में फंसे लोग बेहोश तक हो जा रहे हैं।

पुराना यातायात पुल बंद होने के कारण नवीन पुल पर वाहनों का अधिक भार है। जिससे आये दिन जाम लग रहा है। सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे पुल पर वाहनों की अधिकता रही। जिस कारण जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में टेंपो, ई रिक्शा, दोपहिया, चौपहिया, लोडर, साइकिल के अलावा अन्य वाहन जाम में फंस गये। जाम को देख स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस मशक्कत करती रही। दोपहर करीब बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद जाम हट सका।

वहीं दोपहर करीब डेढ़ बजे एक बार फिर संकरे मार्ग के चलते जाम लग गया। तेज धूप होने के कारण जाम में फंसे लोग व्याकुल हो गये। मौजूद पुलिस ने किसी तरह जाम हटवाया। जिसके बाद जाम सामान्य हो सका। वहीं शाम को एक बार फिर से जाम की स्थिति बनी रही। जिससे वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

## एक नजर

### बिना परमीशन काट डाले आम के छह हरे पेड़

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कसरौर निवासी सती कुशवाहा के खेत में लगे प्रतिबंधित आम के छह हरे पेड़ों को बिना परमिशन के काट डाला गया। जिसकी सूचना किसी ने वन विभाग को दे दी। मौके पर पहुंची वन रक्षक रेनू को पेड़ कटे हुए मिले। इस पर वन रक्षक ने सती के विरुद्ध पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### प्रधान के 400 यूके लिप्टस के पेड़ काटकर बेच डाले

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र हाजीपुर तरेहा गांव के प्रधान सरोज ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि गांव के बाहर भूलईहा सरकारी तालाब है। जहां तालाब के किनारे किनारे आठ लाख कीमत के 400 यूके लिप्टस के पेड़ खड़े थे। जो गांव के राधेलाल, सुजीत, प्रेम आदि ने बिना बताए काटकर बेंच लिये। पीड़ित प्रधान ने आरोप लगाया कि लेखपाल की मिलीभगत से पेड़ काटे गए हैं। पीड़ित ने मोहान चौकी में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मोहान चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# विवाहिता ने फंदे से लटककर की खुदकशी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** अचलगंज थानांतर्गत मवैया माफी गांव निवासी विवाहिता अपने घर फंदे से लटक गई। सूचना पर पहुंचे पति ने उसे परिजनों के सहयोग से नीचे उतारा लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। मायके से पहुंची मां ने दामाद पर शराब पीकर अक्सर मारपीट करने का आरोप लगाया है। लेकिन, बाद में हैंगिंग से मौत की पुष्टि होने पर कोई लिखित शिकायत नहीं की।


चांदनी।

मवैया माफी गांव निवासी विमल शुक्ला पुत्र अमरनाथ की शादी तीन जुलाई-2010 को फतेहपुर जिले की निवासी चांदनी से हुई थी। विमल ई-रिक्शा चलाकर जीविका चलाता था। शराब का लती होने से उसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता था। शुक्रवार रात वह शराब पीकर घर लौटने पर उसकी चांदनी से कहासुनी हुई थी। खाना खाकर पति घर के बाहर सोने चला गया। दोनों बेटों को खाना खिलाने के बाद चांदनी घर के आंगन में पड़े जाल में अपनी साड़ी का फंदा लगाकर लटक गई। 13 वर्षीय बड़े बेटे अंशुल ने मां को लटका देख शोर मचाया तो पति व बगल में रहने वाला छोटे भाई सरवन ने फंदा काटकर उसे नीचे उतारा। लेकिन, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। जानकारी पर चांदनी की मां गीता तिवारी व अन्य परिजन पहुंचे और पति पर शराब पीकर बेटी से मारपीट करने के आरोप लगाए। पुलिस ने शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। मायके पक्ष ने अभी कोई तहरीर नही दी है।

# माचिस न देने पर दबंगों ने फल विक्रेता को पीटा

**हसनगंज उन्नाव।** हसनगंज कोतवाली अंतर्गत माचिस देने मना करने पर दबंगों ने सरे राह फल विक्रेता को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के मटरिया गांव निवासी राकेश रावत पुत्र गंगाराम ने तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार को वह अपनी फल की दुकान लगाए था। तभी गांव के गुल्ला पुत्र कालिका अपने साथियों के साथ पहुंचा और उससे माचिस मांगी।

जिसे देने से मना करने पर दबंगों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उससे मारपीट की। जिसमें उसे चोटें आ गई हैं। पड़ोसी दुकानदारों को आता देख सभी उसे धमकी देते हुए भाग निकले। तहरीर के आधार पर पुलिस एससीएसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# भूमि विवाद में ताऊ ने भतीजे को चाकू मारकर किया घायल

संवाददाता पुरवा उन्नाव

**अमृत विचार।** असोहा थानाक्षेत्र के गोरिंदा गांव में जमीनी विवाद को लेकर ताऊ ने भतीजे पर चाकू से हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर उसे जिला अस्पताल भेजा। पेट में गंभीर घाव व रक्तस्राव देख यहां से प्राथमिक इलाज देकर उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है।


अस्पताल में मौजूद घायल संतोष व परिजन। अमृत विचार

- गंभीर हालत में कानपुर के हैलट अस्पताल में कराया गया भर्ती

गोरिंदा गांव निवासी संतोष (32) पुत्र रामआसरे विद्युत विभाग में संविदा पर कार्यरत है। उसकी नियुक्ति पाठकपुर विद्युत उपकेंद्र में चतुर्थ श्रेणी में है। वह गांव के बाहर बने मकान में पत्नी व बच्चों के साथ रहता हैं। उसके ताऊ शीतल प्रसाद भी वहीं रहते हैं। शुक्रवार रात वह ड्यूटी से लौट कर घर पहुंचा था। बताते हैं कि इसी दौरान जमीन के बंटवारे को लेकर ताऊ व भतीजा में कहासुनी हो गई। बात बढ़ी और उनमें मारपीट शुरू हो गई। तभी शीतला प्रसाद ने घर में रखी चाकू से भतीजे के पेट में ताबड़तोड़ कई वार कर दिए।

पति को खून से लथपथ देख पत्नी पार्वती व अन्य परिजन उसे सीएचसी ले गए। जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल भेज दिया। पेट व कोखी में हुए वार से उसकी आंत तक बहार आ गई थी। इस पर उसे हैलट रेफर किया गया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की है। एसओ राम औतार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# परशुराम-लक्ष्मण के संवाद से दर्शक हुए रोमांचित

**बिछिया उन्नाव।** विकासखंड की जरगांव ग्राम पंचायत स्थित मां तपेश्वरी मंदिर परिसर में बीती रात बुलाए गए कलाकारों ने रामलीला का मंचन किया। सीता स्वयंवर, धनुषयज्ञ व परशुराम-लक्ष्मण संवाद लीला मंचन के दौरान कलाकारों का जीवंत अभिनय देखकर दर्शक रोमांचित हो गये।

रामलीला मंचन शुरू होने से पहले ब्लाक प्रमुख नीरज गुप्ता ने भगवान रामचंद्र की आरती उतारी। इसके बाद सबसे पहले रावण-वाणासुर व राम रावण संवाद के दृश्य जीवंत हुए। धनुष यज्ञ लीला का मंचन किया गया। भगवान श्रीराम विश्वामित्र की आज्ञा से धनुष को प्रणाम करते हुए पलक झपकते उठा लेते हैं। चाप चढ़ाते हुए अचानक धनुष टूट जाता है। । दूसरी तरफ शिव धनुष टूटने पर भगवान परशुराम की तपस्या भंग हो जाती है। वह स्वयंवर सभा पहुंचकर क्रोध प्रकट करते हुए धनुष तोड़ने वाले की जानकारी मांगते हैं।

# बिना पंजीयन चलते मिले नर्सिंग होम कराये बंद

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- एसीएमओ को निरीक्षण के दौरान बिना पंजीयन चलते मिले थे नर्सिंग होम

**अमृत विचार।** शहर में संचालित दो नर्सिंग होम एसीएमओ के निरीक्षण में बिना पंजीकरण के चलते मिले। इस पर उन्होंने दोनों को बंद करने के आदेश दिए हैं। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि आदेश पर अमल नहीं किया गया तो उन पर एफआईआर भी कराई जाएगी।

मानक विहीन निजी अस्पताल व जांच केंद्र शहर से ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से संचालित है। इनमें आएदिन लापरवाही से मरीजों की मौत तक हो जाती है। इनमें ना तो प्रशिक्षित स्टाफ होता है और कई में तो डाक्टर भी नहीं मिलते। शिकायत होने पर कार्रवाई के कुछ दिन बाद इनका फिर से संचालन शुरू हो जाता है। शनिवार दोपहर एसीएमओ डा. नरेंद्र सिंह पहले शेखपुर नहर के पास संचालित शुभी हास्पिटल पहुंचे। जहां उन्होंने नर्सिंग होम का पंजीयन मांगा। मौजूद डाक्टर और स्टाफ कोई कागज नहीं दिखा सके। इस पर एसीएमओ ने नोटिस जारी कर नर्सिंग होम बंद करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह रक्षा हास्पिटल पहुंचे। यहां भी उन्हें नर्सिंग होम का पंजीयन नहीं मिला।

इस पर उन्होंने इसे भी तुरंत बंद करने के निर्देश दिए। एसीएमओ ने बताया कि दोनों नर्सिंग होम का पंजीयन नहीं मिला है। नोटिस जारी कर दोनों नर्सिंग होम बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश का पालन न करने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

# अपहरण की सूचना पर पुलिस परेशान

## कानपुर में मिली युवती

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से पीआरवी में शुक्रवार रात करीब 1 बजे आई फोन काल में सूचना दी गई कि उसके साथ सो रही बहन का अपहरण हो गया है। अपहरण की बात सुनते ही पुलिस के हाथपांव फूल गये और पुलिस तलाश मे जुट गयी। पूरी रात तलाश करने के बाद सुबह 10 बजे युवती को कानपुर रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली।

कोतवाली क्षेत्रके एक गांव निवासी युवती ने पीआरवी को रात करीब एक बजे फोन कर बताया कि वह घर की छत पर अपनी बहन के साथ सो रही थी। उसकी नींद खुली तो देखा कि उसकी बहन वहां नहीं है। पास के खेतों पर काम कर रहे दो युवकों ने बताया कि युवती को दो लड़के बांधकर ले जा रहे थे। इसके बाद पुलिस के हाथपांव फूल गये। अपराध निरीक्षक रामनरायन पूरी रात युवती की तलाश करते रहे। इसके बाद सर्विलांस का सहारा लिया गया और मोबाईल फोन की लोकेशन से उसकी तलाश होती रही। साथ ही घर के अन्य सदस्यों के मोबाईल का डाटा तलाशने के साथ पूछताछ की गई। इसके बाद युवती को शनिवार सुबह करीब 10 बजे कानपुर रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया। युवती के मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। युवती को कोतवाली लाने के साथ ही उसके माता-पिता को बुलाकर उन्हें इसकी सूचना दी गई।

## सार-संक्षेप

### पहले वायरल की रिकार्डिंग, फिर महिला से किया दुष्कर्म

**पुरवा उन्नाव।** पुरवा कोतवाली अंतर्गत एक युवक ने महिला से प्रेम-संबंध बना फोन पर हुई बातें रिकार्ड कर लीं और रिकार्डिंग वायरल कर उससे दुष्कर्म किया। पुरवा पुलिस ने पीड़िता की शिकायत नहीं सुनी तो उसने एसपी से गुहार लगाई है। इसके बाद कोतवाली पुलिस हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि पड़ोसी गांव के युवक के खेत उसके खेत के बगल में हैं। जहां वह आता-जाता रहता हैं। इसी दौरान उससे बातचीत होने लगी। उसने फोन पर हुई बातें रिकार्ड कर लीं। जिन्हें वायरल करने की धमकी देकर उस पर संबंध बनाने का दबाव डाला। इंकार करने पर युवक ने रिकार्डिंग उसके पति को भेजने के साथ सोशल मीडिया में भी वायरल कर दी। महिला का आरोप है कि वह 23 मई को वह खेत गई थी, जहां पहले से वह मौजूद था। उसने उसे दबोच लिय ओर उसके साथ दुष्कर्म किया। शोर सुन लोग दौड़े तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। आरोप है कि घटना के बाद महिला कोतवाली पहुंची और शिकायती पत्र दिया था। लेकिन, पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद उसने एसपी को प्रार्थनापत्र दिया है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने कोतवाली पुलिस को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आगे जा रहे डंपर में पीछे से भिड़ा दूसरा डंपर

**चकलवंशी उन्नाव।** माखी थानाक्षेत्र के मिर्जापुर कलां गांव के पास मौरंग लदे डंपर ने पीछे से आगे जा रहे डंपर में टक्कर मारी दी। इसमें पीछे चल रहे डंपर का चालक उसी में फंस गया। ग्रामीणों ने उसे दो घंटे बाद निकलवाकर मियागंज सीएचसी भेजा। सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त वाहनों से जाम लग गया। देर से पहुंची पुलिस ने क्रेन व जेसीबी से वाहनों को हटवाया। इस दौरान करीब चार घंटे तक जाम लगा रहा। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के शिवबक्स खेड़ा निवासी रमाकांत उर्फ विजय (33) पुत्र मुंशीलाल डंपर चालक है। गुरुवार देररात वह घाटमपुर से डंपर में मौरंग लादकर लखनऊ जा रहा था। उन्नाव-संडीला मार्ग पर माखी थानाक्षेत्र के मिर्जापुर कलां गांव के सामने सुबह चार बजे आगे चल रहे डंपर में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें दोनों डंपर क्षतिग्रस्त हो गये। पीछे चल रहे डंपर का केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त होने से रमाकांत उसी मंल फंस गया। करीब डेढ़ घंटे बाद पहुंची पुलिस ने क्रेन व जेसीबी से चालक को किसी तरह सुरक्षित बाहर निकलवाकर मियागंज सीएचसी भेज दिया। जहां उसका इलाज कर घर भेज दिया गया। दोनों डंपर बीच सड़क पर होने से दोनों ओर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। मार्ग पर करीब तीन किमी लंबी वाहनों की कतार लग गई।

### बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, दोनों जख्मी

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली अंतर्गत नवाबगंज कस्बा स्थित लखनऊ-कानपुर हाईवे पर नहर के पास निर्माणाधीन यूनिवर्सिटी में कार्यरत महिला श्रमिक रेखा पत्नी स्व. नकारे (35) निवासी नरसिंहपुर गांव थाना असोहा शनिवार शाम काम खत्म होने के बाद घर जा रही थी। तभी हाईवे पार करते समय उसे अनियंत्रित बाइक सवार आदित्य पुत्र रवि प्रकाश निवासी जैतीपुर कोतवाली अजगैन ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस से घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने रेखा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## लापरवाही

### श्रमिकों को रोजगार सहित जलस्तर सुधारने व पशुओं को पानी उपलब्ध कराने की थी मंशा

# खेती के काम आ रहे हैं मनरेगा के मॉडल तालाब

कार्यालय संवाददाता उन्नाव


बक्खाखेड़ा-डीह रोड पर जुती पड़ी मनरेगा तालाब की भूमि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मनरेगा से ग्राम पंचायतों में बनवाए गए अधिकांश तालाब वैसे तो शुरुआत से ही बेमकसद साबित होते रहे हैं लेकिन, अब यह अपना अस्तित्व ही खोने लगे हैं। हालात यह हैं कि इन तालाबों में पानी न होने से लोग इनमें खेती भी करने लगे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार इस ओर से आखें फेरे हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को गांव में ही रोजगार मुहैया कराने के लिए कुछ दशक पहले सरकार ने अभियान चलाकर गांवों में तालाबों का निर्माण शुरू कराया था। विभागीय अधिकारियों के निर्देश पर ग्राम प्रधान व सचिव ने ग्राम समाज की जमीनों पर तालाबों का निर्माण कराया। वहीं कुछ ग्राम पंचायतों में पुराने तालाबों की गहराई बढ़ाने का कार्य भी कराया गया। ग्राम समाज की जमीनों पर बनवाए गए तालाबों की न सिर्फ खुदाई कराई गई, बल्कि तारों की बाड़ लगाते हुए पौध रोपण भी कराया गया था। यही नहीं सीढ़ियों के अलावा पशुओं को इन तालाबों में पानी पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रैंप (स्लोप) का निर्माण भी कराया गया था।

तालाबों के लिए स्थल चयन में लापरवाही बरते जाने की वजह से बारिश के दिनों में भी यह तालाब कभी भर नहीं सके, जिससे पानी के अभाव में तालाब शुरुआत से ही अनुपयोगी साबित होते रहे। अधिकांश स्थानों पर तार की बाड़ लगवाई ही नहीं गई थी और जहां लगवाई भी गई तो देखरेख के अभाव तार ही नहीं सीमेंट के पोल भी नदारत हो गए। समय बीतने के साथ इन तालाबों में बनवाई गई सीढ़ियां व रैंप भी क्षतिग्रस्त होते चले गए। अब तालाबों की अधिकांश जमीनों पर आसपास के किसान उपज बोने लगे हैं। डीपीआरओ यतींद्र सिंह के मुताबिक तालाबों का निर्माण तो ग्राम पंचायतों में प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी कराते हैं, लेकिन इनका लेखाजोखा पंचायती राज विभाग के बजाए डीसी मनरेगा के पास रहता है। वहीं डीसी मनरेगा ने बताया कि अब किसी तालाब की जमीन पर कृषि कार्य होने की शिकायत नहीं प्राप्त हुई। शिकायत मिलने पर जांच करा अतिक्रमणकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

# कांग्रेसी नेता को दी श्रद्धांजलि

**शुक्लागंज उन्नाव।** शनिवार को नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मिश्रा कॉलोनी गांधी चौक पर पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया। शनिवार को मिश्रा कॉलोनी गांधी चौकर पर नगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व नगर अध्यक्ष व ध्वज जन कल्याण सेवा समिति मिश्रा कॉलोनी स्थित झंडा चौराहा के संस्थापक गया प्रसाद पांडे की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। इस मौके पर मयंक बाजपेई, पुत्तीलाल वर्मा, रवि शंकर गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, संजय सिंह, राधा किशन गुप्ता, राजेश रावत, विश्वनाथ, बुद्धि लाल आदि रहे।

## एक नजर

### बाग में आग लगाने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर निवासी महिला ने गांव के ही पिता पुत्र पर रंजिश में बाग में आग लगा देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आगमपुर निवासी जमुना देवी पत्नी कमलेश ने बताया कि उसका 5 बीघा का बाग है। जिसमें आम और लिपटिस के पेड़ लगे हैं। 22 मई को रात 8 बजे के आसपास रामनरेश ने अपने पुत्र हरिपाल के साथ मिलकर पुरानी रंजिश में उसके बाग में आग लगा दी, जिससे उसका पूरा बाग जल गया, उसमें उसका 10 लाख रुपए का नुकसान हुआ। आग से उसका घर भी जलने से बच गया।

### नगर पंचायत के नलों से हो रही गंदे पानी की आपूर्ति

**सवायजपुर, पाली, हरदोई।** नगर पंचायत पाली में लोगों के घरों में गंदा पानी आ रहा है। गंदे पानी से लोगों को संक्रामक बीमारियां हो सकती है। पाली क्षेत्र में पेयजल लाइन से बदबूदार पानी आ रहा है। यह समस्या पिछले 10 दिनों से बनी हुई है। पेयजल आपूर्ति पर आश्रित कई परिवार परेशान हैं। पानी में कीड़े भी निकल रहे हैं। मोहल्ले के लोग नगर के अधिकारियों से शिकायत करने पहुंचे, लेकिन कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसका वीडियो लोगों ने सोशल मीडिया पर वायरल कर अपना विरोध जताया है ।

### पुलिस की गिरफ्त में आया फरार इनामी बदमाश

**हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस टीम ने क्राइम कंट्रोल करने के लिए एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को पिहानी के भैंसटा नदी पुल पर घेराबंदी कर फरार चल रहे 15 हज़ार के ईनामी जीशान को दबोच लिया। बताते चलें कि उसके खिलाफ कोतवाली शहर में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज है। पिहानी कस्बे के मोहल्ला खुरमुली निवासी जीशान पुत्र ज़ाकिर अली उर्फ मुन्ने के खिलाफ एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने गैंगेस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था। इससे पहले उसके खिलाफ साल 2022 मेन एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कराया गया था। एसपी ने फरार चल रहे जीशान के ऊपर 15 हज़ार का ईनाम रखा था। शनिवार को एसएचओ कोतवाली शहर संजय पाण्डेय ने अपनी टीम में शामिल इंस्पेक्टर (रिज़र्व) हरिनाथ सिंह, हेड कांस्टेबिल रिंकू कुमार, कांस्टेबिल राजेन्द्र कुमार व कांस्टेबिल गौरव कुमार के साथ भैंसटा नदी पुल पर घेराबंदी कर फरार चल रहे जीशान को दबोच लिया।



# इस सीजन में अब तक का सबसे गर्म दिन रहा शनिवार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जेठ के महीने ने दूसरे दिन ही अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। जिले में शनिवार को पर 42 डिग्री पर पहुंच गया, वहीं न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री सेल्सियस है। छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को घरों में कैद होने के लिए मजबूर कर दिया।

जेठ की तपती दुपहरी का असर जिले में शनिवार को दिखाई देना शुरू हो गया। शनिवार को जिले का तापमान लगातार बढ़ते हुए 42 डिग्री पर पहुंच गया। यही नहीं 6 किलोमीटर रफ्तार से चल रही हवाएं लोगों को और भी मुश्किल में डाले हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों के सामने बहुत ही भीषण समस्या खड़ी हो रही है। अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं, ऐसे में पशुपालकों को पानी का प्रबंध करना मुश्किल हो रहा है। सरकार के तमाम आदेशों के बावजूद अभी जिले में तालाब में एक बूंद तक पानी नहीं भरा गया है। भयंकर गर्मी व तेज धूप के चलते शनिवार को सड़कों पर सन्नाटा छाया रहा। चौथा शनिवार होने के कारण कोर्ट में अवकाश है इसके चलते जिला मुख्यालय पर शनिवार को और भी अधिक सन्नाटा है। दोपहर में गर्मी व धूप का आलम यह रहा कि दुकानदार वह उनके कर्मचारियों के अलावा दुकानों पर ग्राहक नजर ही नहीं आए।मौसम वेधशाला के अनुसार अभी तीन-चार दिन मौसम और तेज गर्म होगा।



धूप से बचकर जाते युवक। अमृत विचार



### मनरेगा के तहत करोड़ों रुपये खर्च कर खोदवाए गए तालाबों में उड़ रही धूल

**टोंडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** पानी के बजाय उड़ रही धूल, कई धरातल से ब्लाक की ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है। ब्लाक में बनाये गए अधिकांश अमृत सरोवरों में धूल उड़ रही है या फिर धरातल पर इनका अस्तित्व ही नहीं है। विकासखंड टोडरपुर क्षेत्र में विकास खंड अधिकारी शीतला प्रसाद ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में अब तक लगभग 16 अमृत सरोवरों का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें 14 अधूरे पड़े हैं जिन पर कार्य जल्द ही शुरू करा दिया जायेगा। लेकिन इनमें शायद ही कोई ऐसा तालाब हो जिसमें पानी भरा हो। इसमें अधिकतर अमृत सरोवरों का निर्माण अभी आधा अधूरा पड़ा हुआ है, जबकि निर्माण में मनरेगा से करोड़ों की धनराशि से बनाए गए अमृत सरोवर बेमकसद साबित हो रहे हैं। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने ब्लाक टोडरपुर की कई ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवरों का वैदिक मंत्रों के साथ भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। अमृत सरोवर बनवाने का मकसद था कि इनसे मानव जीवन के साथ-साथ बेजुबानों को भी पानी की उपलब्धता बनी रहेगी।

## उमस भरी गर्मी से बढ़ा बीमारियों का प्रकोप, बरतें सावधानी

**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बहुत जरूरी होने पर दोपहर में बाहर निकलना चाहिए। अगर सावधानी नहीं बरती तो कोई भी बीमारी शिकार हो सकते हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टोडरपुर के अधीक्षक एमपी जायसवाल ने सीएचसी आने वाले लोगों से अपील करते हुए कहा कि सावधानी बरत कर लूं और गर्मी से राहत पाई जा सकती है। उन्होंने सभी लोगों को हीट बेव के बारे में जागरूक किया कहा पिछले कई दिनों से तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण गर्मी बढ़ रही है। सभी लोग मौसमी बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। बुखार, सर्दी, खांसी की समस्या बढ़ रही है। हीट वेब से हर उम्र के लोगों को सावधान रहना चाहिए खुद और अपने परिवार को बचाएं उल्टी, मितली, बेहोशी के लक्षण दिखने पर तुरंत ही नजदीकी अस्पताल पर पहुंच कर चिकित्सक से परामर्श लें। बच्चों पर विशेष सावधानी बरतें और इसके बचाव के लिए पानी अधिक पीना चाहिए। चिकित्सकों ने बताया कि इस मौसम में खाली पेट न रहें। शराब, कैफिन के सेवन से बचें। ठंडे पानी से नहाएं, सिर को ढकें व हल्के रंग के ढीले व पूरे बांह के कपड़े पहनें। दिन में दोपहर 12 बजे से शाम 3 बजे के मध्य बाहर जाने से बचें। धूप में नंगे पांव न चलें। धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं। धूप में छतरी व चश्मा अवश्य उपयोग करें। ओआरएस का घोल नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक होता है।

# किसानों से गेहूं खरीद को लेकर मंडी सचिव व व्यापारी के बीच तीखी बहस

## क्रय केन्द्र पर घाटे में गेहूं बेचने के लिए किसानों पर दबाव बनाने का आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नवीन गल्ला मण्डी में गेहूं की सरकारी खरीद पर व्यापारी और मण्डी सचिव के बीच इस बात को लेकर तीखी बहस हो गई कि किसान सरकार के हाथ अपना गेहूं बेंचे, व्यापारियों का कहना है कि किसान बोल रहे है कि मण्डी में गेहूं बेंचना उनके लिए घाटे का सौदा है, क्योंकि सरकार जो गेहूं 2275 रुपये कुंतल खरीद रही है, बाज़ार में वहीं गेहूं 2400 रुपये कुंटल खरीदा जा रहा है। इसी बात पर शनिवार को व्यापारियों और मण्डी सचिव के बीच तीखी बहस हो गई। मण्डी सचिव ने व्यापारियों का लाइसेंस रद्द करने बात कही तो वहीं व्यापारियों ने इसे उत्पीड़न बताते हुए इस्तीफा देने की धमकी दी।

बताया गया है कि सरकार ने गेहूं खरीद का 2275 रुपये का भाव तय कर रखा है, जबकि बाहर खुले बाज़ार में वही गेहूं 2400 रुपये में खरीदा जा रहा है। शनिवार को मण्डी सचिव अजय प्रताप सिंह ने व्यापारियों से गेहूं की खरीद में तेज़ी लाने को कहा, जबकि व्यापारियों ने उन्हे बताया कि किसान कम भाव की वजह से सरकारी खरीद केन्द्र से दूरी बनाए हुए है। 2275 रुपयें में खरीदा जा रहा वही गेहूं बाज़ार में 2400 में खरीदा जा रहा है। सरकार के हाथों गेंहू बेंचने में 125 रुपये प्रति कुंटल घाटा हो रहा है। व्यापारियों का कहना है कि सचिव उनके ऊपर सरकारी गेहूं खरीद में तेज़ी लाने का दबाव बना रहे है, ऐसा न होने पर उनके लाइसेंस रद्द करने तक की धमकी दे रहे हैं। व्यापारियों ने आगे कहा है कि अगर ऐसा ही होता रहा तो नवीन गल्ला मण्डी व्यापार मण्डल के सारे पदाधिकरी इस्तीफा दे देंगे, लेकिन इस तरह का बेजा दबाव नहीं बर्दाश्त करेंगे।



सचिव से वार्ता करते व्यापारी। अमृत विचार

### सचिव ने उत्पीड़न के आरोपों को बताया फर्जी

सचिव नवीन गल्ला मण्डी हरदोई अजय प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारी दबाव बनाने और उत्पीड़न करने की जो बात कह रहे हैं, वह सरासर झूठी है। उन्होंने तो सरकारी गेहूं की खरीद में सहयोग करने की बात कही थी। सरकार हमेशा किसानों के हितों को ध्यान में रख कर ही फैसला लिया करती है। कहा कि वह खुद बराबर से सरकारी गेहूं खरीद केन्द्रों की पड़ताल कर रहे हैं और खुद किसानों से सीधे मिलकर उन्हे सरकारी गेहूं खरीद केन्द्र पर पहुंच कर वहां अपना गेहूं बेंचने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

> मण्डी सचिव व्यापारियों पर दबाव बना रहे हैं कि वे किसानों से सरकारी रेट पर गेहूं बेंचने के लिए कहें। जबकि किसानों का कहना है कि ऐसा करने से उन्हें सीधा घाटा हो रहा है। सचिव ऐसा दबाव बनाकर व्यापारियों का उत्पीड़न कर रहे हैं। जबकि पिछली बार व्यापारियों ने सरकार को 80 हज़ार बोरे गेहूं की खरीद कराई थी। सचिव ने अगर अपना रवैया नहीं बदला तो व्यापार मण्डल के पदाधिकारी अपना इस्तीफा देने से हिचकेंगे नहीं।
> **-श्यामा कुमार गुप्ता उर्फ टीटू,** अध्यक्ष, नवीन गल्ला मण्डी व्यापार मण्डल



नवीन मंडी स्थल शाहाबाद में प्रदर्शन करते व्यापारी।

## गेहूं की प्राइवेट खरीद बंद, हंगामा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला प्रशासन के निर्देश पर आढ़तियों के यहां किसानों से गेहूं खरीद पर मंडी सचिव द्वारा रोक लगाए जाने पर शनिवार को किसानों ने मंडी में हंगामा किया। शाम तक हंगामा करने के बाद हरदोई से आए व्यापारी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद दोबारा खरीद शुरू की जा सकी।

सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर अधिक से अधिक गेहूं खरीद किए जाने के निर्देश के बाद भी गेहूं क्रय केंद्रों पर सन्नाटा पसरा रहता है। इस समय मंडी समिति में व्यापारियों की आढ़त पर गेहूं का भाव सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों से 110 रुपए अधिक है। मंडी में आढ़तियों द्वारा किसान का गेहूं 2385 रुपए कुंतल लिया जा रहा है जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर 2275 में खरीदा जा रहा है। इसलिए किसान सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच रहा है। क्रय केंद्रों पर पसरे सन्नाटे की सूचना पर उच्चाधिकारियों ने मंडी सचिव अमित कुमार और एसएमआई अवनीश कुमार सिंह को आढ़त पर गेहूं बेचने पर रोक लगाने के निर्देश दिए। शनिवार को मंडी सचिव और एसएमआई ने व्यापारियों की आढ़त पर गेहूं खरीदे जाने से रोकने का फरमान सुनाया। जिसके बाद व्यापारी और किसान भड़क उठे और हंगामा काटने लगे। स्थानीय व्यापारी नेता महेंद्र राणा और बसंत गुप्ता, मानव, विवेक गुप्ता व राजकिशोर गुप्ता आदि ने हरदोई मंडी समिति के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों को मंडी के हालात से अवगत करवाया। हरदोई के व्यापारी नेताओं के आने तक किसान हंगामा काटते रहे। शाम को 4 बजे हरदोई मंडी समिति के अध्यक्ष टीटू गुप्ता महामंत्री संजय गुप्ता व अन्य व्यापारी नेताओं के साथ मंडी समिति पहुंचे। जहां किसानों ने सरकारी केंद्रों की खरीद पर अपना विरोध जताया। मंडी के व्यापारी साजिद, राजकिशोर, मीना राइस मिल के मालिक, अतुल गुप्ता, मोटी राठौर और संजय गुप्ता सहित सभी आढ़तियों ने मंडी प्रशासन का विरोध करते हुए कहा कि किसान की आजादी का हनन किया जा रहा है। उसे उसकी फसल की कीमत नहीं दी रही है। अगर किसान को सरकारी क्रय केंद्र पर खुली मंडी से अधिक मूल्य मिले तो किसान सरकारी केंद्र पर ही अपने गेंहू बेचेगा। व्यापारी नेताओं और किसानों के हंगामे के बाद मंडी प्रशासन ने किसानों को कहीं भी गेंहू बेचने के स्वतंत्र करने का फैसला किया।

## बदमाशों ने दिनदहाड़े की लूट एक को किया गया गिरफ्तार

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने कार सवार दो युवकों को सरेराह रोककर हमला कर दिया। उनके पास से सोने की चेन और 47 हज़ार की नकदी लूट ली। हिम्मत दिखाते हुए कार सवार पीड़ित युवक ने एक बदमाश को पकड़ लिया। जबकि चार फरार हो गए। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

शनिवार की दोपहर को कछौना कोतवाली के कुकुही निवासी शिवम सिंह अपने दोस्त विकास शुक्ला के साथ कार से सण्डीला जा रहा था। उसी बीच दो बाइक उसका पीछा करने लगी। दोनों बाइक पर पांच लोग सवार थे। शिवम सिंह का कहना है कि जैसे ही उनकी कार सण्डीला पहुंची, उसी बीच बाइक सवारों ने उसे एक निजी हास्पिटल के सामने रोक लिया और कार के शीशे पर हमलावर हो गए। शिवम ने खिड़की खोली, तभी बदमाशों ने उसके ऊपर हमला कर दिया। बचाने में विकास शुक्ला के भी चोंटे आई। उसी बीच बदमाश उसके गले में पड़ी एक लाख 80 हज़ार की कीमत की चेन व कार में रखे 47 हज़ार रुपये लूट लिए। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश भागने लगे। उसी बीच पुलिस पहुंच गई, जिसकी मदद से शिवम ने एक बदमाश को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम आशीष कश्यप बताया है। पुलिस वारदात को अंजाम देने वाले फरार हुए बदमाशों की तलाश कर रही है।

# शारदा नहर में बहे दो दोस्त, एक का शव मिला

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** छह दोस्त एक साथ ऑटो पर सवार होकर रामपुर देहलिया के पास से निकली शारदा नहर में नहाने गए थे। नहाते समय ही अचानक आए पानी के तेज बहाव में सभी बह गए। उनमें से चार युवक किसी तरह तैरकर किनारे आ गए लेकिन दो डूब गए। इसका पता होते ही एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ पुलिस टीम के साथ पहुंचे और बचाव अभियान शुरू कराया। काफी देर तक चले रेस्क्यू के बाद एक युवक का शव झाड़ियों में फंसा हुआ मिला। जबकि दूसरे युवक का देर शाम तक कोई पता नहीं चल सका था। देर शाम तक ऑपरेशन रेस्क्यू जारी था।

शनिवार की दोपहर पिहानी कोतवाली के चठिया बुजुर्ग निवासी अनिल (25) पुत्र तारू, ब्रजेश (19) पुत्र जयराम, प्रांशू (20) पुत्र सुभाष, सुमित (22) पुत्र गिरेन्द्र, शिवम (21) पुत्र कृष्ण कुमार व रजनीश (22) पुत्र रामकुमार ऑटो पर सवार होकर रामपुर देहलिया के पास से निकली शारदा नहर में नहाने पहुंचे। उन्होंने बारी-बारी से नहर में छलांग लगा दी, लेकिन उसी बीच पानी का बहाव और तेज़ हो गया, सारे दोस्त उसमें फंस गए। प्रांशू, सुमित, शिवम और रजनीश किसी तरह बाहर निकल आए, लेकिन अनिल और ब्रजेश पानी के साथ बह गए। इसका पता होते ही एसएचओ पिहानी श्री सिद्धार्थ ने पहुंचकर रेस्क्यू अभियान शुरू कराया। ऑपरेशन रेस्क्यू के दौरान रामपुर देहलिया से करीब पांच सौ मीटर दूर अनिल का शव झाड़ियों में फंसा हुआ बरामद कर लिया गया है। जबकि ब्रजेश का अभी तक कुछ भी पता नहीं चल सका। देरशाम तक पुलिस तलाश में जुटी हुई थी।

एसएचओ ने बताया कि एक युवक का शव बरामद कर लिया गया है, दूसरे युवक की तलाश जारी है। तलाश के लिए ज़रूरी बंदोबस्त किया गया है। गोताखोरों की मदद ली जा रही है। खबर लिखे जाने एक लापता युवक का कुछ पता नहीं चल सका था। उधर हादसे की खबर सुनते ही चठिया बुज़ुर्ग गांव में कोहराम मच गया। उन सारे युवको के घर वाले बदहवासी में दौड़ पड़े। शारदा नहर के आस-पड़ोस लोगों की काफी भीड़ लगी हुई थी।



घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीण व पुलिस। अमृत विचार

**हादसा**

▶▶ ऑटो पर सवार होकर छह दोस्त गए थे नहर में नहाने

## सार-संक्षेप

### सेल्समैन से मारपीट कर नकदी छीनने का आरोप

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** वैष्णवी फिलिंग स्टेशन इसरापुर के सेल्समेन द्वारा उधार पेट्रोल न देने पर मार पीट व गाली गलौज कर नगदी छीनने का चार लोगों पर आरोप लगाया है। मल्लावां कोतवाली में वैष्णवी पैट्रोल पम्प इसरापुर के मैनेजर शुभम तिवारी निवासी विहानी बिल्हौर कानपुर नगर ने दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को दोपहर 2 बजे अशोक निवासी मुक्कूपुरवा कटरी परसोला व पिंकू पेट्रोल पम्प पर सौ रूपये का पेट्रोल उधार माँगा तो सेल्समेन खुर्शीद आलम निवासी गुरुसाइगंज कन्नौज ने मना कर दिया। इस बात को लेकर सेल्समेन के साथ अभद्रता कर मारपीट व गाली गलौज करने लगे उनके साथ गौरी व उनका पुत्र एवं अज्ञात लोगों ने आकर सेल्समेन को मारपीट कर पूरे दिन का नगद कैश 23740 रूपये छीनने का आरोप लगाया है । ऐसे में सीसीटीवी में मारपीट की घटना भी कैद हो गई। इस संबंध में कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया मोबाइल चार्जिंग को लेकर मां बहन की गालियां देने व मोबाइल तोड़ने और मारपीट की घटना हुई है।

### दहेज हत्या में मृतका का पति व सास गिरफ्तार

**टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार।** पुलिस को चकमा दे कर फरार चल रहे दहेज़ हत्यारोपी पति और सास को उनके घर के अंदर से दबोच लिया गया। उन दोनों को गिरफकर जेल भेज दिया गया है। एसएचओ टड़ियावा अशोक कुमार सिंह ने बताया कि थाने में तैनात एसआई मुकुट सिंह यादव, हेड कांस्टेबिल ऋषि देव व महिला कांस्टेबिल ज्योति ने शनिवार को मुखबिरी मिलने पर बर्रा सराय निवासी भन्नू सिंह के घर पर दबिश देते हुए वहां से उसकी पत्नी शिवकली और पुत्र विकास सिंह को गिरफ्तार कर लिया। दोनों मां-बेटे के खिलाफ दहेज़ हत्या का केस दर्ज है। दोनों पुलिस को चकमा दे कर फरार चल रहे थे। पुलिस ने दोनों को जेल भेज दिया।

### राम वन गमन कथा सुनकर भाव विभोर हुए लोग



**हरदोई, अमृत विचार।** लालेश्वर धाम लालपालपुर में चल रही रामकथा में शनिवार को राम वन गमन की कथा में श्रोता अपने आंखों से अश्रुओं को नहीं रोक पाए। रघुकुल रीति का पालन करने वाले श्रीराम की कथा सुनाते हुए कथा मर्मज्ञ रामानुजाचार्य ने मार्मिक कथा सुनाते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया। कथा में वन गमन से पहले माता कौशल्या ने श्रीराम से कहा कि माता का अधिकार पुत्रों पर संतान पर पिता से अधिक होता है। अगर तुम्हें पिता के अलावा मां कैकेयी ने वन गमन का आदेश दिया है तो बिना किसी विचार वन अवश्य जाओ। कथा मर्मज्ञ ने कहा कि माता-पिता और गुरु की आज्ञा का बिना किसी विवेचना के पालन अवश्य करना चाहिए। केवट संवाद सहित अन्य प्रसंगों को कथा मर्मज्ञ द्वारा भाव पूर्ण ढंग से प्रस्तुति किया गया। इस मौके पर यजमान मनोज दीक्षित के अलावा नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, डा. चित्र मिश्रा, डा. रवि दीक्षित, समर सिंह, हरिओम गुप्ता सहित दर्जनों श्रद्धालु मौजूद रहे।

### दान और धर्म कार्य करने से नहीं होती धन की कमी


**हरदोई।** ब्लॉक बावन के हसनापुर गांव में चल रहा श्री विष्णु महायज्ञ एवम श्रीमद भागवत कथा के अन्तर्गत दूसरे दिन में कथा व्यास प्रवीण दिक्षित जी ने दान की महिमा का वर्णन किया। व्यास जी ने बताया कि दान देने से पहले सुपात्र व्यक्ति का होना बहुत जरूरी है, आपके द्वारा दिया गया दान, धन धर्म कार्य में लगे तो पुण्य की प्राप्ति होगी, अगर दान किया हुआ धन गलत कार्य जैसे मदिरा, हिंसा, जुआ आदि में जाएगा तो आप भी पाप के भागी होगे। अतः दान देने से पहले सही व्यक्ति का चयन करना बहुत जरूरी है ताकि आपके द्वारा दिया गया धन सही कार्य में लग सके। इस अवसर पर श्यामजी शुक्ला, राकेश शुक्ला, अनीत शुक्ला, सतेंद्र शुक्ला, पुनीत सिंह, अंकुर शुक्ला, सर्वेंद्र मिश्रा, रामकांत पाल, संदीप, मधुर, शशांक तथा अन्य श्रोतागण उपस्थित रहे।

# भविष्य संवारने की उम्र में कूड़ा बीन रहे बच्चे

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू करने के सरकारी दावें मात्र कागजों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। 2 वक्त की रोटी के जुगाड़ में अनेकों बच्चे स्कूल जाने में विफल हो रहे हैं। अकेले बिलग्राम क्षेत्र में सैंकड़ों बच्चे का अपने मां बाप का साया सिर से उठ जाने के कारण या फिर गरीबी के चलते दो जून कि रोटी का जुगाड़ करने के लिए कूड़ा बीनने, भीख मांगने या फिर होटल, ढाबों पर बर्तन धोने का काम कर रहे हैं।

क्षेत्र में दर्जनों ईंट भट्ठों पर काम करने वाले प्रवासी मजदूरों के बच्चे जिन्होंने आज तक स्कूल का दरवाजा तक नहीं देखा है, लेकिन मात्र अखबारों में शिक्षा का अधिकार लागू करने के ताल ठोकने वाले अधिकारियों को यह भी नहीं पता है कि ये बच्चे कहां और किन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे हैं। क्षेत्र में आज तक अभियान ही भी चला इन्हें स्कूल जाने के लिए न तो प्रेरित किया और न ही कोई शोध कार्य किया गया कि आखिर स्कूल न जाने की इनके आगे क्या मजबूरी है, और न ही उनको परिस्थितियों से निकाल कर उनके पुनर्वास व शिक्षा के लिए गंभीर प्रयास किए गए।



कूड़े के ढेर से कबाड़ उठाते बच्चा। अमृत विचार

### शिक्षा के अधिकार में बड़ा अवरोध

अनेक बच्चे हैं जिनका सहारा सिर से उठ चुका है। वह पढ़ना-लिखना चाहते हैं, लेकिन गरीबी और बिना किसी सहारे के वह सड़कों पर कूड़ा बीनने, मजदूरी करने को मजबूर हैं। योजनाएं होने के बावजूद ऐसे बच्चों को कोई राहत नहीं मिल रही है।

# कार्ड बदलकर टप्पेबाजों ने निकाले 30 हजार रुपये

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के एक एटीएम से पैसे निकालते समय एक व्यक्ति का दो टप्पेबाजो ने एटीएम कार्ड बदलकर तीस हजार रुपये निकाल लिए। घटना की सूचना पीड़ित ने कोतवाली में दी।

कस्बे के श्यामपुर निवासी शिवप्रकाश शुक्रवार की शाम को बड़े चौराहे पर एक एटीएम से पैसे निकालने आये थे। वह एटीएम कार्ड से दो हजार रुपये निकाले। पीछे खड़े दो लोगों ने कहा कि अभी एटीएम मशीन बन्द नहीं हुई है। फिर से कार्ड लगाकर एटीएम मशीन को बंद करो ज़िस पर वह एटीएम मशीन में कार्ड लगाकर पिन कोड डाला। तभी पीछे खड़े दोनों लोगों ने ध्यान भटका कर एटीएम कार्ड बदल दिया और कहा कि मशीन बन्द हो गयी है। बाहर निकल कर देखा कि एटीएम कार्ड उसका नहीं था। इतनी देर में दोनों टप्पेबाज बाइक से बांगरमऊ की ओर भाग गए। थोड़ी देर बाद तप्पेबाजो ने दूसरे एटीएम से तीन बार में दस-दस हजार रुपये कर निकाल लिए जिसका मेसेज उसके मोबाइल फोन पर आया। कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि एटीएम का पासवर्ड बताने से ही पैसा निकला है, इस लिए ऐटीएम से पैसे निकालते समय सावधानी बरतें।

## एक नजर

### कार की टक्कर से युवक घायल, पुलिस को दी तहरीर

**शाहाबाद, हरदोई।** कोतवाली के पिहानी बस स्टैंड पर कार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घायल को सीएचसी ले जाया गया जहां से गंभीर हालत के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है।

थाना पिहानी के ग्राम अहेमी निवासी मुनेश्वर प्रसाद ने बताया कि वह 23 मई को सुबह दस बजे कस्बे में सामान लेने आया था। पिहानी बस स्टैंड के समीप ज्ञान मोटर्स के सामने कार ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां से परिजन उसका इलाज एक निजी अस्पताल में करवा रहे हैं।

### अंधाधुंध पेड़ों के कटान से प्रभावित हुआ पर्यावरण

**हरदोई, अमृत विचार।** वर्तमान समय में भीषण गर्मी के कारण आम जनमानस व पशु-पक्षी बेहाल हैं। विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ों की कटान की वजह से पर्यावरण काफी प्रभावित हुआ है। इसी का परिणाम है कि आज भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के तमाम जागरूक लोगों ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की है।

# समय से पूरी कर लें मतगणना की तैयारियां : डीएम

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मतगणना की समस्त तैयारियां ससमय पूरी कर ली जाएं। मतगणना स्थल पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाये। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर अग्निशमन वाहन की व्यवस्था की जाये। स्थल पर मेडिकल कैम्प स्थापित किया जाये। मतगणना के दौरान विद्युत व्यवस्था को निर्बाध रखा जाये। पावर बैक अप की व्यवस्था भी रखी जाये। बैरीकैडिंग आदि की व्यवस्था जल्द पूर्ण कर ली जाये। मतगणना स्थल पर मोबाइल टायलेट व पेयजल की उचित व्यवस्था की जाये। बैठक में पर सीडीओ सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



शनिवार को मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन संपन्न कराते जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह। अमृत विचार

**डीएम की निगरानी में मतगणना कार्मिकों का हुआ प्रथम रैण्डमाइजेशन**

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की निगरानी में मतगणना कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस रैण्डमाइजेशन के माध्यम से मतगणना कार्मिकों को कोड का आवंटन हुआ तथा मतगणना कार्मिक के रूप में उनकी ड्यूटी लगी। इन कार्मिकों द्वारा पोस्टल बैलट व ईवीएम के वोटों की मतगणना की जाएगी। रैण्डमाइजेशन की सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न करायी गयी। जिलाधिकारी ने बताया कि द्वितीय रैण्डमाइजेशन के दौरान मतगणना कार्मिकों को विधानसभा आवंटित होगी। उन्होंने कहा कि सम्बंधित विभागाध्यक्ष कार्मिकों के ड्यूटी आदेश सम्बंधित कर्मचारियों को प्राप्त कराना सुनिश्चित करें तथा प्रशिक्षण में उनकी प्रतिभागिता सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार का हो प्रयास

**हरदोई, अमृत विचार।** निष्क्रिय दुग्ध समितियों को सक्रिय करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किये जाएं। निर्माण कार्यों को गुणवत्ता परक एवं तय समय सीमा के अंदर पूरा किया जाये। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में उक्त बात कही। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की जाये। प्रगति को विभागीय पोर्टल पर ससमय फीड किया जाये। जनपद में पूर्ण हो चुके व उद्घाटन के लिए प्रतीक्षित कार्यों की सूची तैयार कर ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी उपस्थित रहीं।

### किसान पाठशाला का होगा आयोजन

**हरदोई, अमृत विचार।** 27 मई से सात जून तक चलने वाली किसान पाठशाला का आयोजन में किसानों को विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि खरीफ सत्र में 709 ग्राम पंचायतो में तिलहनी, दलहनी, किसान पाठशाला, त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम, श्री अन्न की फसलों के आच्छादन, उत्पादकता एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए उन्तशील तकनीकी प्रचार-प्रसार एवं किसानों को सम्बन्धित विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी देने के उद्देश्य से द मिलियन फार्मर्स स्कूल (किसान पाठशाला) का आयोजन 27 मई से सात जून तक होंगे और कार्यक्रम पंचायत भवन या परिषदीय विद्यालय में किया जायेगा। उन्होंने कृषि विभाग को निर्देशित करते हुए कहा है कि आयोजन के लिए समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिसमें पशुपालन विभाग, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, फसल बीमा, बैंक, कृषक उत्पादक संगठन के डायरेक्टर, सहकारिता आदि सभी विभागों के ग्राम स्तरीय कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। सम्बन्धित विभाग के कार्मिक/परिषदीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक उक्त आयोजन मे आवश्यक सहयोग प्रदान करेगें। सभी सम्बन्धित विभाग अपने स्तर से अधीनस्थ कार्मिकों को निर्देशित कर एवं विभागीय योजनाओ की जानकारी देंगे।

### खरपतवार पर नियंत्रण से होगी अच्छी पैदावार

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय तहसील अंतर्गत ग्राम टडेर में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाइयों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए किसानों की समस्याओं का भी निराकरण किया गया। विशेषज्ञों ने कहा कि सामान्य बीजों के सापेक्ष हाइब्रिड बीजों का प्रयोग कर किसान अधिक पैदावार प्राप्त कर सकते है। कहा कि हाइब्रिड धान एक उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का प्रयोग करें। जिसकी पैदावार अधिक होने के साथ-साथ इसके पौधे की लम्बाई सामान्य होती है तथा 125 से 130 दिन मे फसल पक कर तैयार हो जाती है जिसके चलते किसान अपनी अगली फसल की बुबाई भी समय से कर सकते है। अच्छी पैदावार के लिए उन्नतिशील किस्मों के बीजो के साथ साथ संतुलित उर्वरकों का प्रयोग नितांत आवश्यक है। इसके लिए किसानों को समय समय पर अपने खेतो की मिट्टी की जांच भी कराते रहना चाहिए ताकि फसल की आवश्यकतानुसार उर्वरको तथा सूक्ष्म तत्वो का प्रयोग किया जा सके।

# लो-वोल्टेज से ग्रामीण परेशान

संवाददाता, भरखनी, हरदोई

**अमृत विचार।** स्थानीय अधिकारियों व कर्मचारियों की अनदेखी के चलते इस भीषण गर्मी में लोग परेशान हैं। लो वोल्टेज की समस्या के चलते विद्युत उपकरण कार्य नहीं कर पा रहे हैं।

पाली पावर हाउस के फीडरों में आए दिन लो वोल्टेज की समस्या बनी रहती है, जिससे गर्मी के मौसम में उपभोक्ताओं को बिजली के उपकरणों से मिलने वाली सुविधा नहीं मिल पा रही है। लो वोल्टेज के कारण इनवर्टर भी काम नहीं कर रहे हैं। नतीजतन फ्रिज, कूलर, पंखे सहित तमाम उपकरण गर्मी में उपभोक्ताओं को मुंह चिढ़ा रहे हैं। इन दिनों खेतों में जायद की फसल तैयार खड़ी है। भीषण गर्मी के चलते खेतों में भी पानी की अत्यधिक आवश्यकता रहती है। भरखनी क्षेत्र के बिल्सरी, मान नगला ,लुधियापुर, बिसौली, खैरापुर, नसीरपुर, खुटेपुर आदि गांवों में लो वोल्टेज लाइट की वजह से भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

### रात्रिकालीन बिजली कटौती में नहीं हो रहा सुधार

**हरियावां, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार 24 घंटे बिजली देने का दावा कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार के दावे हवा हवाई साबित हो रहे हैं। बताते चलें कि हरियावां विद्युत पावर हाउस के अंतर्गत घंटों हो रही रोस्टिंग, कटौती ने उमस भरी गर्मी में क्षेत्र वासियों का सुकून छीन लिया है। यहां क्षेत्र का बरगावां फीडर, हो या हरियावां देहात फीडर, हरियावां टाउन फीडर, सधिनावां फीडर, या गदाईपुर फीडर आदि में उमस भरी भीषण गर्मी में दिन सहित रात 1 बजे तक बिजली की घंटों आंख मिचौली चलती रहती है। वहीं 11 बजे से साढ़े 12 बजे तक रोस्टिंग हो जाती है। विद्युत विभाग के अधिकारियों के इस कारनामें से क्षेत्रवासी काफी परेशान है। रात्रि कालीन बिजली कटौती और बार बार ट्रिपिंग ने लोगों की नींद उड़ा रखी है। बेचारे ग्रामीण सारी रात रतजगा करने को मजबूर हो रहे हैं।

### बिजली न होने से आरोग्य मंदिर उपकेन्द्र में परेशानी

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** विकास खण्ड कोथावां क्षेत्र के ग्राम सिकन्दरपुर स्थित आयुष्मान आरोग्य मन्दिर उपकेन्द्र में विद्युत कनेक्शन लगाने के लिए करीब आठ माह पूर्व आवेदन किया था और उसका भुगतान भी किया था, लेकिन अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं हो सका है। बिना कनेक्शन के विद्युत बिल बनाए जाने को लेकर नजदीकी विद्युत उपकेंद्र बेनीगंज से शिकायत की थी, जिस पर जेई के द्वारा आश्वासन भी दिया था। आरोग्य मंदिर संचालिका किरन मौर्य का कहना है कि गर्मी अपने चरम पर है और यहां विद्युत कनेक्शन न होने के कारण मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# बिजली के लिए कहीं हाहाकार, कहीं बर्बादी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में विद्युत की मांग बढ़ी हुई है। मांग के अनुसार आपूर्ति करने में विभाग को पसीना आ रहा है लेकिन वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक स्थानों पर लगी लाइटें दिन में भी जल रही हैं। सरकार लगातार बिजली बचाने के लिए लोगों को जागरूक और प्रेरित कर रही है लेकिन इसके बावजूद सरकारी परिसरों में भी चौबीस घंटे लाइटें जला करती है।

गर्म मौसम के चलते लगातार बिजली की खपत बढ़ रही है। बढ़ी बिजली की आपूर्ति करने में विद्युत उत्पादन केंद्र तक हाथ खड़े कर रहे हैं। सरकार ने बिजली का दुरुपयोग रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। जगह-जगह होर्डिंग लगवाकर जनसामान्य को बिजली बचाने के लिए सरकार प्रेरित करती है। बिजली की बचत ही बिजली का उत्पादन है, लेकिन जिले में सरकार के इस नारे के विपरीत नजारें दिखाई पड़ते हैं। कलेक्ट्रेट में तमाम लाइटें चौबीसों घंटे जला करती हैं। एसपी कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट के अंदर तक कुछ महीनों पूर्व लाइटें लगाई गई थी, लेकिन उनको बंद करने की कोई व्यवस्था नहीं की गई। नतीजतन यह लाइटें दिन-रात जला करती हैं। कलेक्ट्रेट में पंजाब नेशनल के एटीएम के बाहर भी जल रही ड्यूटी लाइट बिजली की बर्बादी को दर्शाती है। दिन-रात जल रही इन लाइटों पर जिम्मेदारों की निगाह भी नहीं पड़ रही है। नतीजतन कई महीनों से न जाने कितनी यूनिट बिजली व्यर्थ में बर्बाद हो रही है। इस समय जब बिजली का उत्पादन मांग के सापेक्ष नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बिजली की बचत और भी आवश्यक है, लेकिन जिला मुख्यालय पर सड़क किनारे लगी तमाम लाइटें दिन में भी रोशन रहती हैं। नगर पालिका ने लाइटों की व्यवस्था तो कर दी, लेकिन बहुत जगहों पर लाइट बंद करने की व्यवस्था नहीं है। इस कारण नगर के तमाम खंभों पर दिन में लाइटें जलती देखी जा सकती है।






सार्वजनिक स्थान पर लगी दिन में जलती लाइट व एटीएम के बाहर जलती ट्यूट लाइट।

# लखनऊ से आई टीम ने देखा सीएचसी का हाल, कहा-वेरी गुड

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कायाकल्प योजना के तहत लखनऊ से आई तीन सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम ने शनिवार को पिहानी सीएचसी का पारखी नज़रों से एक-एक चीज़ को देखा। योजना के तहत फाइनल असेसमेंट करने पहुंची टीम ने दवा वितरण, टीकाकरण, वैक्सीन पैथालॉजी आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान वहां के सारे कर्मी ड्रेस कोड में दिखाई दिए। टीम में डा.रूपेंद्र, डा.दशरथ और डा. नाज़िया शामिल थीं।

सीएचसी पहुंची टीम ने वहां भर्ती मरीज़ों से बातचीत की, जांच और ज़रूरी सुविधाओं के बारे में पूछा,साथ ही वहां की साफ-सफाई और संसाधनों की बड़ी बारीकी से जांच की। कायाकल्प योजना के फाइनल एक्सटर्नल असेसमेंट में स्टेट टीम ने पैथोलॉजी,एमओ ( मेडिकल आफिसर) रूम, दवा मेडिसिन रूम, डिलीवरी रूम के अलावा वार्डों को देखा और साफ-सफाई की पड़ताल की। टीम के सदस्यों ने इमरजेंसी दवाओं को रखने, टीकाकरण ,वैक्सीन मॉनिटरिंग, हैंडवाश, पीपी किट, आदि के अलावा सभी स्थानों पर यूजर्स मैनुअल लगाने के निर्देश दिये। सारा कुछ देखने और समझने के बाद टीम के लोग मुस्कुराते हुए बोले...वेरी गुड और फिर वहां से रवाना हो गए।

वैसे तो लखनऊ से आई राज्य स्तरीय टीम को पिहानी सीएचसी में सब कुछ ठीक-ठाक नज़र आया। लेकिन उसी बीच फायर सिस्टम के लिए लगाई गई पानी की टंकी गिरी हुई थी और एक वार्ड में भर्ती मरीज़ पंखा न चलने से बेहाल दिखाई दिया। टीम ने वहां सारा कुछ देखा,लेकिन इन दो चीज़ो पर उनकी नज़र जाते-जाते रह गई।



सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों के साथ राज्य स्तरीय टीम। अमृत विचार

### पिहानी सीएचसी को तीन बार मिल चुका है अवॉर्ड

सीएचसी पिहानी के अधीक्षक डा. जितेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि सीएचसी को तीन बार पहले भी कायाकल्प अवार्ड मिल चुका है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, सफाई समेत सात मानकों पर खरा उतरने पर सीएचसी को कायाकल्प अवार्ड में चयनित किया जाता है। सीएचसी का रख-रखाव, स्वच्छता व साफ-सफाई, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट आदि का फीड बैक लिया गया।

## सार-संक्षेप

### ओसिस अकादमी ने पांच विकेट से जीता मैच

**हरदोई, अमृत विचार।** स्थानीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हरदोई हैरिटेज कप लीग का दूसरा सेमीफाइनल का मैच ओसिस क्रिकेट अकादमी सीसीए पुवाया के मध्य खेला गया। मैच में टॉस सीसीए पुवाया के कप्तान मंजीत ने जीता तथा पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीसीए पुवाया की टीम ने 28 .4 ओवर में सभी विकेट खोकर 135 रनों का स्कोर खड़ा किया । सीसीए पुवाया की तरफ से अनय चौहान 30 रन, अनिल कुमार 30 रन, इंजमाम 23 रनों का योगदान किया । ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से मो. शाकिब 3 विकेट, सनी वर्मा 3 विकेट, सोनू, विश्वजीत ने 1-1 विकेट लिया तथा 2 खिलाडी रन आउट हुआ। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ओसिस क्रिकेट अकादमी की टीम ने 16 ओवर मे 5 विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया ! ओसिस क्रिकेट अकादमी की तरफ से प्रकट 35 रन, वरुण 32 रन, सनी वर्मा 20 रनों का योगदान किया । सी सी ए पुवाया की तरफ से अनय चौहान 2 विकेट , इंजमाम , मंजीत, प्रशांत ने 1-1 विकेट लिया । इस प्रकार इस मैच में ओसिस क्रिकेट अकादमी ने 5 विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मजहर अंसारी व माजिद के द्वारा सनी वर्मा को मिला। इस लीग का फाइनल मैच ओसिस क्रिकेट अकादमी व जयपुरिया स्कूल इलेवन के मध्य खेला जाएगा शनिवार को मैच में अंपायरिंग शिवम मिश्रा व मो. हफीज ने की तथा स्कोरिंग सूरज तिवारी ने की । मैच के दौरान अर्जित मित्तल,लकी गुप्ता, हर्ष अग्रवाल,राधा कृष्ण गुप्ता, शौर्य वर्धन दुबे आदि मौजूद रहे।

### लकड़कट्टों ने दिन में काटे प्रतिबंधित हरे पेड़



**टोडरपुर, हरदोई, अमृत विचार।** बेखोफ लक्कड कट्टों ने प्रतिबंधित हरे पेड़ों पर दिन में चला रहे आरा मशीन लकड़ कट्टों की कटान की सूचना वन विभाग को मिलने पर मौके पर जाकर टीम ने धर दबोचा। दिन में कट रहे जामुन व कटहल के हरे पेड़,वन विभाग रेंजर आलोक शर्मा के निर्देशानुसार में ही क्षेत्रीय वन दरोगा व अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर देखा कि ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी से भरी हुई मौके पर छोड़कर लकड़ कट्टे मौके से फरार हो गए। यह मामला विकास खंड टोडरपुर क्षेत्र के बरौनिया गांव का है जहां पर ब्रम्हांड को जीवन देने वाले हरे भरे पेडों को खत्म किया जा रहा है। प्रतिबंधित काटन के पेडों पर पुलिस रही अनजान हरे भरे पेड़ों पर गांव के बालक राम पुत्र अवध बिहारी लकड़ कट्टे ठेकेदार से लगभग पांच हजार के पेड़ बेचे थे, लेकिन ठेकेदार ने बिना वन विभाग के परमिट से व पुलिस की बिना जानकारी में काटे गये हरे पेड़ रेंजर आलोक शर्मा ने बताया कि लक्कड़ कट्टों को किसी भी तरीके से बक्शा नहीं जाएगा। इन लोगों पर विधि कार्रवाई के साथ जुर्माना भी किया गया है।

### टोडरपुर ब्लॉक क्षेत्र में छुट्टा मवेशी बने परेशानी

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** विकासखंड टोंडरपुर क्षेत्र में सरकारी मशीनरी तमाम कवायद के बाद भी किसानों को छुट्टा मवेशियों की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही हैं। फसलों की रखवाली के दौरान जरा सा चूकने पर मवेशियों के झुंड गन्ने आदि के खेतों में घुसकर फसल बर्बाद कर देते हैं। वहीं सड़कों पर इनकी धमाचौकड़ी से अक्सर लोग चुटहिल होते रहते हैं। शासन की ओर से छुट्टा मवेशियों को रखने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर गोशालाएं बनवाई गई हैं। इसके बाद भी छुट्टा मवेशियों के झुंड खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं। रोड के किनारे पशुओं का झुंड खेतों में घुसकर गन्ने आदि की फसल चट करते दिखाई दे रहें हैं। किसानों ने उन्हें खदेड़ा तो पशुओं का झुंड दूसरे किसान के खेतों में जा घुसते हैं जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन राष्ट्र शक्ति के जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने बताया कि गन्ने आदि फसल छुट्टा पशु चट कर जा रहे है, जिसको लेकर ब्लाक से लेकर तहसील तक कई बार सूचित किया गया, लेकिन प्रशासन किसानों की समस्याओं को लेकर सक्रिय नहीं दिख रहा है, जिससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। आवारा पशुओं से किसानों को भारी नुकसान हो रहा है।

# सभासद ने बुजुर्ग दंपति व बेटी-दामाद को पीटा

संवाददाता, हरदोई, माधौगंज

**▸▸ तंबाकू खिलाने से मना करने पर दिखाई दबंगई**

**अमृत विचार।** 75 साल के एक बुजुर्ग को गांव के गलियारे में दौड़ा-दौड़ा कर पीटे जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी तेज़ी से वायरल हो रहा है। जिसके बारे में बताया गया है कि दुकान पर घरेलू सौदा खरीद रहे बुजुर्ग से वहां के सभासद ने तम्बाकू खिलाने को कहा, बुजुर्ग ने बस इतना कहा कि क्यों खिलाए, उसके इस तरह के जवाब से तिलमिलाए सभासद उसकी पिटाई करने लगा। इतना ही नहीं उसने बुजुर्ग की पत्नी,पुत्री और दामाद की घर में घुस कर पीट दिया।एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार ने कहा कि दोनों नशे में थे,सारे मामले की जांच की जा रही है।

बताया गया है कि शुक्रवार की शाम को माधौगंज थाने के कुरसठ नगर पंचायत के मोहल्ला गौरी नगर निवासी 75 साल का चंदी पाल वहीं एक दुकान पर घरेलू सौदा खरीद रहा था,उसी बीच वहीं का सभासद पुष्पेंद्र पहुंच गया और चंदी पाल से तम्बाकू खिलाने को कहा,उस पर बुजुर्ग ने उससे बस इतना कहा कि क्यों खिलाए,क्या उसने कभी खिलाई, उसकी बात सभासद पुष्पेंद्र को इतनी बुरी लगी कि उसने अपने कुछ साथियों के साथ उसे पीटने लगा, बुजुर्ग वहां से बच कर भागा, तो हमलावर उसके पीछे दौड़ पड़े और दौड़ा-दौड़ा कर पीटने लगे। उसी बीच किसी ने उसका वीडियो बना कर उसे वायरल कर दिया। उसके बाद उन्ही हमलावरों ने चंदी पाल की पत्नी माधुरी,पुत्री गुड्डी और दामाद ज्ञानी को घर में घुस कर उन्हे भी पीट दिया। एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार का कहना है कि दोनों नशे में थे,उसी में झगड़ा हुआ, फिलहाल सारे मामले की जांच कराई जा रही है।

**प्रतियोगिता**

**अजय पाण्डेय मैन ऑफ द सिरीज़ और अविचल बनें मैन ऑफ द मैच**

# जनियामऊ ने लमकन को 69 रनों से हराया

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** साण्डी ब्लाक के रौरा गांव के खेल मैदान में चल रहे पाण्डेय क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में जनियामऊ और लमकन टीम के बीच ज़ोरदार मुकाबला हुआ। जिसमें जनियामऊ के खिलाड़ियों ने लमकन टीम के खिलाड़ियों को पटखनी देते हुए 69 रनों से मैच जीत लिया। फाइनल मैच के दौरान जनियामऊ के कप्तान दीपक पाण्डेय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला लिया। जनियामऊ की टीम ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में तीन विकेट गवां कर 178 रन बनाए। उसके बाद 178 रनों के लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी लमकन की टीम 13.3 ओवर में ही 109 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। लमकन टीम के अजय पाण्डेय को मैन ऑफ द सीरीज़ चुना गया,जबकि अविचल को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। अंपायरिंग आशीष पाण्डेय, हिमांशु पाण्डेय व सरोज ने की, जबकि स्कोरिंग का ज़िम्मा सौरभ पाण्डेय ने संभाला और प्रेम पाण्डेय व निशांत द्विवेदी ने कमेंट्री की। इस दौरान सुमित सिंह,विपिन चौहान,श्रीपाल फौजी, राणा सिंह सरोज दुबे व शुभम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



पुरस्कार से सम्मानित विजेता खिलाड़ी। अमृत विचार

# जेहन में सालों तक ताजा रहेंगे वह 25 मिनट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** थकान से चूर हो चुकी वो आंखें, जिन्होने बड़ी बेबसी से आग की दहकती लपटों के बीच पति-पत्नी ज़िदा जलते हुए देखा। सारी रात यूं हीं जागती रही। नींद उनसे कोसों दूर थी। एक नहीं बल्कि वहां इकट्ठा हुई भीड़ की आंखों के सामने सिर्फ 25 मिनट में ही सारा कुछ खत्म हो गया। खौफ के वो 25 मिनट पचीसों साल तक उनके ज़ेहन में ऐसे कौंधते रहेंगे।

बताते चले कि आकाश पाल और उसकी पत्नी कीर्ति पाल की शुक्रवार को साण्डी रोड पर गौशाला के सामने आग लगने से कार में जिंदा जलकर मौत हो गई थी। दोनों ने सीट बेल्ट बांध रखी थी। टक्कर लगने से कार का डैश बोर्ड ड्राइव कर रहे आकाश के पैरों में फंस गया। जैसा कि लोगों का कहना है कि आकाश और कीर्ति ने एक-दूसरे को बचाने की तमाम कोशिशे ज़रूर की होंगी, लेकिन फंसने की वजह से सीट बेल्ट नहीं खुल सकी और उन दोनों की कार के अंदर ही ज़िदा जलकर मौत हो गई। इसका पता होते ही वहां आस-पड़ोस के गांव वाले इकट्ठा हो गए। वे पति-पत्नी को बचाना तो चाह रहे थे, लेकिन दहकती आग ने उनके कदमों को रोक रखा था। वहां खड़े हुए 25 मिनट ही हुए होंगे, उतनी ही देर में सब कुछ जल कर खत्म हो चुका था। उस खौफनाक पल को नज़दीक से देखने वाले लोगों की वह रात जागते हुए गुज़र गई। खुद उन्ही लोगों का कहना है कि उन्होनें जो देखा, उसे सालों साल तक भूला नहीं जा सकता है। उस लम्हे को सिर्फ याद करने तक से रोंगटे खड़े हो जाते है।





जली हुई कार और आकाश पाल व कीर्ति पाल की फोटो।

### मेंहदी घाट पर एक साथ हुआ दोनों का अंतिम संस्कार

दिल दहलाने वाले खौफनाक हादसे का शिकार हुए आकाश और उसकी पत्नी कीर्ति के शवों का पोस्टमार्टम होने के बाद शनिवार को उन दोनों का मेंहदी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। आकाश के पिता राम किशोर ने अपने कंपकंपाते हुए हाथों से मुखाग्नि दी तो वहां खड़े हर किसी की आंख बह चली।

## एक नजर

### वैन से टकराकर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**लहरपुर सीतापुर, अमृत विचार।** नगर के बिसवां तिराहा गेट पर एक अनियंत्रित बाइक सवार मारुति वैन से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार को नगर के बिसवां तिराहा गेट पर बिसवां मार्ग की तरफ से बिना हेलमेट लगाए दाऊद पुत्र फजल अहमद 26 वर्ष अपने साथी वकार पुत्र मुख्तार अहमद 22 वर्ष निवासीगण परसेंडीपुरवा के साथ किसी काम से लहरपुर आ रहे थे, तभी सामने से आ रही मारुति वैन से बाइक टकरा जाने से दाऊद गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की खबर पर भारी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए और सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने अपनी ही गाड़ी में घायल को लादकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर गंभीर हालत में उसका इलाज किया जा रहा है।

### 122 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने नगर के मोहल्ला मीरा टोला से 122 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक राम आसरे चैधरी, उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह व पुलिस टीम के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के संबंध में प्राप्त सूचना के आधार पर नगर के मोहल्ला मीरा टोला से सिराज उर्फ टेनी पुत्र हसीन अहमद निवासी मोहल्ला बहलोलपुर व जमीर पुत्र अब्दुल हमीद निवासी मोहल्ला चिक्की टोला को 122 ग्राम अवैध मादक पदार्थ (स्मैक) के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय भेजने के कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि सिराज उर्फ टेनी एक शातिर अपराधी है, जिसके ऊपर यूपी गैंगस्टर एक्ट सहित कुल सात मुकदमे पहले से ही दर्ज हैं।

### बच्ची से दुष्कर्म करने वाले को भेजा जेल

**सीतापुर, अमृत विचार।** थानाक्षेत्र में एक चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना सामने आई। जिसमें पीड़िता की मां ने बताया कि घर में बच्ची को अकेली देखकर 18 साल के नवयुवक ने दुष्कर्म किया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से संबंधित आरोपी विजय पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम भगौतीपुर थाना मानपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

### जय हनुमान के जयकारों से गूंजे मंदिर

**सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के हनुमान मंदिरों में ज्येष्ठ माह के पहले शनिवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ी। भक्तों ने पूजा-पाठ आरती के साथ हनुमान चालीसा व सुन्दर कांड का पाठ किया। मिश्रिख के नहर चैराहा पर स्थित बड़ा हनुमान मंदिर, तहसील कार्यालय के पीछे स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम गुफ्फापुरवा में स्थित प्राचीन हनुमान गुफा मंदिर, ग्राम जसरथपुर में स्थित हनुमान मंदिर सहित क्षेत्र के सभी हनुमान मंदिरो में सुबह से ही हनुमान जी के जयकारे गूंजने लगे। भक्तों ने मंदिरों में हनुमान चालीसा पाठ व रामचरित मानस का सुंदर कांड पाठ किया। ज्येष्ठ माह के मंगलवार व शनिवार को धार्मिक नगरी जैसा नजारा कहीं देखने को नहीं मिलता। पूजा पाठ के साथ ही सड़कों और चैराहों पर लगे भंडारों में प्रसाद ग्रहण करने के लिए भारी भीड़ दिखाई दी। नगर में सीतापुर हरदोई रोड पर स्थित विद्युत उपखंड कार्यालय के उपखंड अधिकारी व जेई के सहयोग से स्टाफ के सभी विद्युत कर्मचारियों ने गेट के बाहर पंडाल लगाकर प्रसाद के रूप में शीतल शर्बत सभी को वितरित किया। अनय जगहों पर भी भंडारे लगाये गये।

# 7 माह के बच्चे की मौत के मामले में देवरानी पर मुकदमा दर्ज

महमूदाबाद, सीतापुर

खबर का असर

- मृतक बच्चे की मां को मिला इंसाफ
- शुक्रवार को घर के बाहर चबूतरे पर मिला था बच्चे का शव

**अमृत विचार।** सात माह के मासूम की संदिग्ध मौत के मामले में मां ने देवरानी पर हत्या करने का आरोप लगाया था। उसने घरवालों से छुपकर पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने आरोपी देवरानी के खिलाफ धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अमृत विचार ने प्रमुखता से इस खबर का प्रकाशित किया था। जिसका असर देखने को मिला है।

दरअसल बीते दिन मोहल्ला कटरा निवासिनी कैसरजहां पत्नी सलीम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से जानकारी दी थी कि उसका पति लगभग 5 महीने से सऊदी अरब में काम कर रहा है। पीड़िता का आरोप था कि बीते 21 मई की रात को घर की बिजली चली जाने के कारण वह अपने 7 माह के छोटे बच्चे को लेकर छत पर सो गई थी। कुछ ही दूरी पर उसकी देवरानी जिसका नाम भी कैसरजहां है वह भी कुछ दूरी पर ही लेटी थी। आंख लगने के बाद अचानक से पीड़िता ने अपने बच्चे को पास में न देखकर रोने, चिल्लाने व ढूंढने लगी। पूरा घर छानने के बाद भी उसका बच्चा न मिल सका। इसी बीच घर के बाहर चबूतरे पर बच्चे का शव पड़ा मिला था।



सात माह के बच्चे की फाइल फोटो।

# पलटा ट्रेलर, 10 घंटे बाधित रही सर्विस रोड

कार्यालय संवाददाता, कमलापुर

**अमृत विचार।** कमलापुर नेशनल हाईवे पर कस्बे में बनी सर्विस रोड पर दुकानदारों ने अवैध अतिक्रमण कर रखा है। जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार को दुर्गा इंटरप्राइजेज की दुकान के सामने सुबह लगभग 6 बजे टेलर से मौरंग उतारी जा रही थी, उसी दौरान प्रेशर उठते ही उसकी बॉडी अनियंत्रित होकर पलटने लगी।

ऐसे में ट्रक चालक गेट खोलकर बाहर उतरकर खड़ा हुआ तब तक ट्रक में लदी मौरंग सहित उसकी बॉडी पलट गई। सर्विस रोड पर सुबह से लेकर शाम चार बजे तक ट्रेलर पलटा पड़ा रहा। उसके बाद क्रेन के माध्यम से ट्रक को सीधा किया गया, तब जाकर सर्विस रोड पर आवागमन चालू हुआ। 10 घंटे के बीच में राहगीरों को मोटरसाइकिल, कार व साइकिल लेकर विपरीत दिशा मे उल्टा चलना पड़॥ जिससे हादसे का खतरा भी बना रहा। पूर्व में नेशनल हाईवे के अधिकारियों ने सर्विस रोड पर अतिक्रमण न करने को लेकर प्रचार एवं नोटिस भी जारी की थी, लेकिन कस्बे के दुकानदारों के ऊपर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा। जिसका आए दिन क्षेत्र के ग्रामीणों को खामियाजा भुगतना करना पड़ता है।




सर्विस रोड पर पलटा ट्रेलर। अमृत विचार

# कस्टडी से फरार युवक का पेड़ से लटका मिला शव

## परिजनों ने बताया- नैनीताल से बरामदगी के बाद पुलिस थाने में था युवक, पुलिस का इंकार

**सांडा/सीतापुर, अमृत विचार।** बिसवां कोतवाली इलाके में पुलिस अभिरक्षा से फरार एक युवक का शव शनिवार को उसी के घर के पीछे पेड़ से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। परिजनों का कहना है कि पुलिस ने दो दिन पूर्व प्रेमिका को भगा ले जाने के आरोप में प्रेमी युगल को बरामद किया था। जिसके बाद वह शुक्रवार की दोपहर थाने से फरार हो गया था। मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना और किशोरी के परिजनों पर युवक की हत्या कर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने किशोरी के परिजनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

सांडा चौकी अंतर्गत के गांव की नाबालिग किशोरी अपने प्रेमी इमरान के साथ बीती 22 मई को घर से फरार हो गई थी। मृतक के परिजनों ने बताया कि किशोरी के फरार होने के बाद पिता ने थाने में तहरीर देकर युवक इमरान के खिलाफ किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में धारा 363, 366 के तहत केस दर्ज कराया था। बताया जाता है कि पुलिस ने 23 मई दोनों को बरामद कर किशोरी को परिजनों के सुपुर्द करते हुए युवक को थाने में ही अग्रिम कार्रवाई के लिए बंद कर दिया था। मृतक इमरान के परिजनों ने बताया कि बीती 24 मई को दोपहर अचानक इमरान थाने से फरार हो गया। उसके बाद थाने के एक दरोगा ने इमरान के दोनों भाई, बहनोई और मामा सहित कई रिश्तेदारों को थाने में बुलाया और रात भर थाने में बिठाकर युवक इमरान के बारे में पूछताछ की, लेकिन उसका कोई सुराग नही मिला। शनिवार की सुबह अचानक थाने से फरार इमरान का शव उसके घर के ही पीछे पेड़ से लटकता मिलने की सूचना पुलिस को मिली तो उनके होश फाख्ता हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। युवक इमरान की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजन किशोरी पर ही इमरान को भगाने के लिए उकसाने की बात ग्रामीणों के सामने बयां कर रहे थे।

**केस दर्ज**

- परिजनों ने किशोरी के परिजनों पर लगाया हत्या का आरोप

"नाबालिग किशोरी के अपहरण का केस मृतक इमरान के खिलाफ दर्ज था। किशोरी को बरामद कर बयान इत्यादि के लिए वन स्टॉप सेंटर भेजा गया था। इमरान का शव घर के पीछे से लटकता मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की तफ्तीश की जा रही है। इमरान के परिजनों की तहरीर पर किशोरी के परिजनों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। थाने से फरार होने की बात असत्य है।"

–प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, उत्तरी

### दरोगा हमीदुल्लाह खां परिजनों को धमकाते रहे

घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही थी। इस दौरान थाने के एक दरोगा हमीदुल्लाह खां परिजनों पर ही अपना रौब दिखाकर उनसे मीडिया के सामने बयानबाजी न करने का दबाव बनाते हुए नजर आये। दरोगा के धमकी भरे लहजे को जब एक स्थानीय पत्रकार ने इसे मोबाइल में कैद करने का प्रयास किया तो दरोगा ने पत्रकार को उसके मोबाइल छीनने तक की नसीहत दे डाली। इस दौरान दरोगा और पत्रकार के बीच कहासुनी भी हो गई।



वारदात के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीण और जांच पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

### ...तो नैनीताल से हुई थी प्रेमी युगल की बरामदगी!

घटना के बाद मौके पर रोते-बिलखते इमरान के बड़े भाई सलाउद्दीन ने बताया कि दोनों के बीच प्रेम प्रसंग था। लड़की बड़े घर की थी इसलिए वह इमरान से कही कि मेरे पास पैसे बहुत हैं हम लोग भाग चलें। इसके बाद इमरान लड़की को लेकर फरार हो गया। लड़की के परिवार वाले पुलिस की मदद से लोकेशन लेकर 23 मई नैनीताल पहुंचे जहां दोनों को बरामद कर शाम को पुलिस को सौंप दिया गया था। बड़े भाई ने बताया कि लड़की को परिवार वालों के सुपुर्द कर पुलिस ने मेरे भाई को थाने में ही बिठा लिया। शुक्रवार सुबह दरोगा ने फोन कर बताया कि तुम्हारा भाई थाने से भाग गया है।

### थानाध्यक्ष बोले वांछित था आरोपी युवक

वारदात के बाद जांच पड़ताल कर चुके प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक इमरान के साथ भागी किशोरी को पुलिस ने बिसवां इलाके के भोलागंज से किशोरी को बरामद किया गया था जबकि आरोपी युवक फरार चल रहा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी इमरान को पकड़ने का प्रयास चल रहा था। थानाध्यक्ष और मृतक के परिजनों के बयानों में विरोधाभास होने से पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान खड़े कर रहे है।

### किशोरी के परिजनों पर हत्या का केस दर्ज

वारदात के बाद मृतक के परिजनों ने पुलिस पर प्रताड़ना और किशोरी के परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया था। मृतक के परिजनों ने युवती के पिता सहित चार नामजद लोगों के खिलाफ इमरान की हत्या कर शव लटकाये जाने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पुलिस ने नामजद तहरीर के आधार पर किशोरी के पिता सहित चार लोगों के खिलाफ हत्या और जान से मारने की धमकी देने की संगीन धाराओं में केस दर्ज किया है।



इमरान (फाइल फोटो)।

# दुकान के ऊपर बने कमरे में लटकता मिला युवक का शव

**हरगांव, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर निवासी 27 वर्षीय मोनू पुत्र राम प्रकाश का विवाह दो वर्ष पूर्व ग्राम बरछता निवासी सुमन देवी पुत्री विशंभर कश्यप के साथ हुआ था। विवाह के बाद ही दोनों पति पत्नी के मध्य कुछ विवाद होने लगा, जिस कारण पत्नी अपने मायके से ससुराल नहीं आती थी। ग्रामीणों ने बताया कि विवाद का हल करने के लिए दो दिन पहले दोनों गांव के लोगों ने बैठकर सुलह समझौते का प्रयास किया। बात न बनने पर तीन लाख रुपये लड़की पक्ष को देकर संबंध विच्छेद पर सहमति बनी थी। सहमति के बावजूद लड़की पक्ष ने दस लाख रुपए की मांग कर दी। जिससे मृतक अत्यंत परेशान हो गया और सलारपुर चौराहे पर अपनी ही दुकान के दो मंजिला कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

# ट्रक की ठोकर से जीजा की मौत, साला घायल

संवाददाता, रेउसा, सीतापुर

**अमृत विचार।** थाना थानगांव इलाके में एक ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। जिससे बाइकसवार जीजा की मौत हो गई। जबकि उसका साला गम्भीर रूप से घायल हो गया।

थाना तंबौर के ग्राम राय मड़ोर निवासी अनूप 35 वर्ष गौतम पुत्र गया प्रसाद अपनी बाइक से साले परसराम के साथ सवार होकर थाना थानगांव के राजापुर इसरौली निवासी राजाराम के पुत्र राहुल की शादी में शरीक होने गया हुआ था। जहां से शादी निपटाकर वापस परसराम के साथ लौट रहा था। रेउसा-महमूदाबाद रोड वैन सोहलिया निकट रेउसा की तरफ से जा रहे एक ट्रक ने बाइक में ठोकर सामने से दे दी। बाइक पर पीछे सवार अनूप की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि बाइक चालक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया।

सूचना पर पहुंचे घटनास्थल से थानगांव प्रभारी हनुमतलाल ने अपनी निजी गाड़ी से घायल को सीएचसी भिजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार बाद जख्मी परसराम को जिला बहराइच रेफर किया गया। हनुमतलाल तिवारी ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से ट्रक को पकड़ लिया गया है, चालक फरार है। परिजनों की तहरीर पर केस सम्बन्धित धाराओं में दर्ज कर लिया गया है।




## सार-संक्षेप

### मुकदमों के आधार पर प्रधान हिस्ट्रीशीटर घोषित

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रेवरी के प्रधान लालजी भार्गव पुत्र भारत के ऊपर पूर्व के थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई मुकदमे दर्ज थे। जिसको लेकर विवेचना चल रही थी अन्य मुकदमों की विवेचना को देखते हुए प्रधान लाल जी भार्गव को पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर घोषित किया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक तेज बहादुर सिंह ने बताया कि प्रधान लाल जी भार्गव के ऊपर थाना क्षेत्र में कई मुकदमे दर्ज थे, जिनकी विवेचना चल रही थी, उन्हीं के आधार पर हिस्ट्रीशीटर घोषित किया गया।



लालजी भार्गव।

### बिना रजिस्ट्रेशन चल रहीं झोलाछाप की तीन दुकानें सीज

**बिसवां, सीतापुर, अमृत विचार।** क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को डॉ. अमित कपूर के नेतृत्व में डा. जोगेंद्र श्रीवास्तव, एच. एस. मुरली मनोहर त्रिवेदी ऑप्टोमेट्रिस्ट नवीन श्रीवास्तव की टीम ने ग्राम गुरेरा में चिन्मय विश्वास पुत्र चितरंजन विश्वास निवासी ग्राम मेहंदीपुर ब्लाक परसेंडी की दुकान सीज की। इनकी दुकान पर दवाइयां पाई गईं और चिन्मय विश्वास लोगों का इलाज कर रहे थे। संयुक्त टीम ने गुरेरा के पास में ही रिजवान खान पुत्र लल्लन खान निवासी मोंचकला की दुकान भी सीज की। दुकान में नर्स इत्यादि बैठी थीं और दवाइयां भी थीं, लेकिन उनके पास स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं थे। इसके अलावा डॉक्टरों की टीम ने मानपुर में शराब की दुकान के सामने डॉक्टर नफीस की दुकान को भी सीज कर दिया। इनकी दुकान पर भी चिकित्सा सम्बन्धी कोई अभिलेख उपलब्ध नहीं पाए गए। डॉक्टर अमित कपूर ने बताया कि उक्त दुकानों पर स्वास्थ सम्बन्धी कोई अभिलेख नहीं थे और दुकान पर दवाइयां इत्यदि मौजूद थी और मरीजों को देखा जा रहा था।

### कोटेदार पर घटतौली का आरोप, दो माह से नहीं दिया खाद्यान्न

**सकरन, सीतापुर, अमृत विचार।** विगत दो माह से कोटेदार ने ई-पास मशीन पर अंगूठा रखवाकर गल्ला नहीं दिया है। आरोप के बाद भी कोटेदार फर्जी दस्तावेज के माध्यम से अपने लड़के को उसकी नानी के अंत्योदय राशन कार्ड में जोड़कर लाभ ले रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। विकासखण्ड सकरन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्ली में महिला अस्थाई कोटेदार नीलू देवी पर ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उसने विगत दो माह से ई-पास मशीन पर अंगूठा रखवाने के बाद खाद्यान्न नहीं दिया है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो कोटेदार के पति पीआरडी कन्हैयालाल ने गाली गलौज किया। यहीं नहीं कोटेदार नीलू देवी की माता स्वर्गीय जगरानी पत्नी जगदीश के अंत्योदय कार्ड में फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेकर अपने लड़के अनिकेत का नाम जोड़कर उसका लगातार लाभ लिया जा रहा है। विदित हो कि जगरानी उपरोक्त की मृत्यु करीब चार वर्ष पूर्व हो चुकी है, फिर भी आरोपित कोटेदार सरकार की आंखों में धूल झोंक रही है। ग्रामीणों के अनुसार कोटेदार मनमाने ढंग से खाद्यान्न वितरित करती है, जिसमें प्रत्येक यूनिट पर आधा किलो कम खाद्यान्न देती है। ग्रमीणों ने उपजिलाधिकारी लहरपुर को शिकायती पत्र देते हुए कार्यवाही किये जाने की मांग की है। मामले में एसडीएम लहरपुर शिखा वर्मा ने बताया कि कार्यवाही की जाएगी।

### नए ट्रांसफार्मर लगने से ट्रिपिंग व लो वोल्टेज से मिलेगी निजात

**कमलापुर।** अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज के समाधान के लिए रालोद प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान ने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल नन्दलाल से मुलाकात की। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विद्युत भार अधिक होने से बार-बार लाइन ट्रिप होने की समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि जिले में कुछ ट्रांसफार्मरों की की क्षमता वृद्ध होनी है निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। ट्रांसफार्मर उपलब्ध होते ही अधिक भार के ट्रांसफार्मर लगा दिए जायेंगे जिससे अनेक क्षेत्रों में बार बार ट्रिपिग व लो वोल्टेज से निजात मिल जायेगी।



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन देते रालोद के प्रदेश महासचिव आरपी सिंह।

### दूसरे फीडर का तार लाइन पर गिरने से दो विद्युतकर्मी झुलसे

**सीतापुर।** विद्युत उपखंड लहरपुर के फीडर न्यामूपुर के अंतर्गत शुक्रवार शाम नयागांव नेवादा के पास लाइन जोड़ रहे दो विद्युतकर्मी बुरी तरह से झुलस गये। अरुण कुमार 22 वर्ष पुत्र गजोधर निवासी ग्राम डेरुवारूढ मजरा न्यामूपुर व दूसरे गांव खैरुल्लापुर में खंभे के ऊपर चढ़े विवेक 20 वर्ष विद्युत लाइन ठीक कर रहे थे, तभी दूसरे फीडर का तार लाइन पर गिर जाने से दोनों विद्युतकर्मी बुरी तरह से झुलस गए। चीख पुकार के बीच पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी में भर्ती कराया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस संबंध में विद्युत अवर अभियंता ग्राणीण अभिनव शुक्ला ने बताया कि दूसरी लाइन का तार छू जाने से एक ही फीडर पर अलग-अलग काम कर रहे विद्युत कर्मी करंट लगने से झुलस गए हैं। घटना के संबंध में विवेक के पिता शिव कुमार ने तालगांव पुलिस से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

**मुश्किल** — सड़कों पर जाम और दुर्घटना के बन रहे सबब

# बिना कागजों के सड़कों पर फर्राटा भर रहे ई-रिक्शा



मुख्य चौराहे पर आधी सड़क घेरकर खड़े ई-रिक्शा चालक। अमृत विचार

**हरगांव, अमृत विचार।** कस्बे में ई-रिक्शा अवैध तरीके से धड़ल्ले से चल रहे हैं। ज्यादातर ई-रिक्शा चालक बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, आवश्यक प्रपत्र, प्रदूषण बोर्ड, बीमा के मानकों को ताक पर रखकर संचालित कर रहे है। अधिकांश तौर पर नाबालिग बच्चे भी ई-रिक्शा चलाते देखे जा रहे हैं। यह लोग सवारी के चक्कर में तेजी से अचानक मोड़ देते हैं। जिससे आए दिन कोई न कोई चोटिल हो जाता है।

इसका स्टाप कोई निर्धारित न होने के कारण मनमाने तरीके से सड़क के किनारे इधर उधर खड़े होते हैं। हमेशा मुख्य चौराहे पर जाम लग जाता है। वहीं वाहनों में नंबर, रजिस्ट्रेशन न होने के कारण छात्राओं व महिला सवारियों के साथ अनहोनी घटना की संभावना भी बनी रहती है। इससे हमेशा कोई घटना होने पर ई-रिक्शा चालक की पहचान करना मुश्किल हो जाता है। जिला प्रशासन सहित आरटीओ विभाग की अनदेखी के चलते ई-रिक्शा चालक धड़ल्ले से मानकों को ताक पर रखकर संचालन करते रहते है। अक्सर कटिया डालकर अथवा घरेलू कनेक्शन से ई-रिक्शा को चार्जिंग भी करते हैं। जिससे लो-वोल्टेज की समस्या रहती है। ई रिक्शा खड़े होने का कोई स्थान निर्धारित नहीं है। ई-रिक्शा चालकों की कार्यशैली से आम जनमानस काफी परेशान रहता है।

# दोस्त की हत्या करने वाला आरोपी आलाकत्ल के साथ गिरफ्तार

- शराब के नशे में विवाद के बाद हंसिये से हमला कर की थी हत्या

**सीतापुर, अमृत विचार।** अटरिया थाना इलाके के ओम ब्रिक फील्ड पर शुक्रवार को नशे में धुत मजदूरों के साथ हुए आपसी विवाद में मजदूर की हत्या करने वाले हत्यारोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी की निशानदेही पर पुलिस ने आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने हत्यारोपी को सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि शुक्रवार की रात अटरिया थाना क्षेत्र के गांव मचवाखेड़ा में स्थित ओम ब्रिक फील्ड में कुछ मजदूरों ने साप्ताहिक मजदूरी मिलने के बाद खाने-पीने की व्यवस्था की थी। इस दौरान नशे में दो मजदूरों में आपसी विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि मजदूर दुर्गेश पुत्र सोनू केवट निवासी ग्राम ओखर थाना पचपेड़ी जनपद बिलासपुर राज्य छत्तीसगढ़ ने अपने साथी दिलेश्वर कुमार केवट पुत्र हरप्रसाद निवासी उगर थाना पंचपेड़ी जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ के सीने पर हसिया से वार कर दिया। हमले के बाद दिलेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर स्थानीय पुलिस ने हत्यारोपी दुर्गेश को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही हत्यारोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष अटरिया रोहित दुबे ने बताया कि मृतक और आरोपी दोनों गहरे दोस्त थे। शराब पीने के बाद हुए विवाद में हत्या की गई है। आरोपी को जेल भेजा रहा है।



पुलिस की गिरफ्त में खड़ा हत्यारोपी युवक दुर्गेश। अमृत विचार

# आनंद से भरी पूरी है सृष्टि



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है।

सत्य, शिव और सौंदर्य अस्तित्व का प्रसाद हैं। प्रसन्न होने के लिए यह सब पर्याप्त है। मनुष्य ने प्रत्यक्ष रूप में बड़ी उन्नति की है। भौतिक ज्ञान व्यापक हुआ है। विज्ञान के क्षेत्र में आश्चर्यजनक शोध हुए हैं। भारतीय दर्शन में आनंदमय चिंतन के शाश्वत सूत्र हैं। कला और सौंदर्यबोध भी शिखर पर हैं। सुख, स्वस्ति और आनंद भी अविरल प्रवाहमान हैं, लेकिन पश्चिम प्रेरित आधुनिकता ने जीवन को प्रतिस्पर्धी बनाया है। प्रतिस्पर्धी जीवन के प्रभाव में आनंद के स्रोत व्यक्ति को आश्वस्ति नहीं देते। प्रसन्न रहना और प्रसन्न होना सभी व्यक्तियों का मौलिक अधिकार है। प्रसन्नता सहज सुलभ है, लेकिन प्रसन्नता के सूचकांक में दुनिया के तमाम देशों की स्थिति चिंताजनक है। पश्चिम प्रेरित आधुनकिता में धन और भौतिक संसाधनों को संग्रह करने की प्रतिस्पर्धा है। व्यक्तिवाद बढ़ा है। सामाजिक उल्लास के लिए सामूहिक जीवन की आवश्यकता होती है। सामाजिक उल्लास की परम्परागत व्यवस्था का नाम उत्सव है। अकेला व्यक्ति प्रसन्न नहीं हो सकता। एकाकी व्यक्ति उत्सवों का आयोजन भी नहीं कर सकता। उत्सवों के आनंद घटे हैं।

जीवन में प्रसाद का अभाव है और अवसाद का प्रभाव। अवसाद वस्तुतः पराजित मानसिकता का परिणाम है। मित्रता सुख देती है। मित्र परस्पर सुख-दुख बांटते हैं,लेकिन मित्रता भी स्वार्थ निरपेक्ष नहीं है। एकाकी होने में दुख है। एकाकी अनुभव होने में और ज्यादा दुख है। बृहदारण्यक उपनिषद में सृष्टि के विकास का सुंदर वर्णन है। ऋषि कहते हैं, ''पहले वह अकेला था। अकेला होने के कारण उसे आनंद नहीं मिला। उसे अकेले में आनंद नहीं आया।" आकार में सबसे बड़ी वृहदारण्यक उपनिषद् शतपथ ब्राह्मण का एक हिस्सा है। इसका अध्ययन विचारोत्तेजक है। इसमें सृष्टि सृजन के सम्बंध में कहते हैं, ''पहले केवल आत्मा था। वह अकेला था-अह्मस्मि। बताते हैं कि वह भयभीत हुआ। उसने चारों ओर देखा। दूसरा कोई नहीं था। दूसरा कोई नहीं तो डर कैसा। वह निर्भय हो गया।" इसका संदेश सुस्पष्ट है। आत्मबोध निर्भय बनाता है। आगे बताते हैं, ''उस अकेले को आनंद नहीं आया-स वै नैव रैमे तस्मात् एकाकी न रमते।" वैसे भी अकेले को आनंद नहीं आता। एक कोई और हो तो अच्छा लगता है। उसने एक और की इच्छा की। उसने स्वयं को विभाजित कर दिया। वह एक से दो हो गया। आत्मविश्वास का संकट भी अंतर्मन को आहत करता है। तनाव भी दुख के लिए उत्तरदायी है। अवसाद से अनेक बीमारियां भी बढ़ती हैं। इसका उल्टा भी होता है। लंबे समय की बीमारी भी अवसाद बढ़ाती है। अवसाद एक विशेष प्रकार की मनोदशा है। इस मनोदशा में स्वयं पर विश्वास नहीं रह जाता। आत्मविश्वास की कमी अवसाद को और भी बढ़ाती है। इसके प्रभाव की गंभीरता को देखते हुए 2021 में जापान में मिनिस्ट्री ऑफ लोनलिनेस मंत्रालय बनाया गया। इस मंत्रालय का उद्देश्य लोगों को अवसाद की दशा से मुक्त करना था, लेकिन इस सरकारी विभाग के द्वारा किए गए काम कोई परिणाम नहीं दे सके। दरअसल अवसाद जैसी खतरनाक मनोदशा को दूर करने के लिए सरकारी विभाग बना देना पर्याप्त नहीं है। निराशा विशेष प्रकार की मनोदशा है। आशा अभावग्रस्त व्यक्ति को भी दुखी नहीं होने देती। आशा का सीधा अर्थ है कि भविष्य में सब कुछ अच्छा ही होगा। आशा भविष्य पर विश्वास है। निराशा अपने कर्मों पर भी विश्वास नहीं करने देती। मनोचिकित्सकों के लिए यह एक बीमारी है। उनका कहना है कि मस्तिष्क का एक हिस्सा मनुष्य को अपनी सुरक्षा के लिए सावधान करता है और उसके निर्णय लेने की विधि को भी प्रभावित करता है। ऊंचाई से डर लगना या लिफ्ट में घबराहट का अनुभव करना दुख है। अवसाद की स्थिति में मस्तिष्क का यह हिस्सा व्यवस्थित काम नहीं करता। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत अवसाद के मरीजों के मामलों में अग्रणी देशों में है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

भारतीय सामाजिक जीवन में प्राचीन काल से ही ईश्वर, देवी, देवता जैसे प्रतीक हैं। आशावादी अपनी आस्तिकता के कारण अपने दुख और अवसाद से छुटकारा पाने के लिए देव शक्तियों पर विश्वास करते हैं। पश्चिम प्रेरित सभ्यता इसे अंधविश्वास कहती है, लेकिन ऐसे देव विश्वास मनुष्य शरीर की रासायनिक क्षमता को आशावादी बनाते हैं और विषाद प्रसाद में बदल जाता है। भारतीय दर्शन परंपरा में परम सत्ता को समूचे अस्तित्व के लिए कर्ता धर्ता बताया गया है। भारतीय संस्कृति में यथार्थवाद की अनेक धाराएं हैं।

चार्वाक मत न ईश्वरीय सत्ता मानता है और न पुनर्जन्म। उसकी घोषणा मजेदार है, "जब तक जियो सुख से जियो। उधार लो और घी खाओ-यावत् जीवेत्, सुखम् जीवेत्। ऋणम् कृत्वा, घृतम् पीवेत्।" इस देह और संसार के परे कुछ भी नहीं है। इसे नास्तिक दर्शन माना जाता है। लेकिन यह दर्शन सुख की गारंटी देता है। ऋग्वेद से लेकर समस्त वैदिक साहित्य में आनंद प्राप्ति का दर्शन है। मनुष्य निराशा में आनंदित नहीं होता और दुख में भी नहीं। जीवन दृष्टि को आनंदमार्गी बनाना जरूरी है। आशा में आश्चर्यजनक ऊर्जा होती है। छान्दोग्य उपनिषद की कथा के अनुसार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य और भौतिक विज्ञान की सभी शाखाएं पढ़ लेने के बाद भी नारद अशांत थे। वे उस समय के प्रतिष्ठित विद्वान सनत् कुमार के पास गए। सनत् कुमार ने उनके द्वारा पढ़ी सम्पूर्ण विद्या को अपर्याप्त बताया है और कहा कि आशा में बल है। इसमें सुख है। नारद ने पूछा, यह सुख क्या है? सनत् कुमार ने बताया, "जो पूर्ण है, वही सुख है। जो अपूर्ण है वही दुख है।" ऋषि ने अन्य उपनिषद में पूर्ण का अस्तित्व समझाते हुए कहा है, "यह पूर्ण है। वह पूर्ण है। उस पूर्ण से यह पूर्ण प्रकट हुआ है। पूर्ण से पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है।" पूर्णता पूर्ण अनुभूति देती है। ब्रह्म पूर्ण है। ब्रह्मविद ब्रह्म अनुभूति पाते हैं। ब्रह्म अनुभूति में ब्रह्मानंद है।

सृष्टि आनंद से भरी पूरी है। देखने की सकारात्मक दृष्टि होनी चाहिए। नदी तट पर खड़े होकर जल प्रवाह देखना आनंद है। नदी की लहरों का नाद संगीत सुनना आनंद है। आकाश में चमकते तारों को प्रीतिपूर्ण ढंग से देखना भी आनंद है। वायु का स्पर्श आनंददायी है। मित्र का साथ विशेष आनंददाता है। विद्वान आचार्य के पास बैठना आनंद है। गीत या कविता सुनना आनंद है। संगीत के सात सुरों को ध्यान से सुनना भी आनंददायी है। कलाओं का दर्शन आनंददाता है। प्रकृति बहुरुपिया है। सर्वत्र रूप ही रूप हैं। पेड़ों पर बैठे चहकते गीत गाते पक्षियों को देखना सुनना आनंद है। पक्षियों के छोटे बच्चों को सहलाना विशेष आनंद है। बच्चे बिल्ली के हों या कुत्तों के अथवा अन्य किसी जानवर के, उनको सहलाना, उनके प्राकृतिक व्यवहार को ध्यान से देखना भी आनंद है। सूरज उगने से पहले लालिमा से भरी पूरी ऊषा को देखना विशेष आनंद है। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त करना भी आनंद है। स्वयं को प्रकृति सृष्टि का अविभाज्य अंग जानना भी आनंद है। प्रकृति में यत्र तत्र सर्वत्र आनंद के प्रोत्साहक रूप हैं। उन्हें देखना सुनना भी आनंद है। आनंद रस आपूरित जीवन दृष्टि में समूचा ब्रह्माण्ड आनंद से भरा पूरा छलकता अमृतघट होता है। यह सहज सुलभ है। तब विषाद की कोई स्थिति नहीं होती। आनंदमयता में जीवन प्रसाद से भर जाता है।

# अफसर साहित्यकार और हिंदी जगत



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

आजकल अफसर लेखक को हिन्दी साहित्य वाले बहुत सम्मान देते हैं। अफसर लेखक की भूमिका को वे गंभीरता से विश्लेषित नहीं करते, जन सरोकारों के संदर्भ में उसकी भूमिका को खोलकर नहीं देखते। उसे सिर्फ संसाधनों के संदर्भ में देखते हैं। इसने साहित्य के जन सरोकारों को प्रदूषित किया है,संघर्षशील कतारों को कमजोर किया है।

एक जमाना था हिन्दी में जन सरोकारों से जुड़े साहित्यकार महत्वपूर्ण माने गए, बाद में ऐसा दौर आया कि अफसर साहित्यकार ही साहित्य के सितारे बन गए। आज साहित्यकारों में अफसर साहित्यकारों के इर्द-गिर्द जमघट रहता है, ये अफसर साहित्यकार साहित्य को कुछ नहीं दे पाए हैं। हां, एक काम जरूर हुआ है कि साहित्यकार में अफसरों की आदतें आ गई हैं। साहित्यकारों में वे सारी तिकड़में आ गई हैं, जो अफसर में होती हैं। तिकड़मी और ऊपर के कनेक्शन वाला मजेदार साहित्यकार पैदा हुआ है, जो साहित्य में मजे ले रहा है और साहित्य को मजमे की तरह इस्तेमाल करके विनिमय कर रहा है। अफसर साहित्यकारों के पास एक अच्छी खासी जमात सरकारी तंत्र और राजनेताओं की है। इसने साहित्य को सत्ता के तंत्र का पुर्जा बनाकर रख दिया है। सवाल यह है कि साहित्यकार की भूमिका को समग्रता में देखें या अंश में देखें? कहां से देखें?

साहित्यकार को समग्रता में देखना सही होगा। इससे साहित्य में आए अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों, कुलपति, कुलाधिपति आदि की बीमारियों से साहित्य को बचाने में मदद मिलेगी। एक जमाना था लेखक हुआ करता था। बाद में कार्यकर्ता लेखक आया,लेकिन इसके बाद अफसर लेखक ने साहित्य के क्षितिज को अपने कब्जे में ले लिया है। अफसर लेखक आज महान लेखक है। यह वह व्यक्ति है जिसके सामाजिक सरोकार सत्ता से अभिन्न रूप से जुड़े हैं और यह अपनी संगत, शोहरत, संपर्क आदि के जरिए साहित्य जगत को प्रभावित कर रहा है। इसे साहित्य में करप्शन का गोमुख भी कह सकते हैं। साहित्य की प्रतिवादी भूमिका, नागरिक की प्रतिवादी भूमिका आदि को विकृत करने में अफसर साहित्यकार की विगत 60 सालों में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हिंदी जगत का एक अन्य पहलू है। यहां पाखंडी किस्म के अ-लेखक बहुत हैं। ये लिखते नहीं हैं, साहित्यकारों की गप्पें ज्यादा हांकते हैं।

नामी लेखकों की चाटुकारिता करना, उनकी आवभगत करना और उनसे संपर्क रखना। इस तरह के अ-लेखकीय प्राणी अमूमन कॉलेज -विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग में पाए जाते हैं। ये साहित्य के गप्पी हैं, इनकी न तो पढ़ने में रूचि है और न संसार को जानने में रूचि है। वे तो साहित्य में लंबी हांकने में माहिर हैं।


सोशल मीडिया पर हिंदी में फैशनेबुल नॉनसेंस लिखने वालों की अच्छी खासी संख्या है। इसके दायरे में सतही लेखन, अप्रासंगिक कृत्रिम रूप में अवधारणाओं का प्रयोग और उन पर हमला, अर्थहीन शब्दों का प्रयोग आदि आते हैं। इसमें वे लोग शामिल हैं, जो शब्दों को मेनिपुलेट करने में माहिर हैं और विज्ञानसम्मत चीजों तथा पदबंधों का निषेध करते हैं। इसमें वह लेखन भी शामिल हैं, जो ज्योतिष, अंधविश्वास और बहुलतावाद का निषेध करता है। इस तरह का लेखन सोशल मीडिया के सामान्य चिंताधारा वाले मित्रों को अपील करता है और उत्तेजित करता है। मजेदार बात यह है कि हिन्दी के अधिकांश लेखक गुदड़ी के लाल होने के गुमान में रहते हैं।

# तीर्थ स्थलों को न बनाएं पर्यटन का अड्डा



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है।



तेईस हजार फीट की ऊंचाई पर एक तरफ बर्फ से ढकी चोटियां साफ दिखाई देती हैं तो दूसरी ओर नंगी पठारी शिखर श्रेणियां छाती ताने खड़ी रहती हैं। हिमशिखरों से समय-समय पर हिमनद का हिस्सा टूटा रहता है। काले कबरे पहाड़ों से पत्थर गिरते हैं। इस बीच नागिन की तरह बलखाती पगडंडी पर होता है, एक आम आदमी। मंदाकिनी के तट पर स्थित पवित्र केदारनाथ धाम के मार्ग का कोई यात्री यही वर्णन कर सकता है, लेकिन केदारनाथ की यात्रा अब पहले जैसी नहीं रही।

पहले इस यात्रा में केवल बड़े-बुजुर्ग लोग ही जाया करते थे और तब जब कोई बुजुर्ग चार धाम की यात्रा पर निकलता था तो सारा गांव मिलकर उन्हें विदा करता था। लोग आशीर्वाद लेते थे। गांव के सभी लोग अपने घरों से भेंट (पैसा) लाकर उन्हें देते और कहते थे कि लौट के आओ तो उन्हें मंदिर का प्रसाद अवश्य दें। तब यात्रा श्रद्धा, विश्वास और मर्यादा से जुड़ी थी। यात्रा के दौरान यात्री इस बात का ध्यान रखते थे कि उनसे कोई भूल न हो, कोई अपराध न हो, लेकिन आज अधिकतर यात्रियों में न श्रद्धा है और न ही विश्वास। यदि श्रद्धा होती तो शिव के धाम को रील बनाने और नाचने की जगह न बनाते। यदि विश्वास होता तो जानते की हर तीर्थ स्थल की कुछ अपनी मर्यादाएं होती हैं जिनका स्वतः पालन करना जरूरी है। आज से ढाई तीन दशक पहले तक हिंदू जनमानस में बद्री-केदार की यात्रा जीवन की अंतिम यात्रा मानी जाती थी। यह गृहस्थ धर्म निभा लेने के बाद कि वो यात्रा थी कि मृत्यु भी हो जाए तो मोक्ष की प्राप्ति हो, पर आज जो लोग महज घुम्मकड़ी तथा वीडियो और रील बनाकर अपने लाइक्स और कमेंट्स बढ़ाने के लिए यात्रा कर रहे हैं,वे उन यात्रियों के लिए भी परेशानी का सबब बनते हैं, जो सच में श्रद्धा भाव के साथ दर्शन को निकले हैं।

केदारनाथ जाने वाले सभी यात्रियों को तीर्थाटन और पर्यटन के अंतर को समझना चाहिए। यह कोई पर्यटन स्थल नहीं है और न ही कोई पिकनिक स्पॉट कि आप वहां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंच जाए जोर-जोर से वाद्य यंत्र बजाकर मंदिर परिसर में नृत्य करने लगे। केदारनाथ करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। हिमालय की इस अलौकिक भूमि पर तपस्वी और साधक अखंड शांति के लिए ध्यान लगाते हैं। इसलिए यहां पर किसी भी प्रकार का शोर करना सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यताओं पर अतिक्रमण है। साथ ही यह वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के नजदीक होने के कारण भी मान्य नहीं है। इसे ध्वनि प्रदूषण के लिहाज से भी देखा जाना चाहिए। केदारनाथ के कपाट खुलते ही जितनी भीड़ इस बार पहुंची इतनी शायद ही पहले कभी रही होगी। अब सवाल यह उठता है कि लोग मई-जून के महीने में ही यहां क्यों आना चाहते हैं, जबकि यहां वर्ष के बाकी दिनों में मौसम ज्यादा अच्छा रहता है। जाने क्यों लोगों में यह धारणा बैठ गई है कि इन धामों की यात्रा गर्मियों में ही की जानी चाहिए। इसके चलते यात्रियों का सारा दबाव मई से लेकर जुलाई तक रहता है, जबकि देखा जाए तो यात्रा के लिए सितंबर-अक्टूबर से बेहतर कोई और वक्त नहीं है।

मैदान में ऐसा माना जाता है कि इन महीनो में पहाड़ पर बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं होता उस समय मौसम पूरी तरह से साफ रहता है और ठंड भी ज्यादा नहीं होती है। पहाड़ का होने के नाते मेरी यही सलाह है कि यदि आपने इन्हीं दिनों आने की जिद न पाली हुई हो तो आप अपनी यात्रा को सितंबर-अक्टूबर तक टाल दीजिए। आज की तुलना में उन महीना में आपकी यात्रा कम खर्चीली, ज्यादा सुविधावाली और पर्याप्त मानसिक सुकून देने वाली होगी। एक सवाल यह भी है कि केदारनाथ की यात्रा को पिकनिक के रूप में लेने, शॉर्ट वीडियो और रील बनाने की यात्रा समझने वाले कितने लोगों को केदारनाथ का असल महात्म्य पता है। भगवान शिव के 11 ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध केदारनाथ को स्कंद पुराण और शिव पुराण में केदारेश्वर भी कहा गया है। मान्यता है कि महाभारत युद्ध के बाद पांडव गोत्र वध पाप से मुक्ति के लिए भगवान शिव के दर्शन हेतु यहां आए थे। पांडवों की परीक्षा देने के लिए भगवान शिव ने महिष का रूप धारण किया, लेकिन पांडवों ने उन्हें पहचान लिया।

पांडवों के छूते ही भगवान का महिष रूप पांच भागों में विखंडित हो गया। खंडित शरीर के भाग जहां-जहां गिरे वे सभी पंच केदार तीर्थ के रूप में प्रतिष्ठित हुए। कहते हैं केदारनाथ में शरीर का पृष्ठ भाग गिरा। यहां मंदिर के गर्भगृह में शिवलिंग न होकर एक टेढ़ी चट्टान के रूप में स्थित प्रस्तर प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाती है। उच्च हिमालय पहाड़ी पर स्थित केदारनाथ भूकंपीय दृष्टि से एक अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। यहां होने वाली कोई भी गतिविधि यहां के पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को प्रभावित करती है। हमें 2013 की आपदा को नहीं भूलना चाहिए जब मुख्य मंदिर को छोड़कर पूरे परिसर को नुकसान पहुंचा था। मुख्य मंदिर के पीछे स्थित अन्य सभी छोटे मंदिर और शंकराचार्य का समाधि स्थल पूरी तरह से मलबे में दब गया था। ईश्वर करें ऐसी आपदा दोबारा न आए। इसके इसके लिए सरकार और स्थानीय प्रशासन को कुछ कड़े नियम बनाने होंगे। सरकार ने ऐसा किया भी है, लेकिन अधिक जिम्मेदारी उन लोगों की है,जो यहां पहुंचते हैं।

# मतदान के लिए जागरुकता बनाम लोलुपता



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

लोकसभा चुनाव में अपेक्षित मतदान नहीं होने से लोकतंत्र की मजबूती के हिमायती लोगों में चिंता है। कोशिश यही होती रहती है कि मतदान पिछले चुनाव से अधिक हो। मतदान बढ़ाने के लिए शासकीय और गैर शासकीय प्रयास लगातार किए जाते रहते हैं। वैसे भी आधुनिक संचार क्रांति के दौर में जब अधिकांश लोगों के हाथों में चलती, फिरती और घूमती दुनिया के रूप में एंड्रायड फोन (मोबाइल) है तब तो मतदान का प्रतिशत स्वतः ही बढ़ना चाहिए, लेकिन अभी भी मतदान की महत्ता बतानी पड़ रही है। यह कोई सुखद स्थिति नहीं कही जा सकती।

इस बीच मतदान बढ़ाने के लिए कामर्शियल फर्म्स, कंपनियों तथा दुकानदारों द्वारा मतदान करने के बाद विशेष छूट की घोषणा की जा रही है। उंगली पर निशान दिखाने पर इस तरह के व्यापारी अपने उत्पाद में छूट देने का प्रचार कर रहे हैं। इस छूट के पीछे क्या मतदान बढ़ाने का उद्देश्य है या ग्राहक तलाश की कोशिश है, यह स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता,लेकिन दौराने चुनाव मंचों से मुफ्त सामग्री देने की राजनीतिक दलों की घोषणा के बाद मतदान के लिए इस तरह का ऑफर प्रथम दृष्ट्या प्रलोभन ज्यादा लग रहा है। कहीं-कहीं प्रशासन ने अपने खर्च पर वोट दिलाने का काम किया।

किसी एक को हवाई जहाज के टिकट की व्यवस्था भी की बात सामने आई। इस तरह की व्यवस्था की जाने लगेगी तब इसका भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। फिर तो वोट के लिए बहुतेरे मुफ्त हवाई यात्रा का ख्वाब पालने लग जाएंगे। इस पर गहराई से चिंतन किया जाना चाहिए तथा चुनाव आयोग को मतदान के लिए किस तरह की सुविधा दी जाए, यह भी स्पष्ट नियम बनाना चाहिए। अन्यथा इस तरह के प्रलोभनों की आड़ में प्रत्याशी भी यदि लग जाएंगे तो फिर आदर्श आचार संहिता का क्षरण भी होने लग सकता है।

# याद आई ठुकाई



वीर विनोद छाबड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमारी शिक्षा-दीक्षा का प्रारंभ एक मिशनरी स्कूल से हुआ था। क्रिसमस डे को हम बरसों तक 'बड़े दिन' की छुट्टी के तौर पर मनाते रहे। खूब केक खाया और ढेर सारी छुट्टियों में ठंड के बावजूद खूब मस्ती लूटी। बाद में उस मिशन स्कूल ने हमारा नाम काट दिया।

दरअसल हमारी अंग्रेजी बहुत कमजोर थी और मैथ भी और ये अभी तक कमजोर है। अब वो बात दूसरी थी कि मां अपनी पड़ोसनों को स्पष्टीकरण देती रही कि हमने खुद ही नाम कटा दिया है। हम भी अपने सखाओं से यही कहते रहे। पिताजी जी ने हमारा दाखिला हिंदी मीडियम के सरकारी जनता स्कूल में लिखवा दिया, जहां सारे त्योहार बड़े जोश-खरोश से मनाए जाते थे। छुट्टियां भी खूब मिलती थीं, लेकिन पिटाई भी जम कर हुई। याद आता है कि पीटी वाले मास्टर जी मुर्गा भी बनाते थे। मैथ वाले मास्टर जी को पीठ पर मुक्का ठोंकने में बहुत आनंद मिलता था। उनके सामने हम लोग बिना कहे पीठ करके खड़े हो जाते थे।

अंग्रेजी वाले मास्टर साहब के सामने हम हथेली खोल खड़े हो जाते, मार लो जितनी छड़ी मारनी है। यानी यूं समझिए कि कक्षा नौ तक मास्टरों ने हमें लेफ्ट-राइट इतना ठोका कि इतना तो घर वालों और बलशाली सखाओं ने भी मिलाकर नहीं ठोका होगा। ठुकाई करने वाले मास्टरों के बारे में हमारा धारणा ये था कि ये भी अपने छात्र जीवन में खूब ठुके होंगे तभी तो हम लोगों से बदला ले रहे हैं। आज एक मास्टर जी जैसी शक्ल वाला दिखा तो याद आई ठुकाई।

# राष्ट्र की उन्नति के लिए आवश्यक है सामाजिक एकीकरण



डॉ. अंजू सिंह
असिस्टेंट प्रोफेसर,बरेली

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है,बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए।

राष्ट्रीय एकीकरण भारतीय समाज के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि भारत विभिन्नताओं का देश है और स्वतंत्रता के 77 वर्ष बाद भी भारत में राष्ट्रीय एकीकरण की समस्या निरंतर बनी हुई है। विभिन्न धर्म, मत, पंथ, संप्रदायों के लोग भारत में रहने के बावजूद भी अपनी अलग संस्कृति एवं अलग-अलग नियम, विधि-विधान के अनुसार कार्य एवं व्यवहार करते हैं जिससे भारत की अखंडता को हानि पहुंच रही है। हालांकि कहने के लिए भारत विभिन्नताओं में एकता का देश है और यही विभिन्नता में एकता भारत को विश्व के समस्त राष्ट्रों में अलग पहचान दिलाती है। कहा जाता है कि भारत इंद्रधनुष के सतरंगी रंगों के समान है।

यहां पर विभिन्न धर्म, संप्रदाय, जाति एवं जनजाति के लोग निवास करते हैं और सभी की अपनी विभिन्न प्रकार की बोली, भाषाएं, रीति-रिवाज और परंपराएं हैं जिसके कारण लोगों में जातिवाद, भाषावाद, क्षेत्रवाद, प्रांतीयता, सांप्रदायिकता, विषमता आदि असमानताएं देखने को मिलती हैं, जो कहीं न कहीं भारत के एकीकरण में बाधा बनकर विकराल समस्या उत्पन्न कर रही है। विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने स्वार्थ पूर्ति के कारण भी राष्ट्र को एकता के सूत्र में बांधने में बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न करते हैं, जिन्होंने अपने स्वार्थ के कारण भारतीय समाज को अलग-अलग जाति और धर्म के स्वार्थ के रूप में विभाजित कर रखा है, जो भारत के राष्ट्रीय एकीकरण में घातक साबित हो रहा है। समय रहते राष्ट्रीय एकीकरण की समस्याओं को दूर करना आवश्यक है जिससे भारत का विकास सुचारू रूप से हो सके। एक समाज या राष्ट्र का निर्माण अनेक परिवारों, समूह, समितियों, संस्थाओं, समुदायों (यहां तक की विभिन्न भूखंडों जिनमें समाज के सदस्य निवास करते हैं) के द्वारा होता है।

इस समाज में अनेक धर्म, जाति, मत, पंथ, संप्रदाय आदि के लोग भी निवास करते हैं और उन लोगों में अपनी भाषा, धर्म और क्षेत्र आदि को लेकर विभिन्न प्रकार की विभिन्नताएं पाई जाती हैं। जिस प्रकार वह सभी लोग एक राष्ट्र में रह रहे हैं तो उनके धर्म, विचार, भाषाएं भी एक ही होनी चाहिए, परंतु ऐसा नहीं है और यही राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समस्या उत्पन्न कर रहे हैं। इतनी विभिन्नताओं के बावजूद राष्ट्रीय एकता बनाए रखने एवं विभिन्न प्रजाति, धार्मिक, भाषा-भाषी, भौगोलिक समूहों को एक सूत्र में बंधे रहने की स्थिति को ही राष्ट्रीय एकीकरण कहते हैं। राष्ट्रीय एकीकरण विभिन्नताओं के बीच में समाज के लोगों में एक होने की दृढ़ भावना की अभिव्यक्ति है ताकि उनमें राष्ट्रीयता की भावना पनप सके और वह स्वयं की सामान्य सामाजिक, सांस्कृतिक व राजनीतिक जीवन में सक्रिय हिस्सेदारी समझ सके। राष्ट्रीय एकता या एकीकरण विभिन्नताओं के बीच एकता के सूत्र को ढूंढने और इस सूत्र में जन-जीवन को पिरोने की प्रक्रिया है।

राष्ट्रीयता या राष्ट्रीय एकीकरण किसी भूगोल या राजनीति की उपज नहीं है, बल्कि शक्तिशाली और समृद्ध बनने के लिए राष्ट्रीयता को नागरिकों के मस्तिष्क में एक ठोस आधार प्राप्त होना चाहिए। एक प्रजातंत्र में केवल प्रजा के होने से ही काम नहीं चलता, बल्कि समाज के सदस्यों को नागरिक भी बनना होगा और नागरिकता केवल तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति यह अनुभव करे कि उसकी राष्ट्र के एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है और वह राष्ट्र का अभिन्न हिस्सा है। इससे राष्ट्रीय एकीकरण में सहायता प्राप्त होगी और भारत के निवासियों में सद्भावना का भाव उत्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकीकरण की आवश्यकता राष्ट्र की एकता अखंडता और व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अत्यधिक आवश्यक है। राष्ट्र के प्रति, संपूर्ण समाज के प्रति नागरिकों के कर्तव्य एवं उन कर्तव्यों का निर्वहन करने की प्रेरणा देने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महती आवश्यकता है। सोशल मीडिया ने भी राष्ट्रीय एकीकरण को बहुत क्षति पहुंचाई है। सोशल मीडिया के माध्यम से छोटी सी न्यूज को बड़ा मुद्दा बनाकर सांप्रदायिकता के रूप में परिवर्तित कर दिया जाता है, जो राष्ट्र के लिए घातक सिद्ध हो रहा है।

आज मीडिया राष्ट्रीय एकीकरण में बाधा बन रही है। भारत के विभिन्न प्रदेशों या क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में परस्पर विरोध, तनाव एवं संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। उसे दूर करने के लिए भी राष्ट्रीय एकीकरण की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। देश में सांप्रदायिक एकता का वातावरण उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय एकीकरण अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। लोगों को एक-दूसरे की भाषा से प्रेम करने की भावना को प्रोत्साहित किया जाए। इसीलिए किसी भी भाषा और धर्म के प्रति सम्मान और सद्भावपूर्ण व्यवहार राष्ट्रीय एकीकरण के लिए सहायक सिद्ध होगा।

# परिवर्तन की उम्मीद



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

यह बात करीब नौ महीने पहले की है। इंफोसिस के फाउंडर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया था कि कर्मचारियों को सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। इसके ठीक विपरीत अंग्रेजी के एक राष्ट्रीय अखबार ने छापा है कि कंपनियां प्रतिभा को बनाए रखने के लिए चार दिवसीय कार्य सप्ताह, कौशल और मानसिक कल्याण की शुरुआत कर रही हैं। यह अब कर्मचारियों के लिए सिर्फ पैसे के बारे में नहीं है।

यह बहुत समय पहले की बात नहीं है जब आदर्श कार्यस्थल वह हुआ करता था, जो प्रतिस्पर्धी वेतन प्रदान करता हो। युवा सहस्त्राब्दी और जेन जेड कर्मचारियों (जेन जेड वो है, जो 1997 से 2012 के मध्य पैदा हुए) का बढ़ता अनुपात अब वित्तीय सुख-सुविधाओं से परे दिखता है। यह अधिक समग्र कार्य जीवन की मांग करता है, जो उन्हें अन्य गतिविधियों का आनंद लेने और काम पर सीखने का मौका दे। पिछले चार वर्षों में, कार्यस्थल में महामारी के कारण आवश्यक बड़े बदलाव देखे गए हैं जिसने वर्क फ्रॉम होम को आदर्श बना दिया है। इन परिवर्तनों ने अधिकांश भारतीय कंपनियों में भर्तीकर्ताओं को नीतियों में बदलाव करने के लिए मजबूर कर दिया है, क्योंकि वे युवा कर्मचारियों की महत्वाकांक्षाओं से मेल खाते हैं और प्रतिभा को बनाए रखते हैं।

एक बार इसे पश्चिमी अवधारणाओं, हाइब्रिड कार्य, एक अधिक समावेशी और न्यायसंगत कार्य संस्कृति और अधिक महत्वपूर्ण रूप से देखा जाता है। तकनीकी प्रगति (जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग) के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए कर्मचारियों को बेहतर कौशल प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है और नेतृत्व पाठ्यक्रम अब एचआर प्रतिभा खोज मॉड्यूल का एक अभिन्न अंग बन रहे हैं। ऐसे में देश में निजी क्षेत्र में काम करने की स्थिति में परिवर्तन की उम्मीद महसूस होने लगी है। आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के प्रभावी होने में वैसे अभी कुछ समय हैं, लेकिन यह सिर पर खड़ी है। इसके आते ही कपनियों में काम काज अप्रत्याशित रूप से बदलने वाला है।

## एक नजर

### पारिवारिक विवाद में भाई को लाठी-डंडे से पीटा

**खरगूपुर, अमृत विचार :** पारिवारिक विवाद में भाई ने अपने छोटे भाई पर लाठियों से हमला कर दिया। पिता ने अपने हमलावर बेटे पर मुकदमा दर्ज कराया है। खरगूपुर कस्बा निवासी रामशरण ने दर्ज कराए गए मुकदमे में आरोप लगाया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर उसके छोटे बेटे सरवन कुमार को बड़े बेटे हरिप्रसाद ने लाठी से हमला करके घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पिता रामशरण की तहरीर पर आरोपी बेटा हरिप्रसाद के विरुद्ध हमले तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है।

### वसूली शिविर में जमा कराए 25 हजार रुपये

**रुपईडीह, अमृत विचार :** विद्युत केंद्र आर्य नगर के अवर अभियंता अनिरुद्ध सिंह की अगुवाई में कस्बा कौड़िया बाजार में बकाया वसूली शिविर आयोजित किया गया। अवर अभियंता ने बताया कि इस शिविर में विभिन्न बकायेदारों को मिलाकर पच्चीस हजार रुपए का बकाया जमा कराया गया। अधिकारी ने बताया कि आगे भी इसी प्रकार शिविर लगाया जाएगा। इस अवसर पर अमरजीत यादव, जितेंद्र तिवारी, सूर्यनारायण दुबे और रघुनाथ मिश्र उपस्थित रहे।

### गोवंश पालकों को भेजी गई धनराशि

**रुपईडीह, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत ब्लॉक के विभिन्न गो आश्रय केंद्रों से गोवंश प्राप्त कर चुके 76 गो पालकों को मिलाकर आठ लाख 92 हजार 630 रुपए की धनराशि खाते में भेज दी गई है। पशु चिकित्साधिकारी डॉ निशांत यादव ने बताया कि अब गो आश्रय केंद्र से प्राप्त कर चुके गोवंश के पालकों को भरण पोषण की धनराशि बकाया नहीं रह गया है।

# यूनिफार्म, जूते और मोजे से वंचित होंगे डेढ़ लाख बच्चे

## शिक्षा सत्र 2024-25 में भी नहीं हो सका बच्चों का सत्यापन

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** हर साल की तरह नए शिक्षा सत्र 2024-25 में भी बच्चों के सत्यापन व खातों की सीडिंग न होने से करीब डेढ़ लाख बच्चे यूनीफार्म, जूता मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग व स्टेशनरी से वंचित रह जाएंगे। शासन स्तर से परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों व उनके अभिभावकों का डिटेल 15 मई तक सत्यापित रिपोर्ट मांगी गई थी। लेकिन बीएसए व खंड शिक्षा अधिकारियों के स्तर से करीब डेढ़ लाख बच्चों का वेरीफिकेशन नहीं हो पाया है। शासन ने 30 मई तक हर हाल में बच्चों व उनके अभिभावकों का पूरा ब्यौरा मांगा गया है जिससे उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजी जा सके।

परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले सभी बच्चों को यूनीफार्म, स्वेटर, जूता-मोजा, स्कूल बैग व स्टेशनरी के लिए शासन ने बच्चों व अभिभावक के संयुक्त खाते में डीबीटी योजना के तहत धनराशि भेजती है। बीते शिक्षा सत्र में यह शिकायतें आम थीं कि खाते में कमी के कारण तमाम बच्चों को पैसा नहीं मिल पाया। शासन ने 15 मई तक सभी बच्चों व उनके अभिभावकों के खाते की सीडिंग के लिए समय दिया था। लेकिन अभी डेढ़ लाख बच्चों का सत्यापन नहीं हो पाया है। इसमें करीब सवा लाख बच्चों की सत्यापन रिपोर्ट खंड शिक्षा अधिकारी तथा करीब 42 हजार बच्चों की रिपोर्ट बीएसए स्तर से लंबित है। शासन ने पत्र जारी कर हर हाल में 30 मई तक सत्यापन रिपोर्ट व सीडिंग कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 15 साल में कितने स्कूलों को दी मान्यता, नहीं जानते साहब

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** जिले में करीब 3000 से अधिक निजी स्कूल संचालित हैं। इसमें कितने मान्यता प्राप्त हैं और कितने नहीं। इसकी जानकारी शासन को नहीं है। शासन स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से पिछले 15 सालों में कितने स्कूलों को मान्यता प्रदान की गई और इसकी रिपोर्ट क्यों नहीं भेजी गई। 30 मई तक शासन ने पूरी सूची तलब की है। यह भी कहा गया है कि यदि 30 मई तक रिपोर्ट नहीं आई तो 31 मई को व्यक्तिगत रूप से बीएसए सूची लेकर लखनऊ मुख्यालय प्रस्तुत करें।

| | |
|---|---|
| जिले में कुल पदोन्नत बच्चे | 275573 |
| नए पंजीकृत बच्चे | 9542 |
| पास होकर निकलने के बाद नाम डिलीट हुए | 16766 |
| कुल पंजीकृत बच्चे | 268349 |
| शिक्षकों द्वारा सत्यापित बच्चों की संख्या | 209729 |
| बच्चों व अभिभावकों के खाते का सत्यापन | 166479 |
| खंड शिक्षा अधिकारी के स्तर से लंबित | 123628 |
| बीएसए के स्तर से लंबित | 42613 |

# दरगाह हाफिजिया अस्लमिया में उर्स कल से

**सीतापुर, अमृत विचार।** स्थानीय दरगाह हाफिजिया अस्लमिया में पांच दिवसीय 179वां सालाना उर्स हाफिजी 27 मई से प्रारम्भ हो रहा है। जिसका सम्मापन 31 मई की शाम होगा। सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद हाशमी ने बताया कि उर्स की सम्पूर्ण तैयारी हो चुकी है। श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला जारी है। उर्स में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आयोजन सादगी से हो, ऐसा मेरा प्रयास रहेगा।

उन्होंने बताया कि 27 मई की देर रात में बड़े हाफिज साहब का संदल पेश किया जाएगा। 28 मई को 179वां कुल शरीफ होगा। उसके बाद 29 मई को मदरसा हाफिजिया में पढ़ने वाले बच्चों का एक जलसा होगा। जिसमें हाफिजा पूर्ण कर लेने वाले बच्चों को उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। 30 मई को छोटे हाफिज साहब हाफिज सैयद मोहम्मद असलम शाह अलैहिर्रहमा के 125वें उर्स के सिलसिले में आस्ताने पर संदल व चादर पेश की जाएगी और 31 मई को प्रातः नौ बजे मीलाद शरीफ तथा कुछ पवित्र वस्त्रों के दर्शन कराए जाएंगे। तीन बजे से कव्वाली शुरू होंगी। इसके पश्चात सांय 6.30 बजे कुल शरीफ होगा। श्री हाशमी ने यह भी बताया कि उर्स के सम्पूर्ण कार्यक्रम दरगाह हजरत मजाशाह कलन्दर अलैहिर्रहमा लहरपुर के सज्जादानशीन सैय्यद गयास मियां की उपस्थिति में संपन्न होंगे। दरगाह मतवल्ली सैय्यद नवेद असलम हाशमी उर्फ सलमी मियां ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दरगाह में उर्स के दौरान जायरीनों श्रद्धालुओं के ठहरने तथा भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। इस वर्ष भी इन पांच दिनों में दरगाह में महिलाओं का प्रवेश वर्जित रहेगा।

- 179वां सालाना उर्स का सम्मापन 31 मई की शाम होगा


दरगाह हाफिजिया अस्लमिया। अमृत विचार

# तालाब में डूबने से छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र लहरपुर के ग्राम मतुवा में भैंस नहलाने गए 11 वर्षीय बालक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। जिसकी खबर मिलने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

लहरपुर के ग्राम मतुवा निवासी रंगीलाल का 11 वर्षीय पुत्र अंशु शनिवार को गांव के पास सड़क के किनारे रपटा पुल के पास स्थित तालाब, कुंडा में चार अन्य बच्चों के साथ भैंस चराने गया था। पानी पीते समय भैंस के गहरे पानी में चले जाने पर उसको पकड़ने के प्रयास में वह भी गहरे पानी में चला गया और तालाब में डूब गया। साथ में गए बच्चों ने गांव में आकर अंशु के डूब जाने की सूचना दी। अंशू के डूबने की खबर पर गांव में कोहराम मच गया और भारी संख्या में ग्रामीण व परिजन मौके पर पहुंचे और तालाब से अंशु को बाहर निकाला, तब तक अंशु की मृत्यु हो चुकी थी। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अशु गांव के ही कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 6 का छात्र था।


बच्चे की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

# कर्मडीह कला ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**इटियाथोक।** ग्राम पंचायत अहरौलिया में चल रहे क्रिकेट प्रतियोगिता में शनिवार को फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच कर्मडीह कला व बेलभरिया की टीमों के बीच आयोजित हुआ, जिसमें कर्मडीह कला की टीम विजय रही। विजेता टीम को ट्रॉफी व उपविजेता टीम को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण विनोद मिश्र व शैलेंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलना भी स्वास्थ्य के लिए जरूरी होता है। उन्होंने युवाओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षा संस्कार के साथ-साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी हिस्सा लें।

# दबंगों ने महिला को पीटा, जिला अस्पताल रेफर

**संवाददाता, परसपुर, अमृत विचारः** दलित महिला को गांव के दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परसपुर में भर्ती कराया है। हालत गंभीर होने जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लाली पुरवा के लाला पुरवा निवासी गुड्डा पत्नी बुधराम ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए अनुरोध किया है कि उनके गांव निवासी के दबंगों ने गत 16 मई को उनके घर चढ़कर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए बाल पकड़ कर पटक दिया। लाठी डण्डे से मार कर लहूलुहान कर दिया। उसे सिर में गंभीर चोटें आयी। परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसपुर में भर्ती कराये जहां हालत गंभीर होने पर इमर्जेंसी डाक्टर ने हेड इंजरी एवं वोमेटिंग की दशा में जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि परसपुर थाने पर उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गयी और न ही उसके साथ पुलिस डॉक्टरी कराने गई।

# सीओ आवास के पास कूड़े का ढेर

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** सीओ का आवास कूड़े के ढेर से घिरा हुआ है। इससे यह नहीं पता चलता कि आवास के अगल-बगल कूड़ा है या कूड़े के बीच आवास है। दुर्गंध व अगल बगल के आवास में रहने वाले लोगों के लिए दिक्कत पैदा कर रहे हैं।

गोंडा-लखनऊ मार्ग पर करनैलगंज तहसील के ठीक सामने पुलिस क्षेत्राधिकारी के आवास के आसपास कूड़े के ढेर दिखाई दे रहे हैं आवास के बिल्कुल बगल तालाब में बड़ा गड्ढा जिसमें थोड़ी सी बरसात होने के बाद आसपास के मोहल्लों का पानी जमा हो जाता है। वहीं आवास और मार्ग के बीच में कूड़े का ढेर और कोतवाली और आवास के बीच मात्र सौ मीटर की दूरी होने के बावजूद रास्ते के किनारे बदबूदार कूड़े दिखाई दे रहे हैं। उसके बावजूद मजबूरन पुलिस क्षेत्राधिकारी को अपने आवास पर निवास करना पड़ रहा है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी चंद्रपाल शर्मा का कहना है कि आवास काफी पहले बन चुका है मगर यहां के प्रशासनिक अधिकारियों और नगरपालिका कर्मचारियों को यह ध्यान देना चाहिए। उधर उपजिलाधिकारी भारत भार्गव कहते हैं कि पुलिस क्षेत्राधिकारी आवास के आसपास पहले कूड़ा डंप किया जाता था। पालिका को हिदायत दी गई थी कि वहां पर किसी भी तरीके का कूड़ा एकत्र न किया जाए।



सीओ आवास के सामने एकत्रित कूड़ा। अमृत विचार

# बालिका को भेजा वन स्टॉप सेंटर

**रुपईडीह, अमृत विचारः** तीन दिन पहले कौड़िया के एक गांव से लापता हुई बालिका को परिजनों ने पुलिस को सौंप दिया। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया बालिका के लापता होने के मामले में उसके भाई ने अपहरण का केस दर्ज कराया था। बालिका की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी। इसी क्रम में परिजनों ने बालिका को पुलिस को सौंप दिया। उन्होंने बताया कि बालिका को पुलिस चौकी आर्य नगर के प्रभारी प्रशांत कुमार गुप्त द्वारा जिला बाल कल्याण समिति न्यायालय पेश किया गया। जहां से उसे वन स्टाप सेंटर भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी ने बताया कि वन स्टाप सेंटर से अगले दिन बालिका को न्यायालय में बयान के लिए पेश किया जाएगा।

# पिकअप चालक ने एसपी से की शिकायत

महमूदाबाद, सीतापुर

फॉलोअप

- मामूली विवाद में चालक ने लगाया था टप्पेबाजी का आरोप
- चालक का कहना उसे कोतवाली बुलाया ही नहीं गया, अब पुलिस की थ्योरी पर उठ रहे सवाल
- पुलिस का दावा पिकअप चालक से हुई कड़ी पूछताछ

**अमृत विचार।** नगर के बिसवां रोड पर बीते मंगलवार की शाम पिकअप चालक से हुई टप्पेबाजी के बाद हुए अपराध मिनिमाइजेशन से पुलिस महकमे की साख पर एक पिकअप चालक ने सवाल खड़ा कर दिया है।

मालूम हो कि बीती मंगलवार शाम नगर की कस्बा चौकी से चंद कदम दूर बिसवां रोड स्थित कश्यप धर्मशाला के पास बरगदिया निवासी पिकअप चालक सतीश कुमार पुत्र नंदलाल की पिकअप (छोटा हाथी) के डैशबोर्ड पर रखी 30 हजार की नगदी व एक स्मार्टफोन कार सवार टप्पेबाज उड़ा कर रफूचक्कर हो गए थे। उसी दौरान पीड़ित ने एक तहरीर कोतवाली में दी थी, लेकिन पुलिस के अपराध मिनिमाइजेशन ने टप्पेबाजी की घटना को पिकअप चालक से कार छू जाने से हुए विवाद बताया और मोबाइल व नगदी लूटे जाने का फर्जी आरोप कार सवारों पर लगाया जाना बताकर अपनी थ्योरी गढ़ दी थी। हालांकि पुलिस के मुताबिक पिकअप चालक ने कार छू जाने के चलते हुए विवाद के बाद मोबाइल व नगदी लूटे जाने का फर्जी आरोप कार सवारों पर लगाते हुए तहरीर दी थी।

कोतवाल अनिल सिंह का दावा था कि उनकी जांच में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पूरी सच्चाई सामने आ गई और सख्ती से पूछताछ के बाद पिकअप चालक ने मनगढ़ंत कहानी रचने की बात स्वीकार कर ली थी, लेकिन अब पुलिस की इस थ्योरी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। टप्पेबाजी और उसके बाद पुलिसिया थ्योरी को दरकिनार कर पिकअप चालक सतीश ने शनिवार को आईजीआरएस के माध्यम से एसपी से शिकायत की है। शिकायत में सतीश का आरोप है कि बीती मंगलवार को उसके साथ हुई टप्पेबाजी की घटना के बाद उसने कोतवाल को संबोधित करते हुए प्रार्थना पत्र दिया था, मगर उसका दावा है कि महमूदाबाद पुलिस ने अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं दर्ज की है। और न तो उसे कोतवाली में अभी तक बुलाया गया है और न ही उससे कोई पूछताछ की गई। जबकि पुलिस ने अपनी थ्योरी में उससे कड़ाई से पूछताछ की बात कही थी। आरोप है कि कोतवाल ने मामले को मनगढ़ंत बता कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। पीड़ित ने समस्त समाचार पत्रों को शपथ पत्र देते हुए अपनी बेगुनाही और पुलिस के दावों का खण्डन किया है। साथ ही मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की मांग भी की है।

# फाइनेंस कंपनी की वसूली टीम से मारपीट

**संवाददाता, परसपुर, अमृत विचारः** ट्रैक्टर लोन की वसूली करने गये फाइनेंस कम्पनी के वसूली टीम के साथ मारपीट करने की सूचना पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना कौड़िया के पूरे बदल निवासी जितेन्द्र कुमार तिवारी ने पुलिस को सूचना दी कि वह एचडीबी फाइनेंसियल सर्विसेज लि० के गोण्डा शाखा में सेल्स मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। उपरोक्त कंम्पनी वाहन क्रय के लिए ऋण की सुविधा प्रदान करती है। इसी क्रम में बंशीलाल पुत्र भगौती प्रसाद निवासी ग्राम गलिबहा मधईपुर खाण्डेराय थाना परसपुर ने ट्रैक्टर क्रय के लिए ऋण लिया था। जिसका भुगतान बंशीलाल को मासिक किस्तों के रूप में करना था। परन्तु बंशीलाल द्वारा कभी भी कम्पनी के किस्तों का भुगतान समय पर नहीं किया गया। भुगतान के लिए अपनी सेल्स टीम के सदस्य दिलीप कुमार मैनेजर अजीत कुमार सिंह तथा प्रशांत तिवारी के साथ जब बंशीलाल के घर उक्त ऋण के भुगतान के सम्बन्ध में बातचीत करने गए तो बात चीत के दौरान ही बंशीलाल व उसके पिता भगौती ने भद्दी-भद्दी गालियां देना शुरू कर दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गयी है।

# मरम्मत के नाम पर हटाई जा रही प्रेरणा कैंटीन

- लगभग पांच साल पहले हुआ था उद्घाटन, अभी बेहतर हालत में है कैंटीन

**रामपुर मथुरा, सीतापुर, अमृत विचार।** महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन को मरम्मत के नाम पर हटाया जा रहा है। जबकि अभी तकरीबन पांच साल पहले ही कैंटीन का उदघाटन किया गया था। देखा जाये तो कैंटीन में अभी बेहतर अवस्था में है।

ब्लॉक कार्यालय स्थित महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित प्रेरणा कैंटीन जिसमें प्रधान सहित ब्लॉक कार्यालय पर अपने काम से आए हुए लोगों को खाने-पीने का सामान आसानी से उपलब्ध हो जाता है। प्रधानमंत्री मॉडल आवास बनाया गया था, जिसमें कैंटीन संचालित होती है। जिसका उद्घाटन ब्लॉक के अधिकारियों ने 27-11-2019 को किया था, जिसे अभी पांच साल भी पूरे नहीं हुए हैं। ब्लॉक के अधिकारियों ने स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित कैंटीन को हटाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से मरम्मत के नाम पर खाली करने के लिए कहा है। जो कि अभी किसी भी स्थिति से मरम्मत योग्य नहीं है।

जेई का कहना है कि इसमें टाइल्स लगेंगे और प्लास्टर कराया जाएगा। जबकि प्लास्टर अभी कहीं से नहीं टूटा है। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि अधिकारियों की योजनाबद्ध तरीके से इस कैंटीन को हटाने की योजना है और इसमें किसी अधिकारी का कार्यालय बनाया जाएगा। जिससे ब्लॉक मुख्यालय पर अपने काम से बाहर से आए हुए लोगों को एक कप चाय व खाने-पीने की सामग्री उपलब्ध न हो सके। ब्लॉक में अन्य आवास जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी कोई खबर लेने वाला नहीं है।

**देखते हैं कि कैंटीन को किस उपयोग में लाया जाएः बीडीओ**

खंड विकास अधिकारी रामपुर मथुरा से बात करने पर उन्होंने बताया कि फर्श बनवाई जाएगी। मरम्मत के बाद कैंटीन ही रहने के सवाल पर उन्होंने कहा कि देखते हैं कि इसको किस उपयोग में लाया जाए।




# ग्रापं अधिकारी से मारपीट मामले में कई लोगों पर केस

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** ग्राम पंचायत अधिकारी से मारपीट के मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने प्रधान पति, पुत्र समेत कई अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर कोतवाली अंतर्गत पंडरी कृपाल ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार की ओर से दी गई। तहरीर में कहा गया है कि बीते शुक्रवार को वह ब्लॉक कार्यालय पर काम निपटा रहे थे। उनके पास मलारी गांव का चार्ज है। गांव के प्रधान पति राम प्रकाश वर्मा उनके पुत्र विशाल वर्मा, भतीजे संतोष वर्मा समेत लगभग 20 लोग अज्ञात आए और मनरेगा, राज वित्त, केंद्रीय वित्त आयोग के तहत बिना काम कराये ही भुगतान के लिए दबाव बनाने लगे। जब उनके द्वारा निरीक्षण के बाद भुगतान करने की बात कही गई तो वह लोग बातचीत करते हुए बाहर ले आए। खैरा प्राथमिक स्कूल के समीप मारपीट करने लगे। चारों तरफ से घेर लिया और उनकी पिटाई की गई। अपहरण की नीयत से उनको घसीटते हुए कार में बैठाने की कोशिश की गई। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी के तहरीर पर आरोपी प्रधान पति समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

**लोकसभा चुनाव** — अपनी मजबूती साबित करने में नाकाम रहे बसपा प्रत्यार्शी, भाजपा व गठबंधन प्रत्याशी के बीच दिख रहा सीधा मुकाबला

# पड़े मतों को जातीय समीकरण पर अब भी साधने की कोशिश

संवाददाता, मनकापुर

**अमृत विचारः** भाजपा प्रत्याशी के गढ़ में गठबंधन प्रत्याशी की सेंधमारी से दोनों खेमे में जीत के अपने अपने समीकरण बैठाए जा रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी और उनके समर्थक मोदी और योगी सरकार की उपलब्धियां गिनाने में मस्त रहे। वहीं गठबंधन उम्मीदवार के समर्थक और उनके सहयोगी दलों के कार्यकर्ता अन्य दलों के वोट बैंक में सेंध मारी में व्यस्त रहे। बसपा प्रत्याशी अपनी मजबूती साबित करने में फेल रहे।

20 मई को हुए गोण्डा लोकसभा के मतदान से मिले रुझान से भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला होता दिखाई दे रहा है, चुनावी जानकारों के हिसाब से उत्तर प्रदेश में 2019 के लोकसभा का चुनाव समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी ने मिलकर लड़ा था, इसके बावजूद भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह ने करीब एक लाख साठ हजार से अधिक वोट से जीत हासिल की थी। इस बार के 2024 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव मैदान में हैं और लोकसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस, आप समेत कई अन्य दलों का केंद्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन से गोण्डा लोकसभा सीट सपा के खाते में गई है और सपा ने गठबंधन प्रत्याशी के तौर में श्रेया वर्मा को टिकट दिया। गोण्डा लोकसभा में कुर्मी मतदाताओं की संख्या अधिक व मुस्लिम यादव के समीकरण को साधते हुए सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुर्मी प्रत्याशी उतार कर अन्य प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। वहीं बसपा प्रत्याशी सौरभ मिश्रा मतदान के आखिरी क्षणों तक प्रयास करते दिखाई दिए, इसके अलावा गठबंधन प्रत्याशी के समर्थक सपा कार्यकर्ता चुनाव प्रचार के दौरान सजातीय व मुस्लिम मतदाताओं के साथ अन्य जातियों के वोट अपने पाले में लाने में जुटे रहे। भाजपा प्रत्याशी और उनके विधायक और जनप्रतिनिधि पूरे चुनाव में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की लहर और मुख्य मंत्री के बुल्डोजर, अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राणप्रतिष्ठा, फ्री राशन, गरीबों के लिए आवास समेत केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को मतदाताओं के बीच बखान करते रहे। ज्यादातर भाजपा के समर्थकों ने सपा के वोट बैंक को तोड़ने का पूरा प्रयास किया। गोण्डा लोक सभा सीट में 20 मई को हुए मतदान से यह अंदाजा लग गया है कि भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह को गठबंधन प्रत्याशी श्रेया वर्मा से सीधी टक्कर होती हुई है। अगर बसपा प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के पारंपरिक मतदाता व ब्राम्हण प्रत्याशी होने से अगर कुछ ब्राह्मण वोट खिसक गए हैं तो भाजपा को नुकसान होने की संभावना दिखाई पड़ती दिख रही है। भाजपा और गठबंधन प्रत्याशी के बीच कांटे की टक्कर का अनुमान लागए जा रहे है। वहीं दोनों खेमे में जीत के समीकरण आगामी 4 जून तक बैठाए जा रहे दोनों पार्टी के समर्थक अपनी अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रहे है। फिलहाल सभी प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में बंद हो गए है 4 जून को स्थिति साफ होगी कि लोकसभा गोंडा से भाजपा प्रत्याशी की हैट्रिक लगेगी या युवा चेहरे को मतदाताओं ने पसंद कर उन लोकसभा भेजने का फैसला लिया है।

# बिजली कनेक्शन काटने में विभाग कर रहा भेदभाव

रामपुर मथुरा, सीतापुर

**अमृत विचार।** बिजली विभाग ने बकायेदारों के खिलाफ कार्यवाही करते हुये कनेक्शन काटना शुरू कर दिये हैं। वहीं भीषण गर्मी में कनेक्शन कटने से लोग परेशान हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई वेल्डिंग मशीनें चल रही हैं और उनका लाखों का बकाया है, उन पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है और गांजर इलाकों में क बल्ब और पखें वालों के कनेक्शन काट दिये जा रहे हैं। एक तो पहले से ही बिजली आपूर्ति उचित ढंग से नहीं मिल पाती दूसरे कनेक्शन कट जाने से काफी मुश्किलें हो जायेंगी। इस भीषण गर्मी में बड़े बूढ़े बच्चे लाइट ना आने से रात के अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ता है यह वह लोग हैं जो घाघरा नदी के किनारे कटान पीड़ित व्यक्ति हैं। ग्राम पंचायत तुलसीपुर बंजर, तुलसीपुर बंजर चैराहा, तिवारीपुर में तीन दिन से बिजली नहीं है जिसमें लगभग 200 कनेक्शन जुड़े हैं। उनके सामने अपना जीवन यापन करने के लाले हैं, तो बिल कहां से दे पाएंगे। जब इस संबंध में जेई रंजीत कुमार से बात की गई तो बताया जिन लोगों का बिल बकाया है, उनका कनेक्शन काटा जा रहा है। वहीं एसडीओ प्रदीप गोयल ने बताया कि शासन से आदेश है जिन लोगों का बिल बकाया है उनका कनेक्शन काटा जाए।



### कोई कनेक्शन नहीं काटा गया है: एक्सईएन

एक्सईएन महमूदाबाद ने बताया कि एसडीओ से बात हुई है तो उन्होंने बताया है कोई कनेक्शन नहीं काटा गया है।

### सूचना

सूचित हो कि मैं **रोहिणी पत्नी अंकित कुमार, निवासी- ग्राम रमुवापुर मजरा बुंनेहटा लक्षी रामपुर थाना व परगना मछरेहटा, तहसील मिश्रित सीतापुर**, मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट जिसका रोल नं0- 1255042 वास्तव में खो गयी हैं। मार्कशीट पर पिता का नाम हरामेश्वरदयाल, निवासी- ग्राम-रंजोतपुर, पोस्ट- बम्भौरा, कमलापुर, पिन कोड-261302, स्कूल का नाम राजकीय बालिका कन्या इंटर कालेज कमलापुर, सीतापुर अंकित है।

## एक नजर

### आम के बाग में डाल से लटका मिला युवक का शव

**रुदौली/मवई, अयोध्या। अमृत विचार :** पटरंगा थाना क्षेत्र स्थित एक आम के बाग़ में शनिवार सुबह एक युवक का शव गमछे के फंदे के सहारे डाल से लटका मिला है। मृतक की शिनाख्त मवई थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी अंकुल साहू (23) पुत्र श्रीपत साहू के रूप में हुई है। वो यहां अपने नाना के घर आया था। आशंका जताई जा रही है कि पैतृक जमीन चाचा के नाम कर दिए जाने के चलते मानसिक रूप से परेशान युवक ने आत्महत्या कर ली। पटरंगा थानाध्यक्ष ओम प्रकाश का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट होगी। अभी मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है।

### यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन का चुनाव 28 को

**अयोध्या। अमृत विचार :** यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन की बैठक 28 मई को 12 बजे क्षेत्रीय कार्यशाला मसौधा के यूनियन भवन पर होगी। यूनियन के क्षेत्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद पांडे ने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष मासूक अली की अध्यक्षता में क्षेत्रीय चुनाव अधिकारी आरके दुबे की देखरेख में क्षेत्रीय चुनाव कराया जाएगा। इसमें सभी शाखा अध्यक्ष, मंत्री, क्षेत्रीय सदस्य और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# गोसाईगंज में 58 फीसदी मतदान

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ शांतिपूर्ण मतदान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** अंबेडकरनगर लोकसभा सीट के गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा के बीच 57.92 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान शांतिपूर्ण रहा।

मतदान सुबह सात बजे से शुरू हुआ। बूथों पर तैनात कार्मिकों ने माक पोल से इसे शुरू कराया। मतदान के शुरूआती दौर में कुछ बूथों पर ईवीएम के संचालन में दिक्कतें आईं, लेकिन मतदान में बाधा नहीं आई। कई क्षेत्रों में मतदाताओं के नाम सूची मे नहीं मिले। वह मतदान करने से चूक गए। दो बूथों पर बहिष्कार का असर रहा।

मतदान केंद्रों पर बाहरी लोगों को 200 मीटर की परिधि के अंदर आने की मनाही रही। कई बूथों पर शाम को छह बजे के बाद भी मतदान के लिए लाइन लगी रही। मतदान पर नजर रखने और प्रतिशत बढ़ाने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर में कंट्रोल रूम बनाया गया था। जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अंबेडकरनगर की गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में 57.92 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### जिले की दूसरे विधानसभा क्षेत्रों जैसा ही रहा मतदान

गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के मतदान पर अयोध्या जिले की अन्य विधानसभाओं का असर महसूस किया गया। अयोध्या की अन्य चार विधानसभा क्षेत्रों रुदौली में 58 .13, मिल्कीपुर में 57 .31, बीकापुर में 59 .58 और अयोध्या में 56 .52 फीसदी मतदान हुआ था। पड़ोस के जिले बाराबंकी की दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में 63 .56 फीसदी मतदान हुआ था। इसी तरह अंबेडकरनगर जिले की अन्य विधानसभा क्षेत्रों में मतदान ज्यादा बताया।

### सुस्त रहा मतदान

गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान सुबह से ही सुस्त रहा। नौ बजे 14 .65 फीसदी, 11 बजे 29 .21 फीसदी, एक बजे 39 .81 फीसदी, तीन बजे 47 .01 फीसदी और छह बजे 57 .92 फीसदी मतदान रहा।

### अफसरों ने किया दौरा, देखी बूथों की व्यवस्था

**अयोध्या कार्यालय।** लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान मंडल और जिले के अफसरों ने बूथों का निरीक्षण किया। जरूरी निर्देश दिया। मंडलायुक्त गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार ने अंबेडकरनगर और सुल्तानपुर तो जिला निर्वाचन अधिकारी अयोध्या नितीश कुमार ने गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में बूथों का निरीक्षण किया। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों व मतदान कर्मियों से मतदान संबंधी आवश्यक जानकारी ली। सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर मतदान को सकुशल संपन्न कराने का निर्देश दिया।



राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोसाईगंज में महिलाओं का दिखा उत्साह।



थरिया कला मतदान केंद्र पर घूंघट में पहुंची महिलाए।



मतदान स्थल के निरीक्षण के बाद मौजूद कमिश्नर गौरव दयाल व आईजी प्रवीण कुमार। अमृत विचार

### बूथों के अंदर फोन ले जाने पर रही रोक

अयोध्या। गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान के दौरान मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने पर रोक रही। मतदान केंद्रों पर तैनात सुरक्षा कर्मी मतदाताओं के यहां पहुंचने पर सबसे पहले सवाल यही करते थे। मोबाइल तो नहीं ले जा रहे है। पास में मोबाइल होने पर बाहर रखकर आने का निर्देश था। मतदान को लेकर सख्त सुरक्षा के दौरान सड़को पर वाहन कम निकले। केवल वोटर अपने वाहन से मतदान केंद्रों तक आ जा रहे थे। इनमें दो पहिया से चार पहिया वाहन शामिल थे। बड़े वाहन हाईवे पर चल रहे थे।

### गोसाईंगज की अयोध्या, दरियाबाद की बाराबंकी में होगी मतगणना

**अयोध्या, अमृत विचार :** अंबडकरनगर संसदीय क्षेत्र की विधानसभा गोसाईगंज में पड़े वोटों की गिनती अयोध्या में होगी। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र में शामिल दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में पड़े वोटों की गिनती बाराबंकी में कराई जाएगी। इसके लिए दोनों जनपदो में तैयारी शुरू हो गई है।

# अयोध्या मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय





**अमृत विचार :** नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) ने राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बताया जाता है कि मानक पूरे न मिलने पर यह जुर्माना ठोका गया है। जुर्माने की राशि एक हफ्ते के अंदर जमा करनी होगी।

लखनऊ स्वास्थ्य महकमे के विश्वस्त सूत्रों की मानें तो अयोध्या मेडिकल कॉलेज ने एनएमसी को कुछ गलत सूचनाएं दी थीं। इसके बाद एनएमसी ने ऑनलाइन जांच में मेडिकल कॉलेज की ओर से दी गईं सूचनाओं की जांच कराई तो मानक पूरे नहीं मिले। मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी की बायोमीट्रिक अटेंडेंस शॉर्ट थीं। इसके अलावा एनॉटॉमी विभाग में भी कमियां मिलीं। डिलीवरी भी कम हुई थीं। सीजर भी मानक के मुताबिक नहीं हुए थे। यह सब जानकारियां मिलने के बाद एनएमसी ने मेडिकल कॉलेज पर जुर्माना लगाया है। इस संबंध में जब मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई जुर्माना नहीं हुआ है।

# टीम ने की पानी की जांच, कई घरों से लिए सैंपल

सोहावल, अयोध्या

▶▶ परानापुर में जल निगम की टीम ने डाला डेरा, टंकी की जलापूर्ति रोकी

फॉलोअप

**अमृत विचार :** हर घर जल योजना से बनाई गई टंकी से पानी के साथ आ रहे कीड़ों की खबर 'अमृत विचार' में प्रमुखता से छपने के बाद शनिवार को जांच के लिए जल निगम की टीम पहुंच गई। टीम ने परानापुर गांव डेरा डाल टंकी से लेकर रास्ते और ग्रामीणों की टोटी तक के पानी का सैंपल लिया। जिसका प्रयोगशाला में परीक्षण के बाद शुद्धता का पैमाना तय किया जाएगा। रिपोर्ट तीन दिन बाद आने की संभावना जताई जा रही है। टंकी से पानी की आपूर्ति ठप कर दी गई है।

जल निगम के अभियंता प्रदीप कुमार के साथ गांव पहुंची जांच टीम ने मौके पर टंकी का पानी निकलवा कर ग्रामीणों के सामने परखा तो साफ मिला। गांव की रामावती, अखंड प्रताप आदि ने अपनी टोटी के पानी को दिखाया और टोटी में बंधे कपड़े में फंसे कीड़ों को लेकर चिंता जताई तो जांच टीम भी चकित रह गई। टीम के साथ-साथ गामीणों को भी प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट का इंतजार है।



परानापुर गांव में हर घर जल योजना में टंकी के पानी की जांच करती जल निगम की टीम।



> परानापुर की घटना ने सवाल खड़े कर दिए हैं। करोड़ों की लागत से बन रही इस योजना की पानी टंकी के पानी की शुद्धता ग्रामीणों के बीच पूरी तरह साफ होनी चाहिए। इसका प्रयास किया जा रहा है। **-अभय कुमार सिंह, अवर अभियंता, जल निगम**

# वन विभाग ने समदा झील पर मारा छापा, भागे शिकारी

अयोध्या कार्यालय

फॉलोअप

**अमृत विचार :** सोहावल की समदा झील से मछलियों व बांध के निकट पक्षियों का शिकार होने की खबर 'अमृत विचार' के शनिवार के अंक में छपने के बाद वन विभाग के अधिकारियों ने सुबह ही सुबह समदा झील पर छापा मारा। टीम को देखते ही शिकारी इधर-उधर भाग निकले। टीम ने मौके से मछली पकड़ने जाल व अन्य सामान बरामद किया है।

'अमृत विचार' ने 24 मई के अंक में 'चांदनी रात में कट रही समदा के शिकारियों की चांदी' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इस पर वन विभाग के एसडीओ ने जोनल प्रवर्तन दल के प्रभारी रवि आनंद को शिकारियों पर शिकंजा कसने का आदेश दिया। टीम ने शनिवार सुबह पांच बजे के करीब समदा झील पर छापा मार दिया। वन पुलिस के कर्मचारियों को आता देख मौके से आठ से 10 शिकारी भाग निकले। टीम ने करीब डेढ़ घंटे तक आसपास कॉम्बिंग भी की, लेकिन कोई शिकारी हाथ नहीं लगा। लोगों के अनुसार गर्मी में समदा झील में पानी कम हो जाने के कारण मछलियां दिखाई देने लगी हैं, जिसका शिकारी फायदा उठा रहे हैं। मौके पर फॉरेस्टर मिश्री लाल, फॉरेस्ट गार्ड राम राज के अलावा अन्य स्थानीय स्टाफ मौजूद था।



वन विभाग की टीम को देखकर भागते शिकारी।

> गोपनीय तरीके से टीम पहुंची थी। अब लगातार कार्रवाई की जाएगी। समदा में मछलियों और पक्षियों का शिकार करने वालों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। **– केएन सुधीर, एसडीओ, वन विभाग।**

# राम मंदिर परिसर में शुरू होगा अस्पताल

अयोध्या कार्यालय

▶▶ अपोलो अस्पताल से हुआ अनुबंध, कार्डियक व इमरजेंसी सेवाओं की मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** राम मंदिर निर्माण समिति की दो दिवसीय बैठक के अंतिम दिन शनिवार को राम जन्मभूमि परिसर के 70 एकड़ के निर्माण योजना पर अंतिम मुहर लग गई। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर के साथ परकोटा, सप्त मंदिर और शेषावतार मंदिर निर्माण किया जा रहा है। राम मंदिर में विराजमान रामलला के बराबर ऊंचाई पर शेषावतार का मंदिर बनेगा। मंदिर परिसर में अपोलो हॉस्पिटल अपना एक ब्रांच खोलने जा रही है। इसके लिए श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ अनुबंध किया गया है। दो महीने के अंदर कार्डियक व इमरजेंसी सुविधाओं से युक्त अस्पताल शुरू हो जाएगा। इसके अलावा तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट कार्यालय, ऑडिटोरियम, अतिथि निवास गृह का निर्माण किया जाना है। परिसर में लैंडस्कैपिंग का कार्य भी किया जाएगा।

निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने दूसरे दिन बैठक से पूर्व राम जन्मभूमि परिसर में चल रहे निर्माण कार्य में यात्री सुविधा केंद्र सहित मंदिरों के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। बैठक के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माणाधीन यात्री सुविधा केंद्र अगस्त तक तैयार होकर एलएंडटी को हैंडओवर कर दिया जाएगा। सप्त मंडपम व शेषावतार मंदिर को कैसे दिव्य-भव्य बनाया जाए इसकी चर्चा हुई। इसका निर्माण भी राममंदिर की तर्ज पर किया जाएगा। जिसके लिए आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा ड्राइंग बना रहे हैं। वहीं परिसर में ट्रस्ट का कार्यालय, एक गेस्ट हाउस व 500 लोगों की क्षमता वाले ऑडिटोरियम का निर्माण भी दो महीने में शुरू हो जाएगा। ड्राइंग व डिजाइन पर मंथन किया गया है। बैठक में सुरक्षा के इंतजामों की भी समीक्षा की गई। ट्रस्ट कार्यालय और ऑडिटोरियम के साथ आने वाली अतिथियों के लिए एक विश्राम गृह के निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंपी गई। आने वाले दो महीने में ट्रस्ट के 70 एकड़ परिसर में निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर के कार्यों की प्रगति देखी। उन्होंने बताया कि शेषावतार मंदिर का महत्व वैज्ञानिक दृष्टि से भी है। जिसकी एक निश्चित ऊंचाई होनी चाहिए। मंदिर की तुलना में भगवान की मूर्ति के बराबर में होनी चाहिए। इन सभी चीजों पर अंतिम निर्णय लिया गया है। इसके अलावा कोई नया निर्माण नहीं जोड़ा जाएगा।



श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण कार्य का निरीक्षण के दौरान दिशा-निर्देश देते निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्र। अमृत विचार

### दो अन्य मूर्तियों पर ट्रस्ट लेगा निर्णय

प्राण प्रतिष्ठा के लिए बनाई गईं तीन अलग-अलग मूर्तियों में से दो अन्य मूर्तियों को राम मंदिर में स्थान दिए जाने की संभावनाओं को चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने साफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रथम तल पर रामलला का दरबार और द्वितीय तल अनुष्ठान के लिए है। रामलला की जो दो अन्य मूर्तियां हैं उसके सदुपयोग के लिए ट्रस्ट निर्णय लेगा। मंदिर में चार प्रवेश द्वार बने हैं जल्दी इसका कार्य शुरू होगा।

### 33 हजार केवी की अंडर ग्राउंड केबिल जली, अंधेरे में लोग

**धानेपुर,अमृत विचार।** बिजली उपकेंद्र धानेपुर से मेहनौन विद्युत उपकेंद्र को जाने वाली 33000 केवी अंडरग्राउंड केबल के दग जाने मेहनौन उपकेंद्र की आबादी अंधेरे में है। शुक्रवार को दोपहर करीब दो बजे धानेपुर कस्बा में 33000 केवी अंडरग्राउंड केबल दग जाने से मेहनौन लोग अंधेरे हैं। यहां करीब सात हजार उपभोक्ता 36 घंटे से अंधेरे में हैं। भीषण गर्मी में ओवरलोड के कारण धानेपुर कस्बा का अंडरग्राउंड केबल उपभोक्ताओं कई बार दगा दे चुका है, लेकिन यहां बिजली कर्मचारी लापरवाह बने हुए हैं। उपभोक्ता अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि जैसे ही भीषण गर्मी होती है वैसे धानेपुर 33 हजार केवी अंडरग्राउंड केबल दग जाता है। 36 घंटे से जादा समय बीत गया है लेकिन बिजली नहीं मिली है। मोबाइल डिस्चार्ज हो गया, ईन्वटर भी बंद हो गया। छोटे छोटे बच्चे इस भीषण गर्मी परेशान हैं।

### रास्ता रोक युवक को पीटा

**धानेपुर, अमृत विचार।** सुग्गापुर बाजार गए में सामान लाने गए हिरावन जोत निवासी एक व्यक्ति के साथ पुरानी रंजिश को लेकर रास्ता रोककर तीन लोगों ने मारपीट की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत डेबरी कला के मजरा के हिरावन जोत के रहने वाले सूरज सिंह के मुताबिक वह कुछ सामान लाने के लिए सुग्गापुर बाजार गए थे। आरोप लगाया कि विपक्षियों ने सुग्गापुर बाजार में ही रास्ता रोककर सुग्गापुर गांव के रहने वाले तीन लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारा पीटा जिससे चोटें आई है। प्रभारी निदेशक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि हरिहर वर्मा, सालिकराम व पवन कुमार पर केस दर्ज किया गया है।

# कोटे की 28 दुकानें निरस्त पांच लाख का लगा अर्थदंड

## राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले कोटेदारों पर हुई कार्रवाई

गोंडा कार्यालय





**अमृत विचार:** सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए पूर्ति विभाग ने विगत लगातार कार्रवाई कर रहा है। कई कोटे की दुकान पर छापेमारी भी हुई है। 28 दुकानों को निरस्त करते हुए पांच लाख का अर्थदंड लगाया है। शासन सार्वजनिक वितरण प्रणाली को चुस्त दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सरकार कालाबाजारी को रोकने के लिए तकनीक का भी प्रयोग कर रही है। पूर्ति विभाग में नए इलेक्ट्रॉनिक वेइंग मशीन कोटेदार को दी है।

पूर्ति विभाग में तैनात क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक लगातार भ्रमणशील रहते हुए कोटेदार व पेट्रोलियम प्रतिष्ठानों पर छापेमारी करते हुए कार्रवाई कर रहे हैं। विभाग की लगातार कार्रवाई से कोटेदार सकते में है। पूर्ति विभाग के अधिकारियों की छापेमारी में गड़बड़ी मिलने पर कोटेदारों को नोटिस दी गई। सही जवाब न देने पर उन पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई है। जनपद के विभिन्न कोटेदारों पर गड़बड़ी मिलने पर पांच लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया है। उनको सरकारी कोस में विभाग ने जमा कराया है। कई कोटेदारों द्वारा दिए गए जवाब से विभाग संतुष्ट नहीं हुआ तो उनके दुकानों को निरस्त किया गया है। विभाग लगातार भले ही कार्रवाई कर रहा हो लेकिन कई ऐसे दबंग कोटेदार हैं जो राशन कार्ड धारकों को पूरा खाद्यान्न नहीं देना चाहते हैं। शायद ही कोई ऐसा महीना हो जिस महीने में जिले का राशन कार्ड धारक को कम राशन शिकायत ना मिली हो। शिकायत मिलने के बाद पूर्ति विभाग के अफसर गांव जाकर जांच पड़ताल करते हैं, कार्रवाई भी करते हैं। लेकिन कम खाद्यान्न देने की शिकायतों पर रोक नहीं लग पा रही है।

पूर्ति विभाग का दावा है कि शत-प्रतिशत खाद्यान्न राशन कार्ड धारक को मिले इसके लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। कालाबाजारी या कम खाद्यान्न देने वाले, कोटेदारों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। जांच में गड़बड़ी मिलने पर अर्थदंड, निलंबन के साथ-साथ कोटे की दुकानों को निरस्त भी किया जा रहा है। प्रत्येक माह सभी पूर्ति निरीक्षकों को अपने-अपने क्षेत्र के पांच दुकानों का निरीक्षण कर रिपोर्ट देनी होती है। जांच में गड़बड़ी मिलती है तो कार्रवाई की जाती है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि विगत एक वर्ष में कई कोटेदारों पर कार्रवाई हुई है। गड़बड़ी मिलने पर 28 कोटे की दुकान को निरस्त किया गया है। उन्होंने बताया कि कोटेदार यदि खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शिकायत मिलने पर निलंबन से लेकर निरस्तीकरण की कार्रवाई होती है।


# एंबुलेंस में गंभीर रोगी, नशे में धुत चालक सो गया

अयोध्या कार्यालय

▶▶ मवई सीएचएसी से रेफर बुजुर्ग को मेडिकल कॉलेज ले जाने के लिए बुलाना पड़ा दूसरा चालक

**अमृत विचार :** जान बचाने की गारंटी लेने वाली 108 एंबुलेस सेवा के चालक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। नशे की हालत में गांव से बुजुर्ग हृदय रोगी को मवई सीएचसी पहुंचाकर सो गया। चिकित्सकों ने बुजुर्ग की हालत गंभीर देख राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मरीज को ले जाने के लिए चालक को जगाया तो वह बेसुध पड़ा था। एक घंटे तक सीएचसी पर हंगामे की स्थिति बनी रही। उसके बाद मौके तक पहुंचे दूसरे चालक ने रोगी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। बुजुर्ग की हालत ठीक बताई जा रही है। इस पूरे मामले का वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।

पटरंगा के नबीपुर गांव निवासी अंशु गुप्ता ने बताया कि उनके बाबा बनवारी लाल गुप्ता (65) हृदय रोगी हैं। उनकी शुक्रवार रात तबीयत बिगड़ गई। 108 एंबुलेंस से बाबा को मवई सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर आदित्य वर्मा ने बाबा की हालत गंभीर देख उन्हें अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। बाबा को एंबुलेंस में बैठाने के बाद जब एंबुलेंस चालक को जगाने गए तो नशे में बड़बड़ाने लगा। इसके बाद 108 पर फोन कर मामले की शिकायत की गई। एंबुलेंस केंद्र की तरफ से एक नंबर 6306738356 भेज मामले की वीडियो मंगवाया। इसके बाद दूसरे चालक को भेजकर मरीज को मेडिकल कॉलेज भेजवाया गया। अंशु ने बताया कि रात करीब 12 बजे उसने अपने बाबा को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी में भर्ती कराया है।





एंबुलेंस में ऑक्सीजन मास्क लगाए बुजुर्ग व ड्राइवर सीट पर लेटे चालक का स्क्रीन शॉट।

> लोगों ने बताया कि एंबुलेंस चालक ने शराब पी रखी थी। इसके बाद दूसरा चालक मरीज को मेडिकल कॉलेज ले गया। एंबुलेंस प्राइवेट होती है। हम कार्रवाई नहीं कर सकते। सीएमओ को सोमवार को एक पत्र लिखा जाएगा। **-डॉ. पीके गुप्ता, अधीक्षक, मवई सीएचसी**

> वायरल वीडियो और मामले की मुझे कोई जानकारी नहीं है। अगर किसी भी तरह की लिखित शिकायत आती है तो निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। **-डॉ. दीपक पांडेय, 108 एंबुलेंस के नोडल अफसर व डिप्टी सीएमओ**

### वायरल वीडियो में बुजुर्ग एंबुलेंस में और चालक नींद में

मवई सीएचसी पर हुए इस पूरे मामले की तीन वीडियो वायरल हुए हैं। पहला वीडियो नौ सेकेंड, दूसरा 59 सेकेंड व तीसरा आठ सेकेंड का है। वीडियो में साफ दिखाई पड़ रहा है कि एक बुजुर्ग एंबुलेंस में ऑक्सीजन मास्क लगाकर कराह रहा है, जबकि दूसरे में एंबुलेंस की चालक सीट पर एक व्यक्ति लेटा हुआ नजर आ रहा है। तीसरे वीडियो में कुछ लोग एंबुलेंस के पास खड़े होकर फोन लगाते दिख रहे हैं। हालांकि इस वीडियो की प्रमाणिकता पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

# गर्मी से बढ़े मरीज, पीकू व चिल्ड्रेन वार्ड फुल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** गर्मी बढ़ने के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में प्रतिदिन 500 से लेकर 1000 तक मरीज पहुंच रहे हैं। मेडिकल कालेज की ओपीडी में शनिवार को काफी संख्या में बच्चे उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत पर ओपीडी में पहुंचे। इनमें से 14 बच्चों को भर्ती 0कराना पड़ा। पीडियाट्रिक व चिल्ड्रेन वार्ड फुल हो गया है। 34 बच्चे भर्ती किए गए हैं।

गर्मी में थोड़ी से लापरवाही बीमार कर रही है। मेडिकल कालेज में प्रतिदिन 400 से अधिक रोगी आ रहे हैं, इनमें 70 प्रतिशत उल्टी-दस्त, डायरिया व बुखार के मरीज अधिक आ रहे हैं। रोगियों को प्यास अधिक लगती है। लंबे समय तक बुखार बना रहता है। धूप व लू का प्रकोप अधिक है। चिकित्सक में लोगों को धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दे रहे हैं। सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक कड़ाके की धूप होती है, इस दौरान बहुत जरूरी होने पर ही घर से निकलें। खासकर बुजुर्ग, गर्भवती, बच्चे व श्रमिक को विशेष जागरूक रहने की जरूरत है। चिकित्सकों के मुताबिक स्तनपान से शिशु का डायरिया से बचाव होता है । मेडिकल कालेज के बाल रोग विशेषज्ञ डा. आफताब आलम ने बताया कि शिशुओं को डायरिया से बचाने के लिए नियमित स्तनपान पर अधिक जोर देने की जरूरत है। छह माह तक सिर्फ स्तनपान कराने से शिशु का डायरिया एवं निमोनिया जैसे गंभीर रोगों से बचाव होता है।



पीकू वार्ड में भर्ती बच्चे को देखते डॉक्टर। अमृत विचार

### डायरिया के लक्षण

लगातार पतली दस्त होना, बार-बार दस्त के साथ उल्टी होना, प्यास का बढ़ जाना, भूख कम हो जाना या भोजन न करना, दस्त के साथ हल्के बुखार का आना। डॉक्टर के मुताबिक इनसे बचने के लिए स्वच्छ पानी पीएं। बच्चों को उल्टी-दस्त होने पर तुरंत ओआरएस अथवा चीनी, नमक और पानी मिलाकर एक-एक घंटे बाद देते रहें। अधिक दस्त होने पर अस्पताल में भर्ती कराएं। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाजार का खाना न खाएं। तरल पदार्थों का सेवन करें। ताजा फल व सब्जियां खाएं।

गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा और सपा के बीच हो रहा है दिलचस्प सीधा मुकाबला

# योगी के अभेद्य किले में जातीय दांव लगा पाएगा सेंध

मनोज त्रिपाठी

गोरखपुर लोकसभा सीट पर गोरक्ष पीठ का दबदबा माना जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह गृह जनपद भाजपा का मजबूत गढ़ भी है। 2018 का उपचुनाव छोड़ दें, तो 1989 से इस सीट पर गोरक्ष पीठ के सहारे कमल खिल रहा है। योगी आदित्यनाथ स्वयं 1998 से 2014 तक लगातार पांच बार गोरखपुर लोकसभा सीट से सांसद रहे हैं। इससे पहले 1989 से 1996 तक तीन चुनावों में गोरक्षपीठाधीश्वर महंत अवैद्यनाथ ने यहां का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार गोरखपुर लोकसभा सीट पर भाजपा सांसद रवि किशन का मुकाबला सपा प्रत्याशी काजल निषाद और बसपा के मुस्लिम उम्मीदवार जावेद सिमनानी से है। गोरखपुर में सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट पड़ने हैं, लिहाजा चुनाव प्रचार अब अंतिम दौर में प्रवेश कर गया है।



### मत प्रतिशत 2019 चुनाव

- 60.54% भाजपा
- 35.70% सपा
- 1.94 % कांग्रेस

### 2018 उपचुनाव

- 48.86% सपा
- 46.53% भाजपा
- 2.02 % कांग्रेस

### 2014 चुनाव

- 51.83% भाजपा
- 21.76% सपा
- 16.96 % बसपा
- 4.40 % कांग्रेस

- सपा ने 2018 उपचुनाव का परिणाम दोहराने की मंशा से निषाद वोट बैंक पर खेला है दांव
- भाजपा सांसद रवि किशन को गोरक्ष पीठ के साथ मोदी- योगी के नाम और काम का सहारा

### 2019

- 2019 के लोकसभा चुनाव में गोरखपुर सीट से भाजपा प्रत्याशी अभिनेता रवि किशन ( रवीन्द्र शुक्ला) ने जीत दर्ज की थी। उन्हें 7,17,122 वोट मिले थे। सपा के राम भुआल निषाद को 4,15,458 और कांग्रेस के मधुसूदन त्रिपाठी को 22,972 वोट ही मिले थे। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से योगी आदित्यनाथ ने बड़े अंतर से जीत हासिल करके भाजपा का कमल खिलाया था। उन्हें 5,39,127 वोट मिले थे। सपा के राजमती निषाद को 2,26,344 और बसपा प्रत्याशी राम भुवाल निषाद 1,76,412 ही हासिल कर पाए थे। कांग्रेस के अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी 45,719 वोट पाकर चौथे स्थान पर रहे थे। लेकिन 2014 से 2019 के बीच की कहानी में एक ट्विस्ट भी है। 2017 में विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के बाद भाजपा ने प्रदेश में सरकार बनाई और गोरखपुर से सांसद योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने पर लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया। इस पर 2018 में यहां उपचुनाव हुआ। भाजपा ने उपेंद्र दत्त शुक्ल को मैदान में उतारा। सपा ने निषाद पार्टी अध्यक्ष संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद को प्रत्याशी बनाया। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को हरा दिया। प्रवीण निषाद ने इस बार संत कबीर नगर से भाजपा सांसद के रूप में चुनाव लड़ा है। सपा को काजल निषाद से कुछ उसी तरह के करिश्मे की उम्मीद है। हालांकि पिछली बार पार्टी का निषाद वोट बैंक पर लगाया गया दांव बेकार साबित हुआ था। 2019 में रविकिशन ने सपा के राम भुआल निषाद को तीन लाख से ज्यादा मतों से हराया था।
- एक अनुमान के मुताबिक गोरखपुर लोकसभा में निषाद वोटरों की संख्या कम से कम साढ़े तीन लाख है। हालांकि निषाद समाज के नेता चार लाख से ज्यादा मतदाता बताते हैं। सपा को उम्मीद निषाद मतदाता अगर उसके साथ आते हैं, तो लोकसभा क्षेत्र के दो लाख से अधिक यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता मिलकर चुनावी परिणाम बदल देंगे। लेकिन यह रणनीति परवान चढ़ने में सबसे बड़ी अड़चन निषाद पार्टी है, जो अब भाजपा के साथ हैं। इसके बावजूद जातीय समीकरण ध्वस्त करने के लिए भाजपा सांसद रवि किशन लगातार कह रहे हैं कि यह मंदिर की सीट और उसके पास ही रहेगी। वैसे यहां भाजपा के पास भी तीन लाख से ज्यादा ब्राह्मण और राजपूत मतदाता और एक लाख के करीब भूमिहार और वैश्य मतदाताओं का मजबूत समीकरण है।

### प्रत्याशी प्रोफाइल



- भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और अब राजनेता भाजपा सांसद रवि किशन का असली नाम रवींद्र शुक्ला है। उन्होंने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत कांग्रेस से की थी। 2014 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस से जौनपुर सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। इसके बाद 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में भाजपा से 2019 का चुनाव गोरखपुर से 60 .52 फीसदी मत पाकर जीता था।



- सपा प्रत्याशी काजल निषाद लापतागंज टीवी सीरियल से प्रसिद्ध हुई थीं। उन्होंने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है। वह पिछले काफी समय से राजनीति में भी सक्रिय हैं। 2012 में गोरखपुर ग्रामीण विधानसभा सीट से कांग्रेस से चुनाव लड़ा था, लेकिन हार गई थीं। 2017 में कैंपियरगंज सीट से भी हार का सामना करना पड़ा था। वह पिछले साल गोरखपुर मेयर का चुनाव भी सपा से हार गई थीं।



- बसपा के गोरखपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी जावेद सिमनानी छात्र जीवन से ही पार्टी से जुड़े हैं। उनके पिता और भाई सभी बसपा के लिए काम करते रहे हैं। सिमनानी ने अपना करियर बूथ अध्यक्ष के रूप में शुरू किया था, बाद में सेक्टर अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी, बसपा के मुख्य जोन समन्वयक और कई अन्य पदों पर काम किया है। वह निकाय चुनाव में पार्षद चुनाव लड़े थे, पर हार गए थे।

# तीन बार के रनर को पहली और भाजपा को चौथी जीत की तलाश

बांसगांव लोकसभा सीट

**अमृत विचार।** गोरखपुर जिले में दो लोकसभा सीटें गोरखपुर और बांसगांव आती हैं। बांसगांव सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बांसगांव में बसपा को छोड़कर भाजपा, कांग्रेस व सपा तीनों प्रमुख दल जीत हासिल कर चुके हैं। यह सीट ओम प्रकाश पासवान के लिए जानी जाती है, जिनकी हत्या के बाद उनकी पत्नी सुभावती पासवान साल 1996 में यहां से सांसद चुनी गई थीं। उनके ही पुत्र कमलेश पासवान यहां पिछली बार जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं और इस बार चौथी जीत दर्ज करने के लिए तत्पर नजर आ रहे हैं। कमलेश 2009, 2014 व 2019 के तीन चुनाव लगातार जीत चुके हैं। इस बार उन्हें जीत मिली तो कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद के रिकार्ड की बराबरी करने के साथ ही लगातार चार जीत दर्ज करने का नया रिकार्ड भी बना देंगे। उनसे पहले इस सीट पर कांग्रेस नेता महावीर प्रसाद ने भी चार बार जीत हासिल की थी, जिसमें तीन लगातार जीत दर्ज करके हैट्रिक लगाई थी। महावीर प्रसाद 1980, 1984 व 1989 के लोकसभा चुनाव में लगातार जीते थे। साल 2004 में वह चौथी बार जीते थे। इस तरह वह लगातार चार जीत नहीं दर्ज कर पाए थे।

बांसगांव लोकसभा सीट की कहानी सदल प्रसाद के बिना अधूरी है। वह यहां से तीन बार 2004, 2014 और 2019 में लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं। तीनों बार बसपा से किस्मत आजमाई लेकिन हर बार उपविजेता ही रहे। यह पहला मौका है, जब वह सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

सदल प्रसाद बांसगांव सुरक्षित विधानसभा सीट पर साल 2002 से 2012 के बीच दो बार विधायक रहे हैं। इस बार उनके सामने अपने परंपरागत दलित मतदाताओं के साथ सपा के यादव और मुसलमान वोट बैंक को जोड़ना बड़ी चुनौती है। चुनाव प्रचार के दौरान वह इसी मिशन में जुटे दिखाई देते हैं, ताकि तीन बार रनर रहने के बाद इस बार पहली बार जीत दर्ज कर सकें।

लेकिन उनकी इस राह में रोड़ा बसपा प्रत्याशी डा. रामसमुझ नजर आ रहे हैं, जो गोरखपुर व बस्ती मंडल की एकमात्र सुरक्षित सीट पर बसपा का खाता खोलने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं।



कमलेश पासवान।



सदल प्रसाद ।

- इस लोकसभा सीट पर भाजपा, कांग्रेस और बसपा में कोई भी जीते, बनेगा नया रिकार्ड
- भाजपा सांसद कमलेश पासवान जीत की हैट्रिक के बाद इस बार चौका लगाने की कोशिश में
- कांग्रेस प्रत्याशी सदल प्रसाद बसपा से पिछले तीन चुनाव लड़कर हर बार रहे हैं यहां उप विजेता
- सुरक्षित सीट पर बसपा लगी है पहली जीत के लिए नए सिरे से सियासी बिसात बिछाने में

### सांसद के प्रति नाराजगी को मुद्दा बनाने का प्रयास

बांसगांव में बसपा पिछले चार चुनावों में दूसरे स्थान पर आ रही है। ऐसे में बसपा को त्रिकोणात्मक संघर्ष में आने से रोक कर कांग्रेस व सपा ने सदल प्रसाद को जिताने के लिए बांसगांव में सवर्ण मतदाताओं की भाजपा सांसद से नाराजगी को मुद्दा बनाकर भुनाने की रणनीति बनाई है। हालांकि बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में कई स्थानों पर भाजपा प्रत्याशी कमलेश के प्रति लोगों की नाराजगी दिखाई तो देती हैं, लेकिन इनमें से अधिकतर लोग मोदी और योगी के नाम पर ईवीएम में बटन कमल निशान का ही दबाने की बात भी करते नजर आते हैं।

### जातीय समीकरण का लेखा-जोखा

बांसगाव में पासी समुदाय सहित अन्य दलितों की संख्या चार लाख से ज्यादा है। ब्राह्मण और राजपूत मिलकर करीब तीन लाख तो यादव मतदाताओं की संख्या ढाई लाख तक बताई जाती है। मुस्लिम वोटर डेढ़ लाख गिनाए जाते हैं।

### पिछले दो चुनावों का परिणाम

साल 2019 के चुनाव में भाजपा के कमलेश पासवान एक लाख से अधिक मतों से जीते थे। उन्हें 5,46,673 वोट मिले थे। बसपा के सदल प्रसाद ने 3,93,205 वोट पाए थे। 2014 के चुनाव में भी भाजपा के कमलेश पासवान ने बसपा प्रत्याशी सदल प्रसाद को हराया था। कमलेश 4,17,959 वोट मिले थे, जबकि सदल प्रसाद ने 2,28,443 वोट पाए थे।

### सभी पांचों सीटों पर भाजपा का कब्जा

बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें देवरिया जिले की रूद्रपुर और बरहज हैं, जबकि तीन सीटें चौरी-चौरा, बांसगांव और चिल्लूपार गोरखपुर जिले की हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सभी पांचों सीटों पर कब्जा जमाया था।

# मतदान ने आधा दर्जन सीटों पर समीकरण और उलझाया

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान समाप्त होने के बाद आए 54 फीसदी से कुछ अधिक वोट पड़ने के प्रारंभिक आंकड़े ने आधा दर्जन से अधिक सीटों पर सियासी समीकरण और उलझा दिए हैं। इसके चलते वोटों के हिसाब-किताब में चार जून तक तमाम प्रत्याशियों की धड़कनें तेज ही रहने वाली हैं। पूर्वांचल के रण में वैसे भी इस बार कई सीटों पर ओबीसी तथा दलित वोट बैंक में बंटवारे से भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच पांच से सात सीटों पर कड़ा मुकाबला माना जा रहा था।

फूलपुर, इलाहाबाद, प्रयागराज, डुमरियागंज में औसतन 54.05 फीसदी के मुकाबले लगभग चार प्रतिशत तक कम वोट पड़ने की सूचना है। इसके मुकाबले अंबेडकर नगर में करीब 62 फीसदी, आजमगढ़ और बस्ती में 57 फीसदी के आसपास वोट डाले गए हैं, बाकी जगह मतदान के आंकड़े औसत मतदान से एक-डेढ़ प्रतिशत ही कम या ज्यादा हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि अंबेडकर नगर में सात फीसदी से ज्यादा वोट आखिर किसके पक्ष में या किस कारण से पड़ा है। अंबेडकर नगर से बसपा के सांसद रितेश पांडेय इस बार भाजपा से चुनाव लड़े हैं। उनका मुकाबला सपा-कांग्रेस प्रत्याशी लालजी वर्मा से हुआ है। लालजी वर्मा छह बार के विधायक हैं। मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे थे।

यहां बसपा से कमर हयात भी हैं, लेकिन भाजपा-सपा के बीच नजदीकी संघर्ष नजर आया है। आजमगढ़ और बस्ती में लगभग तीन प्रतिशत तक ज्यादा पड़े वोटों को सपा अपने तो भाजपा अपने पक्ष में बता रही है। जानकारों का मानना है कि आजमगढ़ में सपा के धर्मेंद्र यादव को भाजपा सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ की चुनौती से जूझना पड़ा है।



साधा समीकरण

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बारासात लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी उम्मीदवार काकुली घोष के लिए प्रचार किया। मतदाताओं को लुभाने के लिए उन्होंने डांडिया नृत्य में हिस्सा लिया।

# अंतिम चरण की 13 सीटों पर भाजपा के पास मजबूत जमीन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में पूर्वांचल की 13 सीटों पर पहली जून को वोट पड़ेंगे। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गोरखपुर सीट भी शामिल हैं। इस चरण में भी भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन में जंग देखने को मिल रही है। बसपा कई सीटों पर त्रिकोणात्मक तस्वीर बनाती नजर आ रही है।

सातवें चरण में जिन 13 सीटों पर वोट पड़ने हैं, उनमें से 11 सीटों पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी जबकि दो सीटों पर सपा-बसपा गठबंधन की जीत हुई थी। इस भाजपा जहां सभी 13 सीटों को जीतने के इरादे से अपनी ताकत लगाए है, वहीं विपक्षी गठबंधन में अपनी सीटें बढ़ाने के लिए जातीय गणित सेट करने में जुटा है। 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर नजर डालें तो 13 सीटों पर इंडिया गठबंधन की लड़ाई आसान नहीं है। अगर सपा-कांग्रेस के साथ बसपा को अपनी सीटें बढ़ानी है तो उन्हें कम से कम 15 फीसद वोट अपने पक्ष में लाना होगा। पिछले चुनाव में भाजपा को औसतन 52.11 फीसद वोट मिले और सपा-बसपा के खाते में 37.43 वोट ही आए थे। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था जो भाजपा के सामने बेहद मजबूत था, बावजूद इसके गठबंधन को तब दो ही सीटें मिल पाई थी। इस बार सपा के साथ बसपा नहीं है, कांग्रेस जिसका साथ है, उसकी संगठन जमीन पर कहीं भी मजबूत नहीं है। इसके मुकाबले एनडीए का जातीय समीकरण बेहद मजबूत है। पूर्वांचल में भाजपा के साथ राजभर, चौहान, निषाद और गैर यादव ओबीसी समाज दिखाई देता है। ओम प्रकाश राजभर, अपना दल सोनेलाल और निषाद तथा जनवादी पार्टी समर्थन में एकजुट है।

मांगा आशीर्वाद



मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह ने जनसंपर्क किया। उन्होंने केंद्र सरकार को युवा, किसान विरोधी बताया और वोट मांगा। कहा कि इंडिया गठबंधन ही इस देश में विकास करेगा।

# निशिकांत चौका तो विजय हांसदा हैट्रिक लगाने को आतुर

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में मतदान के छह चरण पूरे हो चुके हैं। इसी के साथ ही सातवें चरण की सीटों पर जीत के लिए सभी दलों ने ताकत झोक दी है। हर दल ने अपने- अपने हिसाब से चक्रव्यूह की रचना की है। झारखंड में जहां इंडिया गठबंधन पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर सहानुभूति के सहारे जीत दर्ज करने की कवायद में जुटा है तो भाजपा हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाकर झामुमो, कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों के रचे हुए चक्रव्यूह को भेदना चाहती है। अंतिम चरण में तीन सीटों पर चुनाव होना है। इनमें से गोड्डा सीट पर भाजपा के कद्दावर नेता निशिकांत दुबे तीन बार से लगातार जीत रहे हैं तो दुमका सीट पर भाजपा का कब्जा 2019 में हुआ था। रही बात राजमहल सीट की तो यह झामुमो का मजबूत गढ़ है। पार्टी यहां जीत बरकरार रखने के साथ ही अन्य सीटों पर जीत दर्ज करने को आतुर दिख रही है।

### राजमहल में मोदी लहर भी काम नहीं आई



- राजमहल सीट पर कांग्रेस ने 8, झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ) 5, भाजपा दो और बीएलडी व जनता पार्टी ने एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। 2009 में इस सीट पर भाजपा जीती थी लेकिन 2014 और 2019 में जब प्रचंड मोदी लहर थी तो यहां के मतदाताओं ने भाजपा को नकार दिया था। झामुमो के विजय कुमार हांसदा लगातार दो बार से जीत रहे हैं। इस बार वे हैट्रिक लगाने की तैयारी कर रहीं हैं। भाजपा ने उनके सामने पूर्व विधायक ताला मारांडी को टिकट दिया है। वे पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि सीपीआईएम ने गोपेन सोरेन को मैदान में उतारा है। गोपेन पिछला चुनाव हार चुके हैं। झामुमो यहां महंगाई, बेरोजगारी को मुद्दा बना रही है और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को आदिवासी अस्मिता को ठेस पहुंचाने वाला बता रही है। अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित इस सीट पर भाजपा को जीत के लिए मोदी की गारंटी का ही सराहा है। पार्टी यहां भ्रष्टाचार के मुद्दे को आगे रखकर वोट मांग रही है। वैसे यहां की छह विधानसभा सीटों में से चार पर झामुमो और एक- एक पर कांग्रेस व भाजपा का कब्जा है।

### राजमहल की बरेहट सीट से हेमंत सोरेन विधायक

- पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राजमहल लोकसभा की बरेहट विधानसभा सीट से ही विधायक हैं। ऐसे में झामुमो ने यहां पर ताकत झोक दी है। पार्टी के बड़े नेता यहां डेरा डाले हुए हैं।पार्टी को लगता है कि इस सीट पर हार का मतलब है कि आगामी विधानसभा चुनाव में इसका गलत संदेश जाएगा।

### गोड्डा में भाजपा का किला ढहाने को मजबूत किलेबंदी



गोड्डा संसदीय सीट पर भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे लगातार तीन बार से जीत रहे हैं। इस बार वे चौका लगाने के लिए एड़ी- चोटी का जोर लगा रहे हैं। निशिकांत दुबे उस वक्त चर्चा में आए थे जब उन्होंने टीमएससी सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध शिकायत की थी और आरोप लगाया था कि उन्होंने सुविधाएं लेकर संसद में सवाल पूछे। यहां टीएमसी के नेताओं को भी उनके विरुद्ध चुनाव प्रचार में उतारने की कोशिश कांग्रेस और झामुमो की ओर से की जा रही है। यहां से कांग्रेस के प्रदीप यादव उनके विरुद्ध मैदान में हैं। पूरा विपक्ष एकजुट होकर उन्हें हराने की कोशिश कर रहा है। जातीय समीकरण के हिसाब से निशिकांत यहां पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। प्रदीप यादव भी मंझे राजनीतिज्ञ हैं वे एक बार सांसद रहे हैं और वर्तमान में विधायक हैं। विधानसभा चुनाव के परिणाम पर नजर डालें तो इंडिया गठबंधन यहां भारी दिखता है।

### शिबू सोरेन की हार का बदला ले पाएंगे नलिन



दुमका संसदीय सीट झामुमो की परंपरागत सीट रही है। इस सीट पर पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन आठ बार जीते। 2019 में उन्हें भाजपा के सुनील सोरेन ने हराया था। इस बार भाजपा ने यहां शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को मैदान में उतारा है। मुख्यमंत्री न बनाए जाने से खफा सीता सोरेन ने बगावत कर भाजपा का दामन थामा है। वह इसी संसदीय क्षेत्र की जामा सीट से विधायक हैं। उनके मुकाबले झामुमो ने दुमका से विधायक नलिन सोरेन का चेहरा बनाया है। नलिन और सीता में इस बात की जंग है कि कौन खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का असली उत्तराधिकारी कौन होगा। इस सीट पर भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबू लाल मरांडी 1998 और 1999 में इस सीट से सांसद रह चुके हैं। यहां विधानसभा की छह सीटें हैं। एक सीट भाजपा, एक पर कांग्रेस का कब्जा है जबकि चार सीटों पर झामुमो जीती थी लेकिन झामुमो विधायक सीता सोरेन बाद में भाजपा में आईं और उम्मीदवार बन गईं। वह मतदाताओं को बताने में जुटी हैं कि उनके साथ परिवार में अन्याय हुआ है। इसलिए उन्हें सांसद बनाकर मतदाता ही न्याय दिला सकते हैं। नलिन जहां सीता सोरेन को हराकर खुद को इस सीट पर शिबू सोरेन का राजनीतिक वारिस साबित करने के लिए रात दिन एक किए हुए हैं तो सीता सोरेन यह बताने में जुटी हैं कि यदि वह हार गईं तो उन्हें परिवार से भी कुछ नहीं मिलेगा। भाजपा ने भी इस सीट पर पूरी ताकत झोक दी है। पार्टी की कोशिश है कि सीता की जीत से वह यह बताने में कामयाब होगी कि यहां की जनता ने भ्रष्टाचार को हराया है।

## एक नजर

### 40,175 ने पोस्टल बैलेट से किया मतदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर 40,175 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि पोस्टल बैलेट के जरिये अर्ह श्रेणियां 85 वर्ष की आयु से अधिक के मतदाता, दिव्यांग, अनिवार्य सेवायें व मतदान कार्मिकों ने मतदान किया। इसके अलावा कुल 35,532 सेवा मतदाताओं को भी रिटर्निंग अधिकारी के जरिये इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ईटीपीबीएस) से पोस्टल बैलेट की व्यवस्था की गई। 12,494 कार्मिकों को ईडीसी जारी किया गया है। मतदान पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए आयोग की ओर से 14 सामान्य प्रेक्षक, आठ पुलिस प्रेक्षक व 18 व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये थे।

### शिक्षकों को आईआईटी गुजरात से मिलेगा प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 का निजी कॉलेजों की अपेक्षा फिसड्डी परिणाम देने वाले सरकारी कॉलेजों के गणित और विज्ञान विषय के शिक्षक गांधी नगर आईआईटी जाकर शिक्षण के रोचक ढंग सीखेंगे। इसके लिए 200 शिक्षकों को दो चरणों में विमान द्वारा गुजरात भेजा जाएगा। राज्य परियोजना निदेशालय की तैयार योजना के मुताबिक इसके लिए पांच से नौ जून पहला चरण और दूसरा चरण 24 से 28 जून निर्धारित किया गया है। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षकों को भी निर्देश जारी किए गये हैं।



बलिया में आयोजित चुनावी जनसभा में प्रत्याशियों और भाजपा पदाधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मुख्यमंत्री योगी ने सलेमपुर, बलिया, चंदौली और गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित

▸▸ तालिबानी शासन लागू करना चाहती है कांग्रेस, हर बड़े माफिया को सपा की सरपरस्ती

**अमृत विचार:** कांग्रेस सत्ता में आएगी तो तीन तलाक की कुप्रथा को फिर से शुरू करा देगी। विपक्षियों का घोषणा पत्र देश के साथ गद्दारी करने वाला है। कांग्रेस का घोषणा पत्र कहता है कि वह भारत में पर्सनल लॉ को लागू करेगा। इसका मतलब देश में शरिया कानून की इजाजत मिल जाएगी। इस तालिबानी कानून के चलते बेटियों को स्कूल जाने से वंचित कर दिया जाएगा।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बलिया की सलेमपुर लोकसभा, बलिया लोकसभा, चंदौली लोकसभा और गाजीपुर लोकसभा में प्रचार के दौरान कही। इस दौरान योगी ने लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की।

### सत्ता पाने के लिए लेते हैं झूठ का सहारा

योगी ने सलेमपुर लोस. की जनसभा में इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि ये लोग सत्ता पाने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। कहते हैं कि भाजपा संविधान बदल देगी जबकि इनका घोषणा पत्र कहता है कि सत्ता में आने के बाद ओबीसी का आरक्षण मुसलमानों को बांट देंगे, पर्सनल लॉ लागू करेंगे।

### तेजी से हो रहे बाढ़ बचाव के कार्य

बलिया में योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने यहां राजकीय पॉलीटेक्निक, राजकीय महाविद्यालय, इंटर कॉलेज दिया है। बस स्टैंड भी बन रहा, मेडिकल कॉलेज, वॉटर वे निर्माण और बाढ़ बचाव के लिए कार्य भी तेजी से हो रहे हैं।

### भय और आतंक के साये में जीते थे

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा कि आज सबसे अधिक वॉटर वे का लाभ चंदौलीवासियों को ही मिल रहा है। योगी ने गाजीपुर की जनसभा में कहा कि एक समय था, जब गाजीपुर हो आजमगढ़, मऊ हो या आसपास के जिले भय और आतंक के साये में जीते थे।



गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

# भाजपा के डबल इंजन टकरा रहे, निकल रहा धुआं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ अखिलेश यादव ने देवरिया और गोरखपुर सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में की जनसभा

▸▸ इंडी गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित जनसभा को प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी किया संबोधित

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने फिर दावा किया है कि जो लोग 2014 में आए थे 2024 में उनकी विदाई तय है। 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीटों पर ही निपटा देगी। लोग भाजपा के झूठे वादों पर भरोसा नहीं कर रहे है। भाजपा के डबल इंजन आपस में टकरा रहे हैं। उनसे धुआं निकल रहा है।

अखिलेश यादव ने शनिवार को देवरिया लोस सीट से कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह के लिए पथरदेवा में और सपा इंडी गठबंधन की गोरखपुर लोस. से प्रत्याशी काजल निषाद के पक्ष में रामगढ़ ताल के निकट संयुक्त चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए प्रत्याशियों को जिताने की अपील की।

### भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं

वहीं, गोरखपुर में इंडिया गठबंधन सपा की प्रत्याशी काजल निषाद के समर्थन में आयोजित जनसभा कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विपक्ष के नेताओं के खिलाफ ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जो प्रधानमंत्री पद की गरिमा के अनुरूप नहीं है। मोदी ने प्रधानमंत्री पद की गरिमा गिराई है। इनकी असलियत देश के सामने आ गई है। प्रियंका गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग स्तरहीन बात करते हैं। वह महंगाई बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन कांग्रेस, सपा सभी ने मिलकर बहुत मजबूती से चुनाव लड़ा है। इंडिया गठबंधन किसानों गरीबों और जनता के हित में फैसला लेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले चरण से ही जनता ने अपने हाथों में चुनाव की कमान संभाल ली है।

### जनसभा में ये नेता रहे मौजूद

गोरखपुर की संयुक्त चुनावी जनसभा में कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे, सपा के जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम, महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी, रामरति निषाद, अमरेश निषाद पूर्व विधायक यशपाल रावत समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# कहीं ईवीएम खराब, तो कहीं फर्जी मतदान की अफवाह

## मतदान के दौरान अलग-अलग घटनाओं को लेकर निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई गईं शिकायतें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ सोशल मीडिया पर सामने आती रहीं विपक्ष की शिकायतें

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में मतदान के दौरान अलग-अलग चुनाव क्षेत्रों में विपक्ष की ओर से निर्वाचन आयोग में शिकायतें दर्ज करायीं गईं है। कहीं ईवीएम खराब होने, कहीं फर्जी मतदान तो कहीं प्रत्याशी के आचार संहिता का पालन न करने की भी घटनाएं सामने आयीं। कहीं-कहीं सपा और भाजपा समर्थकों के बीच छिटपुट झड़प भी हुई।

इस क्रम में प्रयागराज के करेली में शनिवार की दोपहर एक मतदान स्थल पर सहायक पुलिस आयुक्त पुष्कर वर्मा के साथ नोंकझोंक के बाद पूर्व सांसद और सपा के वरिष्ठ नेता रेवती रमण सिंह को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। उधर, सपा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए आरोप लगाया है कि अंबेडकरनगर लोकसभा की टांडा विधानसभा में बूथ संख्या 161 पर बीएलओ की भाजपा समर्थकों ने पिटाई की इसके अलावा उसे धमकी देकर बूथ से निकाला।

वहीं, बस्ती लोकसभा के सदर विधानसभा में एक बूथ पर भाजपा के नेताओं द्वारा फर्जी मतदान का आरोप भी सपा ने लगाया। इसके अलावा आरोप लगा कि एक अन्य बूथ पर सपा एजेंट द्वारा रोके जाने पर उसके साथ मारपीट की गई है।

ऐसे ही आरोप जौनपुर लोकसभा की मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में बूथ संख्या 385 के लिए भी सामने आए। यहां चर्चा रही कि भाजपा के लोगों द्वारा फर्जी मतदान कराया जा रहा है। इतना ही शाहगंज विधानसभा के बूथ संख्या-136 पर भाजपा के लोगों द्वारा मतदान बाधित करने और सुलतानपुर लोकसभा के बूथ संख्या-86 पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा के लोगों को डराने धमकाने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष मतदान के लिए आयोग से संज्ञान लेने की अपील की है।

आजमगढ़ में सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने सुबह कई मतदान केंद्रों का दौरा किया और पत्रकारों से बातचीत में अपनी जीत का भरोसा जताया। जौनपुर से भाजपा उम्मीदवार कृपाशंकर सिंह ने जौनपुर जिले के मल्हनी क्षेत्र के सहोदर पुर में अपने परिवार के सदस्यों के साथ मतदान किया और लोगों से मतदान की अपील की।

समाजवादी पार्टी ही नहीं कांग्रेस की ओर से भी एक्स पोस्ट करके अंबेडकर नगर के इंडी गठबंधन प्रत्याशी लालजी वर्मा को नजरबंद किये जाने की सूचना दी गई। इस पोस्ट में कहा गया कि, भाजपा सरकार हार के डर से इतना बौखलाई हुई है कि खुलेआम तानाशाही पर उतर आई है। कांग्रेस ने इसी पोस्ट में भारत निर्वाचन आयोग का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर हमारे गठबंधन के प्रत्याशी को घर से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा है व मतदाताओं को धमकाया जा रहा है। वहीं भाजपा समर्थकों ने भी सपा कार्यकर्ताओं पर दबंगई दिखाने का आरोप लगाया।

### सुचारू चला मतदान: आंद्रा वामसी



जिलाधिकारी बस्ती आंद्रा वामसी ने हरैया विधान सभा (307) के बूथ नंबर 192 पर धीमी वोटिंग और पार्टी के एजेंट को भगाने के संबंध में की गई शिकायत को निराधार करार दिया। उन्होंने बताया कि मतदान सुचारू रूप से चलता रहा। जहां भी ईवीएम को बदलने की स्थिति हुई तुरंत बदला गया और ईवीएम व वीवीपैट मशीन में कुछ स्थलों पर आई तकनीकि खराबी को समय रहते सही किया गया। वहीं, कोतवाली सदर पुलिस ने जिलाधिकारी को जानकारी दी कि फेसबुक पर वीवीपैट का फोटो वायरल करने वाले अरविन्द चौधरी पुत्र रामजीत चौधरी निवासी मनहनडीह थाना कोतवाली बस्ती नामक व्यक्ति हिरासत में लिया गया है। उस पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### अखिलेश ने स्ट्रांग रूम की बिजली कटने पर किया सचेत

शनिवार को मतदान के बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट करके स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम में छेड़छाड़ की आशंका जाहिर की। उन्होंने शिकायत में कहा कि हमीरपुर के स्ट्रांग रूम में पांच बार बिजली जा चुकी है। उन्होंने चुनाव आयोग से संज्ञान लेने को भी कहा है। अखिलेश यादव ने पोस्ट में लिखा, हमीरपुर में जहां चुनाव के बाद ईवीएम रखे हैं वहां के स्ट्रांग रूम में पांचवी बार बिजली कटी है। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन इसका तुरंत संज्ञान लें। सभी सपा प्रत्याशियों और जुझारू कार्यकर्ताओं से यही अपील है कि इसी तरह पूरे प्रदेश में, ईवीएम के स्ट्रांग रूम पर निगाह रखें और गड़बड़ी की किसी भी आशंका की सूचना हमें दें।

# साइबर फ्राड करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एसटीएफ को मिली सफलता कई लोगों को बनाया शिकार

**अमृत विचार:** उप्र. एसटीएफ ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर व विदेशी हैकरों व साइबर फ्राड करने वालों द्वारा संचालित किए जा रहे एक्सेस-मार्केट-डॉटकाम के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह के छह सदस्यों को सफेदाबाद क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी टेलीग्राम आईडी प्राप्त कर ऑनलाइन गैंबलिंग गेम तैयार धोखाधड़ी करते थे।

एसटीएफ ने शनिवार को अंसल निवासी धीरज कुमार सिंह, इंदिरानगर निवासी तरुण पुरुषोत्तम गावरी, कोतवाली बाराबंकी निवासी अभिषेक, पिछौरी हैदरगढ़ निवासी सर्वजीत सिंह, नवाबगंज बाराबंकी निवासी रशीद खान एवं सफेदाबाद बाराबंकी निवासी अमन यादव को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आधारकार्ड, सिम कार्ड, चेक-बुक के संबंध में पूछा गया तो पता चला कि बरामद पांचों आधार कार्ड फर्जी हैं। धीरज, तरुण, सर्वजीत ने बताया की वह सभी राशिद, अमन, अभिषेक से विभिन्न बैंकों के कॉर्पोरेट बैंक अकाउंट उनकी चेक बुक, डेबिट कार्ड व सिम कार्ड खरीदते हैं, जिन्हें राज व शुक्ला को देते हैं। ये लोग हमसे टेलीग्राम के माध्यम से जुड़े थे। फिर हम लोगों से पिछले करीब एक वर्ष से ऑनलाइन गेमिंग के माध्यम से ठगी करते थे।

## वर्ग पहेली-81

**बाएं से दाएं**

3.1. पानी गिरने की ध्वनि 2. ज़ोर से उछाला हुआ पानी का छींटा 3. धारा के किसी वस्तु से टकराने के बाद उत्पन्न होने वाला शब्द, छपाछप।

4.1. चुभना, पीड़ा देना, गड़ना 2. किसी दुखद घटना का बार-बार स्मरण होना 3. टीस उठना 4. किसी की याद में तड़पना।

5.1. कंघा, कंघी 2. कंधा, भुजबल।

6.1. ऐसे वर्ण या अक्षर जिनके उच्चारण में मुंह के अतिरिक्त नाक से अनुस्वरात्मक ध्वनि निकलती है 2. नाक के योग से बोलने या गाने वाला।

8.1. पत्रभाग 2. स्तंभ 3. पंक्ति 4. हाशिया।

**ऊपर से नीचे**


1.1. भोग करने वाला, भोगी 2. खाने वाला, भक्षक 3. भोजन पर आमंत्रित अतिथि।

2.1. किसी को दबाना 2. रस्सी या सूत के दो टुकड़ों को बटकर जोड़ना।

3.1. किसी भार या धक्के से वस्तु का वेग से दूर जाना 2. दूर या अलग रहना 3. बंधन से निकल जाना 4. कूदना, उछलना 5. किसी व्यक्ति या जंतु का अपने नमिता

5.1. साग-सब्जी 2. हरी पत्तियों वाली छोटी वनस्पति से बनी सब्ज़ी 3. तरकारी।

7. ज्योतिष, तारे, सितारे।



### वर्ग पहेली -80 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 पा | शी | | 2 आ | | | 3 फ़े |
| | | 4 म | न | ब | सि | या |
| 5 ए | | | न | | | ज़ी |
| 6 की | श | | फा | | 7 फ | |
| क | | 8 अ | न | भ | ला | |
| 9 र | ह | मा | न | | दे | |
| ण | | न | | 10 सं | श | य |

## सुडोकू-160

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | | 2 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | 6 | | | | | | | |
| | | | 9 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 9 |
| 2 | | | 8 | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 6 | | | | |
| | | 8 | | | | | | |

### सुडोकू -159 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 8 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 5 | 7 | 9 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 6 | 9 | 8 | 2 | 5 | 7 | 4 | 3 |
| 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 8 | 9 |
| 5 | 4 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 |
| 7 | 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 4 |
| 8 | 9 | 1 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 2 |

# प. बंगाल में की थी बड़ी चोरी, वाराणसी से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चमी बंगाल के उत्तरदीनापुर जिले में एक कारोबारी के बंद मकान में लाखों की चोरी करने वाला आरोपी शनिवार को वाराणसी से गिरफ्तार हुआ है। स्थानीय पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज से चोर का चेहरा निकाला था। मामला बढ़ने के बाद आसपास के प्रदेशों की पुलिस चोर को तलाशने लगी।

उत्तरदीनापुर जिले के कारोबारी सुभाशीष कुंड अपनी पत्नी का इलाज कराने बंगलूरू गए थे। घर खाली देख वाराणसी निवासी अर्जुन पासवान ने बड़ी चोरी को अंजाम दिया। इस दौरान चोर ने पांच लाख की नगदी। 25 लाख के गहने और 10 लाख कीमत के अन्य धातु चोरी कर लिया। फोटो वायरल होने के कारण वाराणसी एसटीएफ को चोर अर्जुन पासवान को वाराणसी में होने की सूचना मिली। इस दौरान निरीक्षक अनिल कुमार सिंह सहित अन्य एसटीएफ कार्मिक मौके पर पहुंचकर अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। मौके पर 10 लाख रुपए नगद बरामद किए।

# सात विचाराधीन फाइलों पर काम करें समीक्षा अधिकारी

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ शासकीय कार्य प्रभावित न हो इसके लिए मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी पूरी करें

▸▸ सचिवालय में 2041 समीक्षा अधिकारी पद के सापेक्ष 648 रिक्त

**अमृत विचार:** सचिवालय में इस समय 2041 समीक्षा अधिकारी पदों के सापेक्ष 1393 समीक्षा अधिकारी कार्य कर रहे हैं। समीक्षा अधिकारियों की कमी से शासकीय कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक ने हर समीक्षा अधिकारी को नियमानुसार रोजाना कम से कम 7.5 पीयूसी (विचाराधीन फाइलें) संपादित करनी होगी।

सचिवालय प्रशासन के प्रमुख सचिव ने बताया कि वर्तमान में समीक्षा अधिकारियों के 648 पद रिक्त हैं, मगर 322 पदों पर नियुक्ति के लिए यूपीएससी को अधियाचन भेजा जा चुका है, प्रक्रिया जारी है। इसलिए शासकीय कार्य प्रभावित न हो,इसके लिए सचिवालय मैनुअल में प्रदत्त जिम्मेदारी के तहत सभी समीक्षा अधिकारियों से रोजाना कार्य की अपेक्षा की जाती है। जबकि वर्तमान में औसतन प्रत्येक समीक्षा अधिकारी तीन पीयूसी भी नहीं कर रहा है।

### कई मंडल की है जिम्मेदारी


उप्र.सचिवालय संघ के पूर्व सचिव ओकार नाथ तिवारी सचिवालय मैनुअल में प्रदत जिम्मेदारियां साल 1980 या 2000 के पहले की हैं। सचिवालय कंप्यूट्रीकृत नहीं हुआ थी। वर्तमान में सिस्टम ऑनलाइन हो गया है। वर्तमान में एक-एक समीक्षा अधिकारी के ऊपर कई -कई मंडल की जिम्मेदारी है और अनुभाग अधिकारी द्वारा सीधे समीक्षा अधिकारी को ऑनलाइन दी जाती है, समीक्षा अधिकारी ही अग्रसारित करते हैं। मैनुअल में संशोधन कर जिम्मेदारी कम करनी चाहिये, शासन को रिक्त पदों के सापेक्ष नियुक्ति पर ध्यान देना चाहिये। क्योंकि सचिवालय, सर्वोच्च शासकीय संस्था है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 26 मई रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-तृतीया 18.06 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-मूल 10.36 तक तत्पश्चात पूर्वाषाढ़ा।



**मेष:** आज वैवाहिक जीवन को आपको पर्याप्त समय देना चाहिए। जीवनसाथी आपका मनोबल बढ़ा सकता है। आपको ज्यादा काम में व्यस्त होने के बजाय अपनों को समय देना चाहिए। उत्तम भोजन का आनंद ले सकते हैं। रिश्तेदारों से लंबे समय के बाद बात हो सकती है।



**वृष:** आज व्यापार को लेकर कुछ परेशानियां सामने आ सकती हैं। हीनता की भावना से आपको बचना चाहिए। मन में किसी नकारात्मक विचार को लेकर परेशानी हो सकती है। सेहत को लेकर किसी भी तरह की लापरवाही न करें।



**मिथुन:** आज दिन की शुरुआत किसी अच्छी खबर से हो सकती है। विदेश यात्रा पर जाने की योजना भी बना सकते हैं। आप गृहस्थ सुख का भरपूर आनंद लेंगे। जिन लोगों का विवाह तय नहीं हो रहा था, उनके लिए दिन काफी शुभ है।



**कर्क:** आज किसी अच्छी खबर को लेकर मन में आशा रहेगी। बड़े भाई-बहनों और मित्रों से आपको अच्छा सहयोग मिल सकता है। नया घर या वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। नौकरीपेशा लोग अपनी जॉब बदलने के लिए प्रयासरत हो सकते हैं।



**सिंह:** आज आपको कई सारे कार्य एक साथ करने पड़ सकते हैं। दिखावे के लिए आप धन खर्च करेंगे। बजट का ध्यान अवश्य रखें। संतान के व्यवहार को लेकर आप थोड़े परेशान हो सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा के अनुसार परिणाम मिलने की संभावना कम है।




**कन्या:** आज आप अपनी गलतियां पहचान पाएंगे। अधिकारी वर्ग से आपको सावधान रहना चाहिए। कुछ लोग आपका अपमान करने का प्रयास कर सकते हैं। आप कई लोगों के साथ मिलेंगे। इससे आपके अनुभव में वृद्धि होगी।




**तुला:** आज नई नौकरी के ऑफर मिलने से आप प्रसन्न रहेंगे। आपको काफी सावधानीपूर्वक लोगों से बातचीत करनी चाहिए। ऐसा न हो की लोग आपकी बातों का मतलब गलत निकाल लें। धन की समस्या दूर होगी। किसी पर भी आंख मूंदकर विश्वास न करें।



**वृश्चिक:** आज यदि आप पार्टनरशिप में कोई कार्य कर रहे हैं तो आपको सावधान रहना चाहिए। अपने विचारों को दूसरों पर न थोपें। नए कपड़े और आभूषणों में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं।




**धनु:** आज दिन की शुरुआत अच्छी खबरों से होगी। कार्यक्षेत्र में सब काम आसानी से होते रहेंगे। उच्च पद पर आसीन लोग आपका सम्मान करेंगे। किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। गुप्त शत्रुओं से छुटकारा मिल सकता है।



**मकर:** आज आप घर पर कुछ बोरियत महसूस करेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण रखें। विवाह को लेकर कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। दूसरों के काम पर ज्यादा ध्यान न दें। संतान को लेकर परेशानी दूर होने से मन कुछ शांत होगा।



**कुंभ:** आज पारिवारिक जीवन काफी सुखद रहेगा। लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी बातों से आप काफी लोगों को प्रभावित करेंगे। नई संपत्ति में निवेश करने के लिए दिन बेहद शुभ है।



**मीन:** आज दांपत्य जीवन रोमांटिक रहेगा। जिन लोगों की पदोन्नति लंबे समय से रुकी हुई थी,उनके लिए दिन भाग्यशाली रहेगा। छोटे भाई-बहन को लेकर शुभ खबर मिल सकती है। आप नया काम शुरू करने के लिए काफी उत्सुक रहेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
आर या पार — सुबह : 11.14
बागी : ए रिबेल फॉर लव — शाम : 05.53

**&pictures**
थोली प्रेमा — सुबह : 09.18
खिलाड़ी 786 — रात : 07.30

**SONY PIX**
जॉन रैम्बो — दोपहर : 12.03
स्पाइडर मैन — शाम : 06.44

**ZEE CINEMA**
फ्रीकी अली — सुबह : 09.35
शादी में जरूर आना — शाम : 05.00

**colors CINEPLEX**
डेंजरस खिलाड़ी 3 — सुबह : 10.32
भेड़िया — रात : 07.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बस में एक लड़के की नजर पीछे की सीट पर बैठी लड़की पर पड़ी।
लड़का- पहचाना मुझे!
लड़की- नहीं तो
लड़का- अरे, हम दोनों एक ही क्लास में पढ़ते थे
लड़की- पढ़ती तो मैं थी, तू तो रोज मुर्गा ही बनता था।

पति के जन्मदिन पर पत्नी- क्या गिफ्ट दूं?
पति- तुम मुझे इज्जत दो, कहना मानों यही काफी है।
पत्नी- तुम्हें भी फिर यही देना चाहिए। मैं तो गिफ्ट ही दूंगी

# पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

## गृह मंत्री ने भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर साधा निशाना

शिमला, एजेंसी



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने का हवाला देकर भाजपा को डराने की कोशिश करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने ऊना जिले के अम्ब में एक रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से राज्य की छह विधानसभा सीट पर हो रहे उपचुनावों में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील भी की, ताकि इस पर्वतीय राज्य में भाजपा की सरकर बन सके। हिमाचल प्रदेश में फिलहाल कांग्रेस की सरकार है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार ही आतंकवाद से लड़ सकती है, आर्थिक विकास सुनिश्चित कर सकती है और गरीबों का ध्यान रख सकती है। गृहमंत्री ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अनुराग ठाकुर के समर्थन में रैली में कहा-कांग्रेस हमें डराने की कोशिश कर रही है कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

### चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे



**शिमला।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं। खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहडू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा-हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है?

### गुजरात में नदी में डूबने से दो लोगों की मौत

**वडोदरा।** गुजरात के वडोदरा जिले में पिकनिक मनाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर समेत दे लोगों की नर्मदा नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बड़ोदरा जिले के सिनोर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना शुक्रवार को दिवेर गांव के पास हुयी। उन्होंने बताया कि यह घटना तब हुई जब भरूच के रहने वाले पीड़ित अपने परिवार और दोस्तों के साथ दोपहर के समय पिकनिक मना रहे थे। उन्होंने बताया कि दोनों नहाने के लिए नदी में उतरे और डूबने लगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद स्थानीय बचाव दल ने कई घंटों तक तलाशी अभियान चलाया और शनिवार को शवों को बाहर निकाला गया। अधिकारी ने कहा कि मृतकों की पहचान परिमल (31) और यश के रूप में हुई है। वे पिकनिक मनाने के लिए घटनास्थल पर एकत्र हुए लगभग दो दर्जन लोगों के समूह में शामिल थे।

# इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए मुजरा कर रहा

पटना/डेहरी, एजेंसी

- बिहार में प्रधानमंत्री मोदी ने की घोषणा-गठबंधन की योजनाओं को कर दूंगा विफल



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर शनिवार को तीखा हमला किया और उस पर मुस्लिम वोट बैंक के लिए गुलामी और मुजरा करने का आरोप लगाया। पाटलिपुत्र और काराकाट संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला किया और अल्पसंख्यक संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पछड़ा वर्ग को आरक्षण से वंचित करने के लिए राजद और कांग्रेस जैसे दलों को जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा-बिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है। मैं इस प्रदेश की भूमि पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की इंडिया गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा। वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं। मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन उन लोगों के समर्थन पर भरोसा कर रहा है जो वोट जिहाद में लिप्त हैं। साथ ही उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कई मुस्लिम समूहों को ओबीसी की सूची में शामिल करने के पश्चिम बंगाल सरकार के फैसले को रद्द कर दिया गया है। मोदी भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में प्रचार कर रहे थे। उन्होंने व्यंग्यात्मक टिप्पणी करते हुए कहा-कई लोगों का भगवान राम से इतना झगड़ा है कि वे राम कृपाल के नाम पर भी नाक-भौं सिकोड़ सकते हैं।

मोदी ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव का नाम लिए बगैर कहा-एलईडी बल्ब के युग में वे लालटेन (राजद का चुनाव चिह्न) लेकर घूम रहे हैं, जिससे केवल उनका घर रोशन होता है और पूरे बिहार को अंधेरे में रखा जाता है। गौरतलब है कि लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती लगातार तीसरी बार पाटलिपुत्र से अपनी किस्मत आजमा रही हैं। उन्होंने कहा-भारत को एक ऐसे प्रधानमंत्री की जरूरत है जो विश्व मंच पर भारत की ताकत के साथ न्याय कर सके।

## एक नजर

### जम्मू-कश्मीर: सड़क हादसे में पंजाब के चार लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के चार पर्यटकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना दक्षिण कश्मीर जिले के निपोरा इलाके में हुई। उन्होंने बताया कि सभी सात पर्यटक स्पोर्ट्स यूटेलिटी वाहन (एसयूवी) में सवार थे और काजीगुंड से लौट रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि चार पर्यटकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन घायलों को इलाज के लिए अनंतनाग के जीएमसी अस्पताल ले जाया गया है।

### अमृतसर में ड्रोन द्वारा गिराई हेरोइन बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के जिला अमृतसर के सीमावर्ती गांव रतनखुर्द से 430 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि जिला अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्र में हेरोइन की खेप की मौजूदगी के बारे में बीएसएफ खुफिया इकाई द्वारा सूचना के आधार पर क्षेत्र में एक व्यापक तलाशी अभियान के दौरान दोपहर आंशिक रूप से जली हुई अवस्था में संदिग्ध हेरोइन का एक पैकेट बरामद हुआ है।

## राजस्थान सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की करेगी समीक्षा

**जयपुर।** राजस्थान के मंत्री अविनाश गहलोत का कहना है कि राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल मुस्लिम जातियों के आरक्षण की समीक्षा करेगी। राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टीकरण की राजनीति के तहत 1997 से 2013 तक मुस्लिम जातियों को ओबीसी आरक्षण दिया और अब इसकी समीक्षा की जाएगी। मंत्री ने कहा-बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान में लिखा था कि धर्म के आधार पर किसी भी जाति या वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है।

## फैक्ट्री मालिक को 29 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले की एक अदालत ने शनिवार को डोंबिवली स्थित रासायनिक कारखाने के मालिक को 29 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया, जहां हुए विस्फोट में 10 लोगों की मौत हो गई थी और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

ठाणे पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी एवं अमुदन केमिकल्स के मालिक मलय मेहता (38) को कल्याण में मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मेहता की 14 दिन की हिरासत का अनुरोध किया और अदालत को बताया कि उन्हें कारखाना स्थल का दौरा करना है और पता लगाना है कि अपराध में और लोग शामिल थे या नहीं।

अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के कारण बहुत अधिक नुकसान हुआ और पुलिस इस घटना में कई लोगों की भूमिका की जांच करना चाहती है।

## परमेश्वर ने रेवन्ना का पासपोर्ट रद करने को लेकर केंद्र पर साधा निशाना

बेंगलुरु, एजेंसी

- बोले-मुख्यमंत्री द्वारा मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ



कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और पूछा कि जनता दल (सेक्युलर) के निलंबित नेता प्रज्ज्वल हासन के पासपोर्ट को रद करने के लिए अप्रैल में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे गए पत्र का क्या हुआ।

विदेश मंत्रालय द्वारा एक दिन पहले दिए गए बयान कि हासन के फरार सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध उसे 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, के बाद परमेश्वर की यह टिप्पणी सामने आई है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान कि उनके मंत्रालय को प्रज्ज्वल का पासपोर्ट रद्द करने का अनुरोध 21 मई को ही मिला है, पर टिप्पणी करते हुए परमेश्वर ने यहां संवाददाताओं से कहा-मैंने भी मीडिया रिपोर्ट देखी है। अगर उन्होंने (एस जयशंकर) ऐसा कहा है तो इसका मतलब यह है कि प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में जानकारी नहीं दी। परमेश्वर ने पूछा-मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने अप्रैल में ही पत्र लिखा था और विदेश मंत्री का कहना है कि उन्हें यह 21 मई को मिला। प्रधानमंत्री कार्यालय में पत्र का क्या हुआ? क्या इसे उचित तरजीह नहीं मिली या क्या पीएमओ ने विदेश मंत्रालय को इस बारे में सूचित नहीं किया? उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा-हम देख सकते हैं कि केंद्र सरकार कैसे काम कर रही है। कर्नाटक के गृह मंत्री ने कहा कि एक बार राजनयिक पासपोर्ट रद हो जाने पर, प्रज्ज्वल को भारत लौटना होगा क्योंकि वह विदेश में रहने की छूट खो देगा।

पूर्व प्रधानमंत्री एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्ज्वल पर यौन शोषण का आरोप है और हासन के सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होने के एक दिन बाद 27 अप्रैल को भारत से बाहर चले गये थे। सीबीआई के माध्यम से एसआईटी के अनुरोध के बाद इंटरपोल द्वारा प्रज्ज्वल के ठिकाने के बारे में जानकारी मांगने वाला 'ब्लू कॉर्नर नोटिस' पहले ही जारी किया जा चुका है।

# आतंकवाद के प्रायोजकों का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने पाक के पूर्व मंत्री को लगाई फटकार



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को पाकिस्तान के पूर्व मंत्री चौधरी फवाद हुसैन को उनके उस बयान को लेकर फटकार लगाई जिसमें चौधरी ने लोकसभा चुनाव में नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतों के हार की अपील की है।

केजरीवाल ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और यह आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली के सात निर्वाचन क्षेत्रों समेत कुल 58 संसदीय क्षेत्रों में शनिवार को मतदान किया गया। मतदान करने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने अपने परिवार की एक तस्वीर सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की जिसमें सभी सदस्य स्याही लगी उंगलियां दिखा रहे हैं। इसके साथ ही केजरीवाल ने अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने तानाशाही, महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ वोट दिया। केजरीवाल की पोस्ट को एक्स पर साझा करते हुए मोर पावर और इंडिया इलेक्शन 2024 हैशटैग के साथ हुसैन ने कहा-शांति और सौहार्द नफरत फैलाने वाली और चरमपंथी ताकतें परास्त हों। हुसैन के पोस्ट के कुछ मिनट बाद केजरीवाल ने उन पर पलटवार करते हुए कहा कि उनका पोस्ट गैरजरूरी है। केजरीवाल ने एक्स पर कहा-चौधरी साहब, मेरे देश के लोग और मैं अपने मसलों को संभालने में पूरी तरह सक्षम हैं। आपकी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। पाकिस्तान में हालात फिलहाल बहुत खराब हैं। आप अपने देश का ख्याल रखें। एक अन्य पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव भारत का आंतरिक मामला है और देश 'आतंकवाद के सबसे बड़े प्रायोजकों' के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेगा।

केजरीवाल के पोस्ट के जवाब में हुसैन ने कहा-मुख्यमंत्री साहब! वास्तव में चुनाव आपका अपना मसला है लेकिन उम्मीद है कि आप इस बात को महसूस करेंगे कि चरमपंथ, चाहे पाकिस्तान में हो या भारत में, एक सीमारहित अवधारणा है और सभी के लिए खतरनाक है चाहे वह बांग्लादेश, पाकिस्तान या भारत हो। इसलिए हर वह व्यक्ति जिसके पास कुछ चेतना है उसे चिंतित होना चाहिए...। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में हालात आदर्श स्थिति से बहुत अलग हैं लेकिन लोगों को, जहां भी हों, बेहतर समाज के लिए प्रयास करना चाहिए। केजरीवाल पर निशाना साधते हुए भाजपा ने आरोप लगाया कि आप नेता की भ्रष्टाचार की राजनीति के समर्थन में पाकिस्तान भी कूद पड़ा है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि उनकी पार्टी कहती रही है कि केजरीवाल देश के दुश्मनों के साथ मिले हुए हैं।

### दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में आग लगने से 12 झुग्गियां जलकर खाक

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के चिल्ला खादर इलाके में आग लगने से कम से कम 12 झुग्गियां जलकर खाक हो गई। दिल्ली दमकल सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि आग लगने के बारे में सुबह 10 बजकर 46 मिनट पर सूचना मिली और दमकल की सात गाड़ियों को घटनास्थल के लिए भेजा गया। डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की गाड़ियों को आग पर पूरी तरह काबू पाने में करीब एक घंटे का वक्त लगा। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। साथ ही राहत कार्य अभी जारी है।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1000 डीएमओ 870 बोल्ड 1160, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 880।

### लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र देश की अर्थव्यवस्था मजबूत करने को तैयार: राघवन

## द. एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख बोले-तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

नई दिल्ली, एजेंसी



अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) के वरिष्ठ अधिकारी कुमार राघवन ने कहा है कि भारत में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र परिपक्व है और इसमें कई अनुकूल परिस्थितियां भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। राघवन भारत और दक्षिण एशिया में एडब्ल्यूएस के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

राघवन ने जीवंत भारतीय स्टार्टअप परिदृश्य पर चर्चा की और इसकी ताकत तथा नवाचार क्षमता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा-हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं... इसमें योगदान देंने वाले कारक श्रम वृद्धि, बुनियादी ढांचे की वृद्धि और दक्षता में सुधार हैं, जहां रचनात्मक कृत्रिम मेधा (जेनएआई) जैसी प्रौद्योगिकियां अपनी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि इनके अलावा एक बड़े डेवलपर पारिस्थितिकी तंत्र की मौजूदगी, देश में उत्पाद बनाने और दुनिया भर में सेवा देने की क्षमता और नियामक अनुकूल परिस्थितियां भी हैं। राघवन ने भारतीय स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र की परिपक्वता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इसमें ऐसे अनुभवी संस्थापकों के महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखा गया, जिन्होंने कई उद्यम शुरू किए हैं।

### अलग वातावरण होने से भारत के लिए विकास का रास्ता चीन जैसा नहीं होगा: आदिल जैनुलभाई

**नई दिल्ली।** भारत के विकास मिशन पर आगे बढ़ने के साथ यह साफ है कि उसका रास्ता चीन जैसा नहीं होगा, क्योंकि वहां अलग वातावरण और क्षमताएं हैं। क्षमता निर्माण आयोग के चेयरमैन आदिल जैनुलभाई ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को एक विकसित देश बनाने का सपना सामने रखा है, और इस बारे में कई दृष्टिकोण हैं और हम मानते हैं कि यह अलग तरह से होगा। उन्होंने कहा-भारत के लिए विकास का रास्ता चीन के विकास पथ के समान नहीं होगा। अगले 25 वर्षों के लिए भारत की वृद्धि का मॉडल चीन जैसा नहीं होगा। यह एक अलग वातावरण है और भारत की क्षमताएं अलग हैं। जैनुलभाई ने कहा कि विश्व बैंक के अनुसार चीन की मजबूत वृद्धि निवेश और निर्यात उन्मुख विनिर्माण पर आधारित रही है।

### रिलायंस ने वायाकॉम-18 स्टार इंडिया विलय के लिए सीसीआई से मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वायाकॉम-18 और स्टार इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसआईपीएल) के विलय के लिए भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। सीसीआई ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित लेनदेन का मकसद वायाकॉम18 और एसआईपीएल के मनोरंजन व्यवसायों (कुछ अन्य चिन्हित व्यवसायों के साथ) को जोड़ना है। वायाकॉम-18, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) समूह का हिस्सा है, जबकि द वॉल्ट डिज्नी कंपनी (टीडब्ल्यूडीसी) के पास एसआईपीएल का स्वामित्व है। नियामक ने कहा कि लेनदेन के बाद एसआईपीएल एक संयुक्त उद्यम बन जाएगी, जिसे आरआईएल, वायाकॉम-18 और टीडब्ल्यूडीसी की सहायक कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया जाएगा।

## आयकर विभाग ने लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को किया अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

- पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की हो सकेगी गणना
- वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सीआईआई 363 है




आयकर विभाग ने अचल संपत्ति, प्रतिभूतियों और आभूषण की बिक्री से होने वाले दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ की गणना के लिए वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लागत मुद्रास्फीति सूचकांक को अधिसूचित किया है।

लागत मुद्रास्फीति सूचकांक (सीआईआई) का उपयोग करदाताओं द्वारा मुद्रास्फीति को समायोजित करने के बाद पूंजीगत संपत्तियों की बिक्री से होने वाले लाभ की गणना करने के लिए किया जाता है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की एक अधिसूचना के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए सीआईआई 363 है। पिछले वित्त वर्ष के लिए सीआईआई 348 था और 2022-23 के लिए यह 331 था।

मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि सीआईआई अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति को दर्शाता है, जिससे समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि करदाता आमतौर पर उच्च सीआईआई को पसंद करते हैं, क्योंकि इससे उन्हें बड़ी कर छूट का दावा करने में मदद मिलती है।

### सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000-55,200 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,500 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,700 |
| चांदी आभूषण | 88,800। |

## बिजी बी एयरवेज ने गो फर्स्ट के लिए बोली प्रक्रिया से नाम लिया वापस

नई दिल्ली, एजेंसी

एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली में शामिल होने के तीन से ज्यादा महीने के बाद यात्रा पोर्टल ईजमाईट्रिप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) निशांत पिट्टी ने शनिवार को कहा कि वे एयरलाइन की बोली प्रक्रिया से अपना नाम वापस ले रहे हैं।

पिट्टी की अधिकांश हिस्सेदारी वाली बिजी बी एयरवेज ने फरवरी में स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह के साथ मिलकर गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई थी। गो फर्स्ट दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। पिट्टी ने कहा कि विचार करने के बाद उन्होंने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली वापस लेने का फैसला किया। उन्होंने बयान में कहा-यह निर्णय मुझे अन्य रणनीतिक प्राथमिकताओं और पहलों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा, जो हमारी दीर्घकालिक दृष्टि और वृद्धि उद्देश्यों के साथ जुड़ी हुई हैं। इससे पहले हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गो फर्स्ट को पट्टे पर दिए गए 54 विमानों को वापस लेने की अनुमति दी थी। पिट्टी ने 26 अप्रैल को कहा था कि वह पेशकश में किसी भी आवश्यक बदलाव पर विचार करेंगे।

### आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष पीके सिन्हा नियुक्त

**मुंबई।** आरबीआई ने 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए आईसीआईसीआई बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री पीके सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आईसीआईसीआई बैंक ने शेयर बाजार को सूचित किया है कि आरबीआई ने 24 मई, 2024 के अपने पत्र के जरिए 1 जुलाई, 2024 से तीन साल की अवधि के लिए बैंक के अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में प्रदीप कुमार सिन्हा की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पीके सिन्हा, जी सी चतुर्वेदी का स्थान लेंगे, जो 30 जून, 2024 को सेवानिवृत्त होंगे।

## यूरोपीय संघ ने भारत से डब्ल्यूटीओ में चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय पर देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया मुद्दा



ब्राजील, कनाडा और यूरोपीय संघ सहित डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों के एक समूह ने भारत से आग्रह किया है कि वह चीनी सब्सिडी की अधिसूचना समय से दे। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

यह मुद्दा 23-24 मई को जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की कृषि समिति की बैठक के दौरान चर्चा में आया। ये देश भी भारत की तरह प्रमुख चीनी निर्यातक हैं और उनका आरोप है कि भारत के समर्थन उपाय वैश्विक चीनी व्यापार को विकृत करते हैं। जिनेवा स्थित अधिकारी ने कहा कि ब्राजील, कनाडा, कोस्टा रिका, पैराग्वे, न्यूजीलैंड, यूरोपीय संघ और ग्वाटेमाला ने भारत से सब्सिडी की अधिसूचना समय से देने का आग्रह किया है। भारत ने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने न तो किसानों को गन्ने का भुगतान किया और न ही उनसे गन्ना खरीदा। सभी खरीद निजी चीनी मिलों ने की थी। इसलिए, यह जानकारी घरेलू समर्थन की अधिसूचना में शामिल नहीं की गई थी। यह चर्चा इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2022 में भारत ने डब्ल्यूटीओ के व्यापार विवाद निपटान पैनल के एक फैसले के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले में कहा गया था कि चीनी और गन्ने के लिए देश के घरेलू समर्थन उपाय वैश्विक व्यापार मानदंडों के साथ असंगत हैं।

## मनमोहक



बीजिंग में भारतीय दूतावास के एम्फीथिएटर में भारतीय और बांग्लादेश दूतावासों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर और प्रसिद्ध बांग्लादेशी कवि नजरूल इस्लाम की धुनों पर कलाकारों ने नृत्य किया। •एजेंसी

## लंदन में ईरान सरकार समर्थकों व विरोधियों के बीच झड़प

**लंदन।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत के खिलाफ ब्रिटेन की राजधानी लंदन में आयोजित एक कार्यक्रम में ईरान सरकार के समर्थकों और सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच हुई झड़प में चार व्यक्ति घायल हो गए, जबकि एक को गिरफ्तार कर लिया गया।

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने कहा कि अधिकारियों को शुक्रवार शाम को पश्चिमी लंदन के वेम्बली क्षेत्र में एक कार्यक्रम स्थल पर अव्यवस्था की सूचना पर बुलाया गया था। एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में रईसी की मौत को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था। पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारी कार्यक्रम स्थल के बाहर एकत्र हुए थे और झड़पें हुईं। पुलिस बल ने कहा कि हिंसक अव्यवस्था के संदेह में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

# ग्लूकोमा है खतरनाक : सूख जाती हैं आंखों की नसें, जा सकती है रोशनी



ये आंखें ही हैं, जो दुनिया से हमें रूबरू कराती हैं। आंखें हमें दुनिया को देखने और परखने में हमारी मदद करती हैं। कई बार किन्ही वजह से हमारी आंखों की रोशनी दिन-ब-दिन कम होने लगती है। जिससे देखने में परेशानी होने लगती है। उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होना तो एक आम वजह है। लेकिन कुछ ऐसी भी बीमारियां हैं, जिनकी वजह से हमारी आंखों पर बुरा असर होता है। ग्लूकोमा, इन्ही में से एक है। ग्लूकोमा के बारे में आज भी लोग जागरूक नहीं है। ग्लूकोमा रिसर्च फाउंडेशन के मुताबिक भारत में 1 करोड़ से ज्यादा लोग और दुनियाभर में 8 करोड़ से ज्यादा लोग ग्लूकोमा के शिकार हैं। ग्लूकोमा आंखों की रोशनी जाने का सबसे बड़ा कारण है। आज हम बताएंगे ग्लूकोमा क्या होता है और क्यों होता है, इसके क्या लक्षण होते हैं, कैसे पहचाना जाए, किस उम्र के लोगों को इस बीमारी का ज्यादा खतरा रहता है, ग्लूकोमा से आंखों को बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

### इसलिए होता है ग्लूकोमा

आंखों पर प्रेशर बढ़ने से ग्लूकोमा होता है। इसे इंट्राऑकुलर प्रेशर भी कहा जाता है। स्वस्थ आंखें फ्लूड से भरी होती हैं। ये लिक्विड आंखों को प्रेशर से बचाने में मदद करता है। इसलिए लिक्विड हमेशा बनता रहता है और फिर बाहर निकलता रहता है। ये नेचुरल साइकिल ऐसे ही चलती रहती है। जहां इस साइकिल का बैलेंस बिगड़ता है, वैसे ही आंखों पर प्रेशर पड़ने लगता है।

### इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

आंख में किसी तरह की दिक्कत होने पर उसे नजरअंदाज बिल्कुल न करें। रेगुलर जांच जरूर कराएं। डॉक्टर से रेगुलर चेकअप, आंखों में अंदरूनी दबाव की माप करना और दृष्टि क्षेत्र का टेस्ट करवाने से ग्लूकोमा के प्रारंभिक चरणों को पहचानने में मदद कर सकते हैं।

### ग्लूकोमा क्या होता है

ग्लूकोमा को काला मोतिया या आंखों का चोर भी कहा जाता है। ये आंखों की ऐसी बीमारी है जो धीरे-धीरे आंरोशनी छीन लेती है। इसमें हमारी ऑप्टिक नर्व क्षतिग्रस्त हो जाती है। ऑप्टिक नर्व्स ही हमारे रेटिना को दिमाग से जोड़ती हैं। इनके डैमेज हो जाने से दिमाग को संकेत मिलना बंद हो जाते हैं। जिससे दिखना बंद हो जाता है। इस बीमारी के गंभीर हो जाने पर दृष्टि को वापस लाना असंभव हो जाता है।

### आंखों में ग्लूकोमा होने के लिए क्या कारण जिम्मेदार हैं?

ग्लूकोमा होने के पीछे कई वजह जिम्मेदार हैं- बढ़ती उम्र। काले मोतियाबिंद के ज्यादातर मरीज बूढ़े ही होते हैं। 60 साल से ज्यादा के लोगों में यह बीमारी काफी आम है। ग्लूकोमा होने पर बुजुर्गों की आंखों की रोशनी भी जा सकती है। कुछ लोगों में ये बीमारी आनुवंशिक भी हो सकती है। यानी, अगर आपके परिवार में किसी को ग्लूकोमा हुआ है, तो आपको भी इसके होने की आशंका बढ़ जाती है। डायबिटीज भी इसका कारण बन सकती है। इसलिए हमेशा ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रखना चाहिए।

## एक नजर

### सलाहकारों के साथ समय बिता रहे ऋषि सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन में 4 जुलाई को आम चुनाव की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपना पहला शनिवार करीबी सलाहकारों के साथ बिताया। कंजर्वेटिव पार्टी में उत्पन्न संकट के बीच भारतीय मूल के नेता सुनक (44) अपने प्रचार अभियान में जुट गए हैं। कैबिनेट मंत्री माइकल गोव और एंड्रिया लीडसम पार्टी के उन नेताओं की सूची में शामिल हो गए हैं जिन्होंने इस चुनावी मुकाबले में नहीं उतरने के अपने निर्णय की घोषणा कर दी है। इससे चुनावी मुकाबले से हटने की घोषणा करने वाले पार्टी के सदस्यों की संख्या बढ़कर 78 हो गई है।

### रूस में स्कूल की छत गिरने से 12 बच्चे घायल

**मॉस्को।** रूस के क्रास्नोडार शहर में शनिवार को तेज तूफान के कारण स्कूल की छत गिरने से लगभग 12 बच्चे घायल हो गये। क्रास्नोडार मेजर एवगेनी नॉमोव ने कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह 08:18 बजे क्रास्नोडार के उलित्सा रायलेयेवा में स्थित एक स्कूल में प्रार्थना शुरू होने से पहले ही यहां स्कूल की छत का एक हिस्सा तेज तूफान के कारण टूटकर गिर गया। 12 बच्चे घायल हो गये।

### श्रीलंकाई जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी स्वदेश लौटेंगे

**इस्लमाबाद।** श्रीलंका की सरकार जेलों में बंद 43 पाकिस्तानी कैदियों को रिहा करेगी ताकि वह स्वदेश लौट सकें। एक-दूसरे की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी को लेकर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का यह परिणाम है। मीडिया में आयी खबरों में शनिवार को जानकारी दी गई। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने शुक्रवार को श्रीलंका के उच्चायुक्त एडमिरल (सेवानिवृत्त) रवींद्र चंद्र श्रीविजय गुणरत्ने के साथ एक बैठक में दोनों देशों की जेलों में बंद कैदियों की स्वदेश वापसी पर सहमति जताई।

### पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन में 300 लोग दबे

पोर्ट मोरेस्बी। उत्तरी पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के एक दूरदराज के इलाके में शुक्रवार को हुए भारी भूस्खलन के कारण 300 से अधिक लोग दब गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एंगा प्रांत में लगाइप खुले निर्वाचन क्षेत्र के सांसद ऐमोस अकेम ने पीएनजी पोस्ट-कूरियर को बताया कि भूस्खलन में माईप मुरीताका ग्रामीण एलएलजी में 300 से अधिक लोग और 1,182 घर दब गए।

### खार्किव के इलाकों पर नियंत्रण वापस लिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेनी बलों ने पूर्वोत्तर खार्किव क्षेत्र के उन इलाकों में नियंत्रण हासिल कर लिया है जहां रूसी सैनिकों ने इस महीने की शुरुआत में प्रवेश किया था। जेलेंस्की ने शुक्रवार शाम को अपने संबोधन में कहा हमारे सैनिक अब उस सीमा क्षेत्र में नियंत्रण लेने में सफल हो गए हैं जहां रूसी सैनिक घुस आए थे। जेलेंस्की का बयान रूसी अधिकारियों द्वारा की गई टिप्पणियों से भिन्न नजर आता है।

### इतावली किशोर को मरणोपरांत दी जाएगी संत की उपाधि

**वेटिकन सिटी।** इटली के एक किशोर एवं कंप्यूटर विशेषज्ञ कार्लो एक्यूटिस को मरणोपरांत संत की उपाधि दी जाएगी। वेटिकन के अनुसार कैथोलिक चर्च के पहले सहस्राब्दी संत बनने के लिए तैयार हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पोप फ्रांसिस ने गेमर एवं कंप्यूटर प्रोग्रामर कार्लो एक्यूटिस को दूसरा चमत्कार माना है, जिनकी 2006 में 15 साल की उम्र में ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। एक्यूटिस ने अपने जीवन के दौरान कैथोलिक आस्था के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए तकनीकी कौशल का उपयोग किया, जिसमें चमत्कारों का दस्तावेजीकरण करने वाली एक वेबसाइट स्थापित करना भी शामिल था।

# कई राज्यों में लू का रेड अलर्ट

## तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है, उप्र के 27 जिलों में रात में भी चलेगी हीटवेव

नई दिल्ली, एजेंसी

उत्तर भारत में गर्मी के कारण पारा बढ़ता ही जा रहा है। 25 मई से नौतपा शुरू हो गया है जो दो 2 जून तक रहेगा। इस दौरान देश के कुछ हिस्सों में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, पंजाब और हरियाणा, उत्तर प्रदेश के लिए लू (हीटवेव) का रेड अलर्ट जारी किया है।

उत्तर भारत में शनिवार को औसत अधिकतम तापमान 49 और न्यूनतम 31 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी पड़ रही है। शनिवार को आगरा, मथुरा समेत 11 जिलों में लू चली। दोपहर 2 बजे बांदा प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 45.1 रिकॉर्ड किया गया।

उधर, कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह 11 साल में सबसे ज्यादा रहा। जम्मू-कश्मीर समेत उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। राजस्थान में सफाई कर्मचारियों से सुबह 5 से 10 बजे तक ही काम करने को कहा गया है। मध्य प्रदेश, पंजाब और दिल्ली में डॉक्टरों ने मरीजों और बुजुर्गों से दिन में यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। हिमाचल के कांगड़ा जिले के सभी स्कूलों में 25 मई को छुट्टी कर दी गई है। एमपी ट्रैफिक पुलिस ने इंदौर के चौराहों पर रेड लाइट का ड्यूरेशन कम कर दिया, ताकि लोगों को धूप में कम रुकना पड़े।

आगरा, भोपाल, जोधपुर, लखनऊ समेत कई शहरों में चौराहे पर टेंट लगाए गए हैं, ताकि सिग्नल के इंतजार में उन्हें राहत मिल सके। मुंबई नगरपालिका ने शनिवार को कहा 30 मई से पानी की सप्लाई में 5% और 5 जून से 10% कटौती की जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि शहर को पानी सप्लाई करने वाले जलाशयों में सिर्फ 10 फीसदी पानी का स्टॉक मौजूद है। मुंबई को पानी सप्लाई करने वाले बांधों में 1 लाख 40 हजार मिलियन लीटर पानी बचा है। यह मुंबई की पानी की सालाना जरूरत 14 लाख 47 हजार मिलियन लीटर पानी का सिर्फ 10% है।

वहीं एमपी के रतलाम, शाजापुर, खंडवा और खरगोन में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया। खंडवा और खरगोन में टेम्प्रेचर सबसे ज्यादा 45.5 डिग्री दर्ज किया गया।



गर्मी से बचने के लिए मुंह ढंककर जातीं महिलाएं।

• कश्मीर घाटी में भी तापमान शनिवार को 32.2 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

## अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगा नासा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के शीर्ष राजनयिक एरिक गार्सेटी ने कहा कि अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को जल्द ही आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी। भारत में अमेरिका के राजदूत गार्सेटी ने अमेरिका-भारत वाणिज्यिक अंतरिक्ष सम्मेलन : अमेरिका और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप के लिए अवसरों की शुरुआत कार्यक्रम में ये टिप्पणियां की।

इस कार्यक्रम का आयोजन बेंगलुरु में यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल (यूएसआईबीसी) और यूएस कमर्शियल सर्विस (यूएससीएस) ने किया है। यूएसआईबीसी ने यहां जारी एक बयान में गार्सेटी के हवाले से कहा कि नासा अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र के लिए संयुक्त प्रयास बढ़ाने के उद्देश्य से जल्द ही भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को आधुनिक प्रशिक्षण मुहैया कराएगी।

उम्मीद है कि यह इस साल या उसके बाद शुरू होगी। जल्द ही हम पारिस्थितिकी तंत्र, पृथ्वी की सतह, प्राकृतिक खतरों, समुद्र के बढ़ते स्तर और क्रायोस्फेयर समेत सभी संसाधनों पर नजर रखने के लिए इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से निसार उपग्रह प्रक्षेपित करेंगे।

## पुणे कार हादसा

# हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए ड्राइवर को दी थी धमकी

पुणे, एजेंसी

• पुलिस का दावा नाबालिग के पिता और दादा ने पैसे और उपहारों का दिया था लालच



पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के दादा को उनके परिवार के वाहन चालक को गलत तरीके से बंधक बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पिता और दादा ने परिवार के ड्राइवर को हादसे की जिम्मेदारी लेने के लिए पहले पैसे और उपहारों का लालच दिया और फिर धमकी दी थी।

एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में किशोर के पिता विशाल अग्रवाल पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे एक दिन पहले, पुणे पुलिस प्रमुख अमितेश कुमार ने कहा था कि यह साबित करने का प्रयास किया गया है कि कार किशोर नहीं चला रहा था। किशोर के परिवार के वाहन चालक की शिकायत पर येरवडा पुलिस ने किशोर के दादा और पिता पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत एक अलग मामला दर्ज किया। अपराध शाखा के अधिकारी ने कहा दुर्घटना के बाद किशोर के दादा और पिता ने वाहन चालक का फोन कथित तौर पर ले लिया, उसे 19 मई से 20 मई तक उनके बंगले के परिसर में बंधक बनाकर रखा। वाहन चालक की पत्नी से उसे मुक्त कराया।

### किशोर के दादा को 28 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे की एक अदालत ने किशोर के दादा को शनिवार को 28 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने अदालत में दादा की सात दिन की हिरासत मांगी थी।

### पब में वेबकास्टिंग की तैयारी

**पुणे।** महाराष्ट्र में पुणे जिला प्रशासन नियमों का बेहतर अनुपालन सुनिश्चित करने के मद्देनजर शहर में पब और बार के प्रवेश व निकास द्वार की वेबकास्टिंग की तैयारी कर रहा है। जिलाधिकारी सुहास दिवासे ने कहा कि किसी भी नाबालिग को बार या पब में प्रवेश नहीं देना।

## रजनीकांत को यूएई ने दिया गोल्डन वीजा

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग ने गोल्डन वीजा दिया है। रजनीकांत हाल ही में अबू धाबी गए थे, जहां उन्हें गोल्डन बीजा मिला। रजनीकांत ने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर फैंस को दी है।



इसके साथ ही रजनीकांत ने अबू धाबी सरकार और लुलु ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर एमए यूसुफ अली को इसके लिए शुक्रिया भी कहा है। सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर रजनीकांत के कई फोटोज और वीडियो देखने को मिल रहे हैं।

# विमान में यात्रियों ने 62 सेकेंड तक झेली थी एयर टर्बुलेंस

सिंगापुर, एजेंसी

• म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था टर्बुलेंस

सिंगापुर एयरलाइंस का विमान 21 मई को 62 सेकेंड तक एयर टर्बुलेंस में फंसा रहा था। विमान सिंगापुर से लंदन जा रहा था। इसी बीच जब विमान म्यांमार के इर्रावड्डी डेल्टा क्षेत्र के ऊपर था, इस दौरान वह टर्बुलेंस में फंस गया।

फ्लाइट रडार 24 के अनुसार, बोइंग 777-300ईआर 62 सेकेंड में दो बार ऊपर नीचे हुआ। सिंगापुर के समय के अनुसार, दोपहर 3.49 बजे विमान टर्बुलेंस में फंसा। विमान 37 हजार फीट पर उड़ रहा था और टर्बुलेंस में फंसते ही पहले 37400 फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद तेजी से नीचे गिरा और 36,975 फीट की ऊंचाई पर पहुंच गया। पहले विमान 1664 फीट प्रति मिनट की दर या 507 मीटर प्रति मिनट की दर से ऊपर की तरफ गया। इसके छह सेकेंड बाद ही विमान 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे की तरफ आया। इसके तीन सेकेंड बाद ही विमान 900 फीट प्रति मिनट की दर से फिर से ऊपर की तरफ गया और फिर 1536 फीट प्रति मिनट की दर से नीचे आया था। इस दौरान अफरा-तफरी मच गई।

## आईसीजे के आदेश को लेकर ऑस्ट्रेलिया ने इजरायल को चेताया

**कैनबरा।** रफह में इजराइल के सैन्य अभियान को रोकने को लेकर अब आस्ट्रेलिया ने भी इजराइल को चेताय है। ऑस्ट्रेलिया सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने आईसीजे के आदेश का पालन करने का आग्रह किया है।

आईसीजे ने इजरायल को राफा पर अपने सैन्य हमले को तुरंत रोकने और मिस्र और गाजा के बीच राफा क्रॉसिंग को खोलने का आदेश दिया ताकि सहायता पहुंचाई जा सके। ऑस्ट्रेलिया के ऊर्जा मंत्री एवं प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ के मंत्रिमंडल के सदस्य क्रिस बोवेन ने कहा कि संघीय सरकार इस फैसले का समर्थन करती है।

# चीन की ताइवान को जंग की धमकी

बीजिंग, एजेंसी

• कहा- जब तक ताइवान हमारा हिस्सा नहीं बनता, सैन्य कार्रवाई करते रहेंगे

ताइवान में नए राष्ट्रपति के शपथ लेने के 4 दिन बाद चीन ने ताइवान को जंग की धमकी दी है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता वू कियान ने कहा है कि जब तक ताइवान चीन का हिस्सा नहीं बन जाता, इलाके में मिलिट्री एक्शन जारी रहेगा। दरअसल, चीन ने शुक्रवार को ही ताइवान के घेरकर चल रही अपनी 2 दिवसीय मिलिट्री ड्रिल पूरी की। इस युद्धाभ्यास में चीन की तीनों सेनाएं (थलसेना, वायुसेना, नौसेना) शामिल हुई थी। इस युद्धाभ्यास को ताइवान के लिए सजा के तौर पर शुरू किया गया था।



ताइवान में इसी साल राष्ट्रपति पद के चुनाव हुए। इसमें चीन विरोधी नेता विलियम लाई चिंग ते को जीत हासिल हुई। चुनाव से पहले चीन ने ताइवान को चेतावनी दी थी कि अगर वहां की जनता ने सही विकल्प नहीं चुना तो उन्हें इसकी सजा दी जाएगी।

### दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की

चीन की मिलिट्री ड्रिल को जॉइंट स्वॉर्ड-2024A नाम दिया गया था। इसके तहत चीन के करीब 111 एयरक्राफ्ट और नौसेना के दर्जनों जहाजों ने ताइवान पर कब्जे की प्रैक्टिस की थी। इस दौरान उन्होंने ताइवान के उन हिस्सों पर हमले की भी तैयारी की थी, जहां से ताइवान चीन को रोकने की कोशिश कर सकता है। इससे पहले चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने भी कहा था कि ताइवान में जो लोग आजादी चाहते हैं, उनके सिर कट जाएंगे।

# 16 की मौत के जिम्मेदार भारतीय चालक को निर्वासन का आदेश

ओटावा, एजेंसी

• लापरवाही के कारण वर्ष 2018 में हुई थी भीषण दुर्घटना

कनाडा में 2018 की एक भीषण दुर्घटना में शामिल चालक को भारत निर्वासित किया जाएगा। इस दुर्घटना में जूनियर हॉकी टीम के 16 सदस्यों की मौत हो गयी थी। वर्ष 2014 में भारत से कनाडा पहुंचे जसकीरत सिंह सिद्धू अल्बर्टा प्रांत के कैलगरी शहर में रहते थे। सस्केचेवान प्रांत में टिस्डेल के पास एक ग्रामीण चौराहे पर सिद्धू रुकने के एक संकेतक को पार करके हम्बोल्ट ब्रोंकोस जूनियर हॉकी टीम की बस के रास्ते में आ गया। छह अप्रैल, 2018 को हुए हादसे में बस में सवार 16 लोगों की मौत हो गई और 13 घायल हो गए।

सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धू को निर्वासित करने का फैसला शुक्रवार को कैलगरी में आव्रजन और शरणार्थी बोर्ड की सुनवाई के दौरान आया। उसने खतरनाक तरीके से ट्रक चलाने से संबंधित 16 बिंदुओं पर 2019 में अपनी गलती कबूल कर ली थी। इस हादसे में 16 लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। उसे पिछले साल पूर्ण पैरोल दी गई थी। बोर्ड के आव्रजन विभाग की ओर से ट्रेंट कुक ने 15 मिनट की सुनवाई के दौरान सिद्धू से कहा कि वह मानवीय और करुणा संबंधी पक्षों पर विचार नहीं कर सकते। सिद्धू के वकील माइकल ग्रीन ने कहा था कि यह फैसला पहले से तय था। ग्रीन ने कहा कि सिद्धू को निर्वासित करने के लिए केवल इस बात का सबूत चाहिए था कि वह कनाडाई नागरिक नहीं है और उसने एक गंभीर अपराध किया है। वकील ने कहा कि अभी और भी कानूनी और प्रक्रियात्मक कदम उठाने होंगे और सिद्धू को महीनों या सालों तक निर्वासित नहीं किया जा सकता है। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रीन ने कहा कि वह जल्द ही एक याचिका दायर करने की योजना बना रहे हैं, जिसमें सरकार से मानवीय आधार पर सिद्धू का स्थायी निवासी दर्जा वापस करने के लिए कहा जाएगा।

## खगोल विज्ञान


### आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं

# इन खूबसूरत नजारों के पीछे छिपे हैं बड़े खतरे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** भले ही सौर तूफान हमें मनमोहक सतरंगी नजारे दिखते हो, लेकिन इसके पीछे छिपे भयानक खतरों को कतई नजर अंदाज नही किया जा सकता है। आने वाले दिनों में सौर तूफानी खतरों के आसार बने हुए हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डा वहाब उद्दीन के अनुसार इन दिनों सूर्य बेहद सक्रिय है और आये दिन भीषण विस्फोट इसकी सतह पर हो रहे हैं। जिस कारण भू चुम्बकीय तूफान निरंतर पृथ्वी के ध्रूवों से टकरा रहे हैं और इनसे रंग बिरंगे औरोरा का नजारा देखने को मिल रहा है। जिन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी स्वीडन, नॉर्वे, अलास्का समेत अन्य ध्रुवीय क्षेत्रों में दुनिया भर से पहुच रहे हैं। मगर इनके पीछे छिपे खतरे बड़ा नुकसान पहुचा सकते हैं। जिनसे किसी भी बड़े हिस्से में बिजली ग्रिड नष्ट हो सकते हैं और हमारे उपग्रहों को नष्ट कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को यह विकिरण का खतरा पहुचा सकते हैं। हवाई सेवा में व्यवधान पहुचा सकते हैं। इतिहास में सौर तूफान का सबसे बड़ा नुकसान 1859 में दर्ज किया गया था। जिसे कैरिंगटन इवेंट के नाम से जाना जाता है। जिससे कनाडा के शहरों के विद्युत ग्रिड फेल हो गए थे और एक विशाल क्षेत्र कई दिन अंधकार में डूबा रहा। इसी तरह 2003 में स्वीडन में भारी क्षति पहुची थी। इसे हैलोवीन स्टॉर्म के नाम से जाना जाता है। इसने स्वीडन में ब्लैकआउट कर दिया और दक्षिण अफ्रीका में बिजली के बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया था। इधर लगातार उठ रहे सौर तूफानों को लेकर यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष सुरक्षा जागरूक कार्यक्रम बनाया है, जबकि यूएस स्पेस वेदर प्रेडिक्शन सेंटर के माइक बेटवी का कहना है कि हम सौर तूफानों के अधिक भयावह संभावित प्रभावों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। ताकि भविष्य मे बिजली ग्रिड और उपग्रहों को नष्ट होने से रोकना और अंतरिक्ष यात्रियों को विकिरण से बचाना है। साथ ही लोगों को भूचुम्बकीय तूफानों के प्रति जागरूक करना है।



### फिर लौट आया है भयानक सन स्पॉट

डा वहाब ने बताया कि भयानक सन स्पॉट एनओएए 3663 फिर से लौट आया है। यह पृथ्वी से कई गुना बड़ा है और आने वाले दिनों में बड़े विस्फोट कर सकता है। सौर वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं। इसके साथ कई अन्य जटिल सनस्पॉट समूह भी हैं, उनमें से एक दक्षिण-पश्चिमी छोर पर है जो एम श्रेणी की चमक दे रहा है। मई की शुरुआत में इस सन स्पॉट से कई एक्स-क्लास की सौर ज्वालाएँ निकली थी।

## 30 साल में पहली बार पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में भारतीय फिल्म

**कान।** पायल कपाड़िया की फिल्म ऑल वी इमेजिन एज लाइट ने 77वें कॉन्स फिल्म महोत्सव में पाम डिओर पुरस्कार की दौड़ में शामिल होकर इतिहास रच दिया है। महोत्सव में दिए जाने वाले इस शीर्ष पुरस्कार को पाने की दौड़ में आज तक किसी भारतीय महिला निर्देशक की फिल्म शामिल नहीं हुई थी और न ही देश के किसी फिल्मकार को यह पुरस्कार मिला।

महोत्सव में समीक्षकों की प्रशंसा पाने वाली इस फिल्म में अपनी मंजिल तलाश रहीं तीन महिलाओं की कहानी बयां की गई है। चार प्रमुख अभिनेता-अभिनेत्रियों कानी कुश्रुति, दिव्या प्रभा, हृदयु हारून और छाया कदम समेत फिल्म निर्माण दल के सदस्यों के साथ कपाड़िया ने महोत्सव के संवाददाता सम्मेलन भवन में समीक्षकों को संबोधित किया। अमेरिकी पत्रिका वेराइटी की फिल्म समीक्षक जेसिका कियांग ने कहा कि अपने करियर में सिर्फ दो फिल्मों में ही कपाड़िया ने काफी प्रभावित किया है।